सुप्रभात
रांची, मंगलावार
07.01.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

पौष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 177

06 तहिं प्रकाश हमरा भयो पटना शहर विखे भव लयो



## न्यूज डायरी

### बढ़ी राशि मिलने से महिलाओं में खुशी



**रांची।** झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खातों में बढ़ी हुई 2500 रुपये भेज दिए ये हैं। इस राशि के बढ़ने से लाभान्वित महिलाओं में खुशी की लहर है। झामुमो महिला मोर्चा ने इसे लेकर सोमवार को राज्य के कई जिलों में जुलूस निकाला। महिलाओं ने खुशी से झूमते हुए मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर खुशी का इजहार किया। महिलाओं ने सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमारे सीएम हेमंत सोरेन जो कहते हैं, वह करते हैं। आज सभी महिलाओं और बेटियों को बड़ी खुशी मिली है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस योजना से महिलाएं स्वावलंबी बनेंगी और उनके जीवन में सुधार आएगा।

### दो नक्सली गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के दो सक्रिय नक्सलियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी रायफल और 11 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये है। गिरफ्तार उग्रवादियों में विकास गोप और निमेश गोप शामिल हैं। दोनों कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे गांव के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से हुई है। यह जानकारी तोरपा कें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

### ओड़िशा में 11 दिनों में 10 किसानों की खुदकुशी

**संबलपुर/भुवनेश्वर।** ओडिशा में बेमौसम बारिश से हुई क्षति के बाद किसानों की कथित आत्महत्या ने एक बार फिर राज्य को हिलाकर रख दिया है। राज्य में 11 दिनों में 10 किसानों की मौत हुई है। संबलपुर जिले में बैरागीपाली गांव के 58 वर्षीय किसान रत्नाकर भोई ने कथित तौर पर कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली थी। यह किसनों की मौत का 10वां मामला है। बताया गया है कि बेमौसम बारिश के कारण फसलों के नुकसान से किसान दबाव में आ गये हैं।

### भारी दवाब में कानाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने पद छोड़ा

**ओटावा।** कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद उनके 10 साल पुरानी सत्ता का अंत हो गया। श्री ट्रूडो ने भारतीय समयानुसार रात करीब 10 बजे इस्तीफे का एलान किया।
जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे से पहले एक अधिकारी ने बताया कि सरकार के प्रति बढ़ते असंतोष के कारण उन्होंने पद छोड़ने का फैसला लिया। श्री ट्रूडो के अलावा वित्त मंत्री भी इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में कनाडा की राजनीति में अस्थिरता बढ़ने के संकेत हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 72900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 92000 रु./प्रति किलो |




## कर्ज की जंजीरें तोड़, वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन

# मंईयां सम्मान: महिलाओं को सशक्त बनाना उद्देश्य



**आज** से पांच महीने पहले शुरू हुई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आर्थिक पुनरुद्धार एवं राज्य के सर्वांगीण विकास यात्रा में मिल का पत्थर साबित हो रही है। आज का यह दिन इसलिए अभूतपूर्व है क्यूंकि आज से राज्य की सभी बहनों (18-50 वर्ष) के खातों में मेरे वादे के अनुसार 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुँचनी शुरू हो जाएगी। यह उनकी आर्थिक स्वतंत्रता का प्रथम कदम अवश्य है। आज मैं आपसे मंईयां सम्मान योजना सृजन के पीछे के उद्देश्य को साझा करना चाहता हूं कि आखिर क्यों झारखंड के समग्र विकास के लिए मंईयां सम्मान जैसी योजना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। पर इस क्रांतिकारी योजना के महत्व को समझने के लिए झारखंड के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि को समझा जाना नितांत आवश्यक है। दशकों से, हमारे राज्य ने ग्रामीण परिवारों पर शोषक साहूकारों के विनाशकारी प्रभाव को देखा है, जिसमें महिलाएं कर्ज से उत्पन

**मंईयां सम्मान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं है यह झारखंड के भविष्य के लिए हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण का एक आईना है**

गरीबी का असहनीय बोझ उठाती रही हैं। मैंने खुद महसूस किया है कि हमारे राज्य की करीब - करीब हर महिला अपने बच्चों की पढ़ाई या दवाई के लिए महाजनों से कर्ज लेती थीं और बाद में ब्याज के दलदल में फंस कर मजदूरी या हड़िया दारू बेचने में ही अपने जीवन का स्वर्णिम समय बिता दिया। मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नेतृत्व में 1970 के दशक में महाजनों के विरोध में चलाए गए आंदोलन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कर्ज ने पीढ़ियों को गरीबी के चक्र में फंसा दिया। कर्ज के कारण बंधुआ मजदूरी करनी पड़ी और पैतृक भूमि तक छिनी गई। यह मेरे लिए गौरव की बात है कि मंईयां सम्मान योजना शोषक साहूकारी प्रथाओं के खिलाफ मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के ऐतिहासिक संघर्ष की विरासत को जारी रखने में एक साहसिक कदम है। मंईयां सम्मान सिर्फ झारखंड के भविष्य के लिए हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण का एक आईना है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर, हम शोषक साहूकारों से मुक्ति के आंदोलन के अगुवा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने को ही पूरा कर रहे हैं। एक समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज की नींव रख रहे हैं। यह दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल कायम करती है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय विमर्श को आकार देती है। झारखंड की महिलाएं सच्ची आर्थिक आजादी और सामाजिक न्याय की दिशा में इस साहसिक कदम से कम की हकदार नहीं हैं।

**जय हिंद, जय झारखंड**

**आपका मुख्यमंत्री,**
**--हेमंत सोरेन**

## मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के विकास में मील का पत्थर : सीएम

# राज्य की 56 लाख बहनों को दिया 1415 करोड़ का तोहफा

- **खाते में खटाखट पहुंचे 2500 रुपये**
- **अपनी क्षमता निभायें विकास में भागीदारी बनें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नामकूम।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित झारखंड मंईयां सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में 56 लाख 61 हजार 791 बहन-बेटियों के बैंक खाते में 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। सोमवार को सम्मान राशि जारी करते हुए सीएम ने राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।




### मैं अपना वादा पूरा कर रहा हूं

मुख्यमंत्री ने महिलाओं से कहा कि हमने आपसे वादा किया था कि सम्मान योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि को दिसंबर माह से 25 सौ रुपये करेंगे, इसे पूरा कर रहे हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि अब आप सभी अपनी पूरी क्षमता और ताकत के साथ इस राज्य के विकास में अपनी भागीदारी निभायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की परिकल्पना को जिस मजबूती के साथ धरातल पर उतारा है। उसकी चर्चा पूरे देश मे हो रही है।

### आपके आशीर्वाद से ताकत मिली

सीएम श्री सोरेन ने कहा, आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया है, उससे हमें एक नई ऊर्जा और ताकत मिली है। हमारी सरकार महिलाओं के मान-सम्मान स्वाभिमान और हक अधिकार देने के साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे इस कदम से आप अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश को मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक महिला-पुरुष कदम से कदम मिलाकर नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा कि मंइयां सम्मान योजना से आपके सपनों को पूरा करने की पूरी क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि महिलायें घर परिवार भी चलाती हैं। ऐसे में पैसे का महत्व उनसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है।

### केंद्र पर भी बोला हमला

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य की बहन-बेटियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने यह बहुत बड़ा कदम उठाया है। हमारी सरकार समय-समय पर गांव और देहातों का भ्रमण भी करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के संसाधनों के जरिये दूसरे राज्य रोशन हो रहे हैं, पर वर्षों से यहां के लोग अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। यहां के नीति-निर्धारकों की नजर में यह राज्य हमेशा हाशिये पर रहता आया है। अब ऐसा नहीं चलेगा। इस राज्य को पिछड़ापन और गरीबी से मुक्ति दिलायेंगे।

## नक्सलियों ने जवानों का वाहन आइडी विस्फोट में उड़ाया

# छत्तीसगढ़ में आठ जवान शहीद

- **वाहन के हिस्से 30 फीट तक बिखरा, धमाके दस फीट गड्ढा बन गया**

**एजेंसी**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंतर्गत बेदरे मार्ग पर ग्राम अम्बेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कार्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार दोपहर आइइडी विस्फोट में उड़ा दिया। इस धमाके में दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान शहीद हो गये। शहीद जवानों में कोरसा बुधराम, सोमडू वेंटिल, दुम्मा मड़काम, बमन सोढ़ी, हरीश कोर्राम, पण्डरू पोयम, सुदर्शन वेटी, सुभरनाथ यादव का नाम शोमिल है। विस्फोट में एक सिविलियन वाहन के चालक तुलेश्वर राना (ग्राम आरापुर) की भी मौत हो गयी। बस्तर आइजी सुदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। नक्सली हमले में जवानों की मौत पर पीएम मोदी, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है। श्री साय ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी।



### थके हारे जवान लौट रहे थे

रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद ये सभी आठ जवान सोमवार को स्कार्पियो वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने दोपहर 14:15 बजे आइइडी से विस्फोट कर वारदात को अंजाम दिया। नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक स्कार्पियो वाहन (सीजी 17 केडब्लयू 7937) में सवार हो गए थे। इस वाहन को उड़ाने के लिए बड़ी मात्रा में बारूद का उपयोग किया गया था।

### एंटी नक्सल अभियान और तेज होगा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दु:ख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि बीजापुर जिले के कुटरू में 8 जवानों के बलिदान सहित एक वाहन चालक की मौत की खबर अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर, शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं। विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र विरोधी ताकतों के खिलाफ हम सब एकजुट हैं। छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री शोक जताते हुए कहा, भारत मां के वीर सपूतों का यह बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई निर्णायक मोड़ तक जारी रहेगी।

### वाहन के परखच्चे उड़े

धमाका इतना जबरदस्त था कि जमीन में दस फीट गहरा गड्ढा हो गया। वाहन के परखच्चे उड़ गये। वाहन के कुछ हिस्से 30 फीट दूर तक बिखर गये, वहीं एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर भी वाहन के कलपुर्जे लटके मिले। नक्सलियों ने विस्फोट के बाद जवानों पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। मौके पर से कई खोखे भी बरामद किये गये हैं। इस विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ने के साथ जवानों और वाहन ड्राइवर के भी चिथड़े उड़ गये।

## कोयलांचल के गैंगवार की आग अब पलामू पहुंची

# भरत पांडेय व दीपक साव की गोली मार कर हत्या



- **चालक को हिरासत में ले कर पूछताछ**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** कोयलांचल के गैंगवार की आग अब पलामू भी पहुंच गयी। पलामू के चैनपुर थाना के ग्राम गरदा में रविवार की रात में अज्ञात अपराधियों ने कोयलांचल के गिरोह के सुप्रीमो भरत पांडेय और उसके राइट हैंड दीपक साव की गोली मारकर हत्या कर दी। भरत और दीपक चैनपुर के गरदा गांव में पिछले 31 दिसंबर से पनाह लिए हुए थे। गरदा में भरत पांडेय के मौसा अजय सिंह का घर है। वहीं दोनों की हत्या हुई है। जिस इलाके में यह घटना हुई वह घनी आबादी वाला इलाका है। वहीं महाबीर सिंह व अंशु सिंह को अपराधियों ने भागने के क्रम में गोली मारकर जख्मी कर दिया। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक अपराधी शामिल थे, जो भागने में सफल रहे।

### सटीक सूचना थी अपराधियों को

भरत पांडेय के विरोधी गुट को सटीक सूचना थी कि वे कहां छिपे हैं। अपराधी देर रात गरदा गांव में भरत पांडेय के मौसा के घर घुसे। दोनों को गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरे कमरे में सो रहे अंशु सिंह व महावीर सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली की आवाज सुनकर भरत पांडेय के मौसा अजय सिंह अपने कमरे से बाहर निकला तो देखा कि छह से अधिक की संख्या में लोग पैदल भाग रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी अपराधी अपने वाहन को मेन रोड पर ही छोड़कर आये थे। जहां से वे भागने में सफल रहे। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, के नेतृत्व में कई थानाप्रभारी वहां पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया और डॉग स्कायर्ड से घटनास्थल की जांच करायी।

## देश में एचएमपीवी के दो-दो केस मामले



**बेंगलुरु।** भारत में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के दो संदिग्ध मामले सामने आये हैं। दोनों केस कर्नाटक में मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले मामले में आठ महीने के बच्चे की कथित पॉजिटिव रिपोर्ट आयी है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के अनुसार, बच्चे का सैंपल 2 जनवरी को कलेक्ट किया गया था। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय पहला संदिग्ध मामला सामने आने के बाद एचएमपीवी को लेकर एक एडवाइजरी जारी कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि शिशु और उसके परिवार का हाल ही में यात्रा का कोई इतिहास नहीं था। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने एक और अन्य मामले की पुष्टि की है, जिससे भारत में केस की संख्या बढ़कर दो हो गयी है। दोनों मामलों की पहचान कई श्वसन वायरल रोगजनकों के लिए नियमित निगरानी के माध्यम से की गयी थी।

## सर्वसाधारण को सूचना

दिनांक-21/22.09.2024 को आयोजित JSSC CGL परीक्षा-2023 में कथित गड़बड़ी/अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी अथवा अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो आदि) अथवा जानकारी है तो निम्नांकित ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर उपलब्ध कराया जा सकता है-

1. sp-cid@jhpolice.gov.in
2. 9934309058

इसके अतिरिक्त इस संबंध में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अनुसंधानकर्ता से मिलकर जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है। पहचान पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।

अपराध अनुसंधान विभाग,
राजा रानी कोठी, डोरण्डा, राँची,
झारखण्ड।

## PUBLIC - NOTICE

This is to inform that anyone who is having any information or any evidence (documents, audio-video etc) with regard to alleged irregularity in the conduct of JSSC CGL examination-2023 held on dated 21/22.09.2024, the following e-mail ID and Mobile No. can be contacted-

1. sp-cid@jhpolice.gov.in
2. 9934309058

One can also personally meet the IO of the case during the working days in the CID office. Individual's identity will be kept confidential.

Criminal Investigation Department,
Raja Rani Kothi, Doranda, Ranchi,
Jharkhand.

PRNO 343617 (Police) IPRD 24-25

पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस पार्टी पर अंबेडकर का अपमान करने का लगाया आरोप

# 11 से 25 जनवरी तक भाजपा चलायेगी संविधान गौरव अभियान : अमर बाउरी

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा : कांग्रेस पार्टी ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का किया अपमान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर बाउरी ने कहा कि पार्टी 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलायेगी। श्री बाउरी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्ष संविधान निर्माण और कांग्रेस के द्वारा किये गये उनके साथ छल को लेकर जिला मंडल तक आम जनता को जागरूक करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान का ही यह फल है कि आज सर्वोच्च पद पर देश की एक आदिवासी महिला है। चाय बेचने वाले एक व्यक्ति प्रधानमंत्री के रूप में जन सेवा कर रहे हैं। भारत को महान बनाने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन, आज भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचार समाज के बीच नहीं गया है। भाजपा बाबा साहब के लक्ष्य को देश के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का काम इस अभियान के माध्यम से करेगी। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के समय की सभी घटनाओं की जानकारी देश की जनता होना चाहिये। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के समय कांग्रेस ने धर्म आधारित आरक्षण पर जोर दिया था लेकिन बाबा साहब देश के हर नागरिक को समान अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि आज बाबा साहब के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी को उनके जीवित समय में ही भारत रत्न की उपाधि दे दी लेकिन, बाबा साहब को इस उपाधि से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नाम उन्हें सम्मान देना और सम्मान देने का दिखावा करना में जमीन आसमान का अंतर होता है। भाजपा में बाबा साहब को अपने कार्यकाल में भारत रत्न देकर उन्हें सम्मान दिया है।

इस अवसर पर नन्द जी प्रसाद, राकेश भास्कर, शिवपूजन पाठक, अमित कुमार मंडल, राफिया नाज भी थे।

### मंईयां सम्मान योजना को लेकर बड़ी कीमत चुका रही जनता

उन्होंने मंईयां योजना पर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 56 लाख से अधिक लोगों के खाते में मंईयां योजना का लाभ दिया है लेकिन, इसकी एक बड़ी कीमत जनता को चुकानी पड़ रही है। राज्य के वृद्ध, विधवा, दिव्यांग को मिलने वाले पैसे उनके खाते में नहीं जा रहे हैं। सरकार को इस मामले पर खेद प्रकट करना चाहिये। इस बार के अनुपूरक बजट में एक विभाग को मात्र 2100 रुपया ही दिया गया है। राजनीतिक हनक को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री यदि सारी सिस्टम को बैठा दें तो इसका नुकसान पूरे राज्य को भुगतना होगा। 450 रुपये में गैस सिलिंडर देने के मामले मैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम का अपने वादे से मुकर जाना कोई नई बात नहीं है।

# बाबा साहेब को संसद में अपमानित करने वाली भाजपा को संविधान गौरव अभियान चलाना उचित नहीं : सोनाल शांति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** संविधान को मजाक बनाने वाले और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को संसद में अपमानित करने वाली भाजपा के नेता संविधान गौरव अभियान चलाने की बात करते हैं, यह किसी सस्ते चुटकुले से कम नहीं। उक्त पलटवार भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी द्वारा दिए गए बयान पर करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कही।

सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा का जनमत संग्रह अभियान, संविधान बचाने का नहीं बल्कि संविधान बदलने के लिए चलाया जाएगा। संविधान बदलने की बात करने के कारण ही 2014 में अकेले बहुमत प्राप्त करने वाली भाजपा आज बैशाखी पर सरकार चला रही है। भाजपा धार्मिक आधार पर देश में विभाजन की नीति अपना रही है। आरक्षण को समाप्त कर पिछड़ों, अनुसूचित जाति, जनजाति को समाज की मुख्य धारा से हटाना चाहती है। महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने वाली कांग्रेस को गोडसे के अनुयायी आईना दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि जनता ने केंद्र से लेकर झारखंड तक उन्हें उनका असली चेहरा दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन द्वारा जारी 7 गारंटी में से पहली गारंटी के रूप में 56 लाख महिलाओं के खाते में रुपये 2500 का लाभ दिया गया जिससे भाजपा औंधे मुंह गिर पड़ी है, उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है इसलिए मदहोशी के आलम में कुछ भी बोल रहे हैं।

अमर बाउरी खुद अपनी पार्टी की नीतियों के चलते हार का मुंह देख चुके हैं, उन्हें चिंतन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार कर्ज लेने की बजाय कर्ज चुका रही है। किसी भी विभाग के बजट में कटौती की बजाय अनुपूरक बजट में पैसे दिए गए। राजस्व के नए स्रोत की तलाश की जा रही है। सारे विभागों में कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सरकार की कार्य संस्कृति के कारण ही केंद्र द्वारा पूंजीगत व्यय पर झारखंड को बोनस दिया जा रहा है।

सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा नीत राज्य सरकार में भाजपा द्वारा चुनाव पूर्व की गई घोषणाएं कूड़ेदान में फेंकी जा रही है और झारखंड में भाजपा आरोप लगा रही है। राजस्थान, असम, हरियाणा, मणिपुर, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्य में सैकड़ो उदाहरण है। झारखंड में महागठबंधन सरकार की पहली गारंटी पूरी हुई अन्य भी पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा और लोकसभा मिलाकर 12 सांसद झारखंड से आते हैं जिसमें से दो केंद्रीय मंत्री हैं। झारखंड के हक के पैसों के लिए प्रधानमंत्री के सामने उन्हें आवाज उठानी चाहिए। जिस जनता के लिए घोषणायें की गई है उन्हें महागठबंधन सरकार पर पूरा भरोसा है हम उनके भरोसे पर खरा उतरेंगे। भाजपा नेता अपनी खीझ मिटाने का दूसरा रास्ता तलाशे।

# सीआइडी ने आठ जिलों के एसपी से मांगी अफीम की खेती नष्ट करने की पूरी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीआइडी ने आठ जिलों के एसपी से कितनी अफीम की खेती को नष्ट किया गया है, इस संबंध मं रिपोर्ट मांगी है। सीआईडी के डीजी और झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रांची, चतरा, पलामू, चाईबासा, हजारीबाग, लातेहार और खूंटी जिले के एसपी से रिपोर्ट मांगी है। सीआईडी के द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि वर्तमान फसलीय वर्ष 2024-2025 में अवैध अफीम की खेती से प्रभावित विभिन्न जिलों में विनष्टिकरण की कार्रवाई की जा रही है।

**डीजी नौ जनवरी को इससे संबंधित समीक्षा बैठक करेंगे :** इस संबंध में एनसीबी के जोनल डायरेक्टर ने कहा है कि वह क्षेत्र जहां पूर्व में बड़ी मात्रा में अफीम की खेती की गयी हो अथवा वर्तमान में किये जाने की संभावना है, ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर उसकी विवरणी उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि एनसीबी द्वारा हाई डेंसिटी सेटेलाइट इमेज उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे आगामी दिनों में होने वाली संभावित अफीम की खेती को चिन्हित कर नष्ट किया जा सकता है।

जानकारी के अनुसार सभी आठ जिलों के एसपी अफीम की खेती को नष्ट करने की रिपोर्ट सात जनवरी तक सीआइडी के आइजी को भेजेंगे। इसके बाद डीजी नौ जनवरी को इससे संबंधित समीक्षा बैठक करेंगे।

# इंडी गठबंधन के लिए प्रपंच था 450 रुपये में सिलिंडर देने का वादा : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से पोस्ट करते हुये लिखा कि चुनाव के दौरान किये गये वादे केवल सत्ता हासिल करने का साधन बनकर रह जायें, तो यह न केवल जनादेश का अपमान है। बल्कि जनता के भरोसे के साथ छल भी है। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर और 3200 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था। तब जनता ने इसे अपने भविष्य की उम्मीद के तौर पर देखा था। उन्होंने कहा कि अब हेमंत सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है, तो मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री गण बहाने गढ़ने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का रवैया यह केवल जनादेश का अपमान नहीं है। बल्कि नव निर्वाचित विधायकों को भी उपहास का पात्र बना रहा है। उन्होंने कहा कि जनता समझ चुकी है कि 5 लाख सालाना नौकरी के जुमले की तरह 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी केवल सत्ता प्राप्ति के लिये एक प्रपंच था।

## भाजपा बताये, कहां गये जेंडर बजट के 6000 करोड़ : राधाकृष्ण किशोर

**रांची।** नामकुम के आर्मी ग्राउंड में सोमवार को आयोजित मंईयां सम्मान योजना समारोह में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में जो 6000 करोड़ रुपए का जेंड्र बजट लाया था, वह कहां गया। महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे क्यों नहीं बढ़ीं। वर्ष 2017-18 में देवघर को छोड़कर कहीं भी महिला छात्रावास क्यों नहीं बन पाया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत वितरित किए गए 38 लाख गैस चूल्हे किस स्थिति में हैं, यह भाजपा को बताना चाहिये।

अब बहन-बेटियां किसी के आगे हाथ नहीं पसारेंगी

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद सिर्फ हेमंत सरकार ने ही आधी आबादी के बारे में सोंचा है। आज महिलाओं के लिए आराधना का दिन है। बहन -बेटियों को 2500 रुपए प्रतिमाह मिलना शुरू हो गया है। इस राशि से राज्य से पलायन रुकेगा।

## गर्भवती की मौत मामले में पति गिरफ्तार, देवर और सास के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**रांची।** पलामू के हुसैनाबाद में दहेज के लिए गर्भवती महिला की मौत मामले में पलामू पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने मामले में 23 जनवरी तक सरकार से अब तक हुई कार्रवाई के संबंध में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मृतका के पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसकी सास एवं देवर के खिलाफ संबंधित कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ जल्द अनुसंधान पूरी कर चार्जशीट दाखिल किया जाएगा।

बता दें कि 9 अक्टूबर 2024 को अखबार में छपी खबर के आलोक में हाइकोर्ट कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा था कि मृतका के पिता ने उसके ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह पलामू एसपी से किया था।

# हाई कोर्ट में उपस्थित हुईं गृह सचिव होमगार्ड डीजी आज होंगे उपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** होम गार्ड के जवानों द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य की गृह सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुईं। वहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस. एन. पाठक की अदालत ने अगली सुनवाई में होमगार्ड के डीजी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इस मामले में अब मंगलवार को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया था कि 25 अगस्त 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन के साथ एरियर का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा था कि यदि 5 जनवरी तक एरियर का लाभ नहीं दिया जाता तो कोर्ट ज़िम्मेदार अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा। दरअसल, 10 अगस्त को मुख्यमंत्री ने होम गार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से होम गार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना है। यह जानकारी कोर्ट में हो रही सुनवाई के दौरान उपस्थित झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी।

## खादी मेले का समापन समारोह आज

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड और उद्योग विभाग की ओर से आयोजित 18 दिनी राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का समापन मंगलवार को होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव और उद्योग सचिव जीतेंद्र सिंह के अलावा खादी बोर्ड की सीइओ सुमन पाठक रहेंगी। समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे होना है। जानकारी के अनुसार समापन समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्थानीय सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और स्थानीय विधायक सीपी सिंह को भी निमंत्रण दिया गया है।

भू-राजस्व विभाग ने सभी निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक को लिखा पत्र

# राज्य के सभी बड़े और छोटे खनिजों के खनन पट्टे की होगी जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मेजर मिनरल एवं माइनर मिनरल से संबंधित खनन पट्टों की जांच की जायेगी। निबंधन खनन पट्टों में कंसीडरेशन अमाउंट स्पष्ट रूप से अंकित है या नहीं? इसकी विशेष रूप से जांच की जायेगी। इसके लिए संबंधित जिला अवर निबंधक, अवर निबंधक को इस संबंध में निर्देश भी देने को कहा गया है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में सभी निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक को पत्र लिखकर निर्देश दिया है।

### सहकारी संस्थाओं व दस्तावेजों की भी जांच

मिली जानकारी के अनुसार राज्य के जितने भी बड़े और छोटे खनिज खदानों को जो खनन पट्टा दिए गए हैं, अब उसकी जांच की जाएगी। एजी द्वारा जताई गई आपत्ति के साथ विभिन्न सहकारी संस्थाओं द्वारा रजिस्ट्रेशन किए गए दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। गलत पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कही गई है। लैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट की ओर से निबंधन कार्यालयों के निरीक्षकों को लिखे पत्र में कहा गया है कि सरकार के प्राधिकृत सदस्य द्वारा खनन पट्टा का का निष्पादन किया गया है या नहीं? साथ ही रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सरकार का प्राधिकृत सदस्य निबंधन कार्यालय में उपस्थित रहा या नहीं, इन सभी की जांच की जाएगी। साथ ही निबंधन और मुद्रांक शुल्क की भी जांच की जाएगी। गलत पाये जाने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।


**खोया-पाया**

मेरा नाम सविता कच्छप है। मेरी स्कूल के कुछ मूल दस्तावेज एवं JSSC विज्ञापन संख्या-14/2023 का परीक्षा केंद्र द्वारा सत्यापित admit card, दिनांक-27.12.2024 को कांके रोड से गुजरते समय गिर गया। मिलने पर 8084526749 पर संपर्क करें।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की नियत तिथि 24.01.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार है: **1. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-109,** मानौकुई स्टेशन में 70 मी. लंबाई के एक सिक साइडिंग एवं दोनों अप एवं डाउन ग्रिड प्रत्येक में एक लूप लाइन के लिए प्रस्ताव के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा लागत:** रु. 2,51,00,946.92, **बयाना राशि:** रु. 2,75,500/-, **2. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-110,** झारसुगुड़ा में एलईडी आधारित कोच इंडिकेशन डिस्प्ले एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड (आईपीआईएस) एवं पीए सिस्टम और जीपीएस क्लॉक का प्रावधान। **निविदा लागत:** रु.1,21,63,911.63, **बयाना राशि:** रु. 2,10,800/-, **कार्य समापन:** क्रम सं. 1 हेतु 12 माह और क्रम सं. 2 हेतु 06 माह। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। (PR-982)


मंईयां सम्मान : झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन

# मेरी बहनों और दीदियों के चेहरे पर सम्मान की राशि से खुशी की गारंटी




**रांची।** आज इस सार्वभौमिक योजना के पांचवें महीने में, 18-50 वर्ष की आयु की 56 लाख से अधिक महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक प्रदान की गयी। यानि वर्ष में 30,000 रुपये, बिना किसी देरी और बिना किसी को खुशामद किए हुए। मंइयां सम्मान के माध्यम से हम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को लक्षित कर उनके वित्तीय स्वतंत्रता के इस संघर्ष में एक नया अध्याय लिख रहे हैं। तस्वीर बदल रही है। मेरी बहनों, दीदियों के चेहरे पर मंईयां सम्मान की राशि से खुशी की गारंटी बन रही है। गांवों की अर्थव्यवस्था पुनः चल पड़ी है।

सार्वभौमिकता ना सिर्फ इस योजना की प्रकृति है बल्कि इसकी आधार शक्ति भी है। यही वजह है कि किसी महिला की आर्थिक स्थिति को इस योजना के योग्यता के मानक में शामिल किए बिना, बिना जटिल कागजी प्रक्रिया के - 18 से 50 आयु वर्ग की सभी महिलाओं को मंईयां योजना का हकदार बनाकर आपकी अबुआ सरकार ने उन त्रुटियों को समाप्त कर दिया है जो पूर्व में कल्याण कार्यक्रमों के लक्ष्य को हासिल करने में बाधक बनती थी।

यह सार्वभौमिक योजना महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करती है। मेरा अटूट विश्वास है कि एक परिवार की 18-50 वर्ष की हर बहन को 2,500 रुपये मासिक और 30,000 रुपये सालाना उपलब्ध कराने से परिवार की आय में परिवर्तनकारी वृद्धि होगी, विशेष रूप से झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाओं की वित्तीय स्वायत्तता पारंपरिक रूप से बहुत सीमित रही है।

वैश्विक आर्थिक अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण से परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में बेहतर परिणाम सामने आते हैं। महिलाएं आमतौर पर पुरुषों की तुलना में परिवार के कल्याण में अपनी आय का अधिक हिस्सा निवेश करती हैं। महिलाओं का यह गुण मंईयां सम्मान को एक साधारण कल्याण योजना की बजाय झारखंड की भावी पीढ़ियों के लिए एक रणनीतिक निवेश साबित होगी। निश्चित रूप से यह योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है।

इस योजना का वित्तीय समावेशन का पहलू विशेष ध्यान देने योग्य है। महिलाओं के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण से हम पहली बार लाखों महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में ला रहे हैं। इस समावेशन के कई लाभ हैं - बैंकिंग क्रेडिट हिस्ट्री बनने से उचित दरों पर ऋण की उपलब्धता हो पाएगी। इसका प्रभाव व्यक्तिगत लाभ से परे है; यह ग्रामीण झारखंड के पूरे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, जबकि शोषक साहूकारों की पकड़ को व्यवस्थित रूप से कमजोर करता है।

मेरा मानना है कि महामारी के बाद मंईयां सम्मान योजना लागू होने का यह समय ज्यादा महत्वपूर्ण है। कोविड-19 का आर्थिक प्रभाव विशेष रूप से लिंग आधारित रहा है। महिलाओं को नौकरी छूटने और आय के अवसरों में कमी का अनावश्यक बोझ उठाना पड़ा है। आर्थिक सुरक्षा के साथ साथ यह योजना उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करती है। जब महिलाओं के पास क्रय शक्ति होती है, तो स्थानीय बाजार फलते-फूलते हैं, जिससे आर्थिक विकास का एक अच्छा चक्र बनता है। इसकी मजबूत नींव आपकी अबुआ सरकार ने रख दी है।

सरकार के इस तरह के सार्वभौमिक कार्यक्रम के राजकोषीय निहितार्थों पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को इसे केवल व्यय की बजाय, एक निवेश के रूप में जानना समझना चाहिए। इस योजना पर खर्च की जा रही राशि हमें कई रूपों में वापस मिलेगी कई - जैसे आकस्मिक स्वास्थ्य समस्त पर कम खर्च, परिवार में बेहतर शिक्षा एवं बेहतर पोषण को बढ़ावा एवं इसके कारण कम सामाजिक कल्याण खर्च के रूप में। इसके अलावा, बढ़ी हुई खपत के माध्यम से उत्पन्न आर्थिक गतिविधि कर राजस्व को बढ़ावा देगी। यह एक वाइब्रेंट स्थानीय अर्थव्यवस्था की नींव को और मजबूती देगी जिसका खाका मेरी सरकार ने खींच लिया है। योजनाओं को लेकर हमारा यह दृष्टिकोण कल्याणकारी राज्य की सोच में एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। किसी भी समाज के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए यह अनिवार्य है की लोगों की जरूरत को समझा जाए, और यह तय करने के पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के बजाय, हम महिलाओं पर अपने परिवारों के लिए सर्वोत्तम निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करने पर भरोसा करते हैं। नियमित आय का प्रवाह महिलाओं को उनकी अपनी परिस्थितियों के अनुकूल योजना बनाने, बचत करने और निवेश करने में सक्षम बनाता है। जिससे वित्तीय साक्षरता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलता है।

इस योजना का मंईयां सम्माननाम आर्थिक तौर पर मजबूत नींव प्रदान करते हुए, हमारी झारखंडी विरासत में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। हमारे देश के अन्य हिस्सों में और साथ ही झारखंड में, महिलाएं घरेलू काम, बच्चों की देखभाल और कृषि गतिविधियों में अनगिनत घंटे बिताती हैं - ऐसे योगदान को ऐतिहासिक रूप से स्वीकारा नहीं गया, ना ही इसके लाभ दिए गए। यह मासिक भुगतान इस तरह की केयर इकोनॉमी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है और उनके काम के लिए कुछ हद तक आर्थिक मान्यता प्रदान करता है।

मैं मंईयां सम्मान का समर्थन करने वाले डिजिटल बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय भी करना चाहता हूं। प्रत्यक्ष हस्तांतरण के लिए आज के सूचना तकनीक का लाभ उठाकर, हम पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं, साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में पहले हुए कमियों को दूर करने का प्रयास भी कर रहे हैं। डिजिटल माध्यमों की पहुंच महिलाओं के बीच वित्तीय और तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा देती है, उन्हें तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करती है। वित्तीय समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण का संयोजन हमारी महिलाओं को वित्तीय अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए तैयार करता है। ऐसे ही तो बनेगा सोना झारखंड।

इस योजना के पर्यावरणीय निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं - शोध से पता चलता है कि जब महिलाओं के पास अधिक आर्थिक तंत्र होती है, तो वे संसाधन प्रबंधन में अधिक टिकाऊ विकल्प चुनती हैं। झारखंड में जहां महिलाएं पारंपरिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं, वहां बेहतर वन संरक्षण, अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियां और बेहतर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हो सकता है। श्रम बाजार के परिणाम भी यहां उतने ही महत्वपूर्ण हैं। बुनियादी आय की गारंटी के साथ महिलाएं अपनी रोजगार वार्ता में मजबूत सौदेबाजी की शक्ति प्राप्त करती हैं। वे शोषणकारी कार्य स्थितियों को अस्वीकार कर सकती हैं। साथ ही बेहतर काम के अवसरों की तलाश में समय लगा सकती हैं। इससे असंगठित क्षेत्र में काम करने की स्थिति और मजदूरी में धीरे-धीरे सुधार हो सकता है, जहां हमारी कई महिलाएं कार्यरत हैं।

साथ ही मैं सबको आश्वस्त करना चाहूंगा कि इस अभूतपूर्व पहल को लागू करते समय, हम आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति सचेत हैं। योजना का सुचारू रूप से जारी रखना, साथ ही पूरी पारदर्शिता बनाए रखना एवं राज्य के खजाने को बिना किसी पर भार दिए भरना और इस योजना की सार्थकता को लगातार मापने हमारी प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित करते हुए कि योजना अपने उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो, हम फीडबैक और परिणामों के आधार पर नियमित मूल्यांकन और समायोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड की महिलाएं सच्ची आर्थिक आजादी और सामाजिक न्याय की दिशा में इस साहसिक कदम से कम की हकदार नहीं हैं। जय हिंद, जय झारखंड

**आपका मुख्यमंत्री,**
**हेमंत सोरेन**
**झारखंड**

सुप्रभात
मंगलवार 07.01.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 257
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

## बीडीओ ने अबूआ एवं प्रधानमंत्री आवास का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के टोपाटांड और बन्दरचुआ पंचायत में पूर्व से संचालित अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को प्रोत्साहित करने और आवास पूरा कराने को लेकर सोमवार को बीडीओ मुरली यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष में टोपाटांड पंचायत में कुल 275 अबुआ आवास एवं 28 प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य दिया गया है, जिसमे 185 लाभुको को ही प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है।



बन्दरचुआ पंचायत में 283 अबूआ आवास एवं 3 प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य मिला है,जिसमें 201 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि का भुगतान हो चुका है। बीडीओ ने शेष योग्य लाभुकों का अभिलेख जमा करने का निर्देश दिया है। पंचायत में लंबित आवास योजना का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने लाभुकों को जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा करने को कहा। लाभुक द्वारा राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले को एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण कार्य शुरू करने को सख्त निर्देश दिया गया है। बीडीओ ने कहा कि सरकार ने लोगों को पक्का आवास दिया है। कार्य जल्द आरम्भ करें, ताकि दूसरी किस्त की राशि उन्हें मिल सके।

## डिगवाडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से निकली प्रभात फेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** सिखों के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर डिगवाडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सोमवार को प्रभात फेरी की शुरुआत की गई है। प्रभात फेरी का समापन 10 जनवरी को होगा।



प्रभात फेरी गुरुद्वारा से निकली गई, जो डिगवाडीह बाजार के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा सीआरओ कॉलोनी, न्यू कॉलोनी होते हुए गुरुद्वारा पहुंची। इस मौके पर बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला श्रद्धालु लगातार सबद कीर्तन करती दिखी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस कड़कड़ाती ठंड में भी सुबह 5 बजे से ही समाज के महिला-पुरुष व बच्चे प्रभात फेरी में काफी उत्साह के साथ शामिल हुए। गुरुद्वारा पहुंचने पर प्रभात फेरी का स्वागत पुष्प वर्षा व निशान साहब पर माल्यार्पण से किया गया। जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। गुरुद्वारा प्रधान रंजीत सिंह उर्फ टिंकू ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को लेकर अखंड पाठ होगा। डिगवाडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जसदीप सिंह, बलविन्दर कौर, रजनी कौर, कमलजीत कौर, जागीर कौर, हरजीत सिंह, हरजिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

### स्पीड न्यूज

### निरसा व्यापार समिति ने नर्मदेश्वर सिंह को दी श्रद्धांजलि



**मैथन।** निरसा शहर चिरकुंडा व्यापार मंडल सहयोग समिति के पूर्व अध्यक्ष नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ मास्टर साहब की मृत्यु पर व्यापार समिति के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। 2 मिनट का मौन रख उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष हाजी अफरोज अहमद, रवि भूषण, वीरेंद्र तिवारी, तुलसी साव, अशोक साव, आसीम मल्लिक, अमरेंद्र मिश्र, मनोज साव, संजीव मंडल, उत्तम मंडल, रामदेव चौरसिया, विकास चौरसिया आदि मौजूद थे।

### दुर्गा कालोनी में भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान



**कतरास।** कतरास कोल डंप दुर्गा कालोनी में भारतीय जनता पार्टी कतरास मंडल द्वारा जानकी देवी आरती देवी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। महिला पुरुष मिलकर 50 लोगों को सदस्य बनाया गया। मंडल अध्यक्ष सूर्य देव मिश्रा विनय पासवान, रघुनाथ हजारी, छोटू साहू, बबलू मिश्रा, सचिन शर्मा, सुमित कुमार पासवान, श्रीमती जानकी देवी, आरती देवी, रीना देवी, कंचन सिंह सरिता देवी, विमला देवी आदि उपस्थित थे।

### सिंदरी में भाजपा का सदस्यता अभियान तेज करने के लिए हुई बैठक



सिंदरी। भाजपा का सदस्यता अभियान को लेकर सोमवार को सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में बैठक शहरपुरा मुख्य कार्यालय में हुई। बैठक में नगर अध्यक्ष ने कहा कि 14 जनवरी तक हर हाल में हर बूथ पर अध्यक्ष एवं बूथ सचिव को 50 सदस्य बनाना है। इसके बाद ही सक्रिय सदस्य बनने की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश सिंह ने कहा कि बैठक में शपथ लेना होगा कि प्रदेश नेतृत्व के सदस्यता अभियान को सिंदरी नगर कमेटी हर हाल में पूरा करेगा। सिंदरी के दो स्थानों पर कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में राकेश तिवारी, राघव तिवारी, इंद्रमोहन सिंह, गणपति बाउरी, संजय महतो, अमरेंद्र सिंह, कुमार राजेश, प्रफुल्ल कुमार, रामजी सिंह, शशि सिंह, रासबिहारी पाठक उपस्थित थे।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाई लेवल टीम जांच करने पहुंची धनबाद जेल कहा

# जेल सुधार और पुनर्वास का केंद्र होना चाहिए : वीरेंद्र कुमार तिवारी

## जेल के अंदर बंदियों को जातिगत आधार पर अलग-अलग रखने का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जेल में कैदियों को उनके अपराधों के आधार पर रखने का प्रावधान है, लेकिन क्या धनबाद जेल में बंदियों को जातिगत आधार पर भी अलग-अलग रखा जाता है। अथवा उन्हें वगीकृत किया जाता है। इस बिंदु पर जांच करने धनबाद के न्यायिक पदाधिकारी, जिला प्रशासन की हाई लेबल टीम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में धनबाद जेल पहुंची। यह जानकारी देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि जेल को सुधार और पुनर्वास का केंद्र होना चाहिए, न कि भेदभाव और असमानता का। जातिगत वर्गीकरण जैसे मुद्दों पर सतर्क निगरानी और कठोर कार्रवाई जरूरी है उन्होंने बताया कि कुछ रिपोर्ट और सामाजिक संगठनों द्वारा आशंका जताई गई थी कि जेलों में जातिगत भेदभाव हो सकता है। कहा जाता है कि बंदियों के बीच झगड़े, विवाद, और सांप्रदायिक तनाव को कम करने के नाम पर, उन्हें जाति या समुदाय के आधार पर अलग-अलग बैरकों में रखा जाता है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले पर सुनवाई की थी और 31 अक्टूबर 24 को आदेश पारित किया था। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन का मुख्य उद्देश्य कैदियों का पुनर्वास और सुरक्षा है। हालांकि, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है कि कैदियों के साथ समानता और मानवाधिकारों का पालन हो। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस बात की जांच करने टीम धनबाद जेल गई थी। धनबाद जेल में ऐसी कोई अनियमितता नहीं मिली।




**खास बातें:** धनबाद मंडल कारा के अधीक्षक सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि किसी भी कैदी को जाति, धर्म, या किसी अन्य सामाजिक पहचान के आधार पर नहीं बांटा जाता। कैदियों को उनके अपराध की प्रकृति, सुरक्षा की स्थिति, और उनके व्यवहार के आधार पर बैरकों में रखा जाता है। न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारी राकेश रोशन ने बताया कि सामाजिक संस्था सुकन्या बनाम भारत सरकार के मामले में (रिट पिटीशन संख्या 1404/23) सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह बात रखी गई कि इस बात की जांच हो कि क्या जेलों में बंदियों को जातिगत वर्गीकरण के आधार पर रखा जाता है। उनका कहना था कि अगर जातिगत भेदभाव हो रहा है, तो यह संविधान और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यह मुद्दा जेलों के पारदर्शिता और सुधार की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने सभी जेलों में जांच का निर्देश दिया था। इसके अनुपालन में आज धनबाद जेल में जांच की गई।

**टीम में थे शामिल**

टीम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, अपर समाहर्ता सह मंडल कारा अधीक्षक विनोद कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, प्रभारी चीफ मेडिकल ऑफिसर डा रोहित गौतम, डॉ राजीव कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पीडब्ल्यूडी चंदन कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार मोदी, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदू, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक नीरज गोयल सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, कन्हैयालाल ठाकुर, स्वाती, मुस्कान, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार राजेश कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

### एक नजर में

### जिंदगी बचाने की मुहिम में लगा है युवा रक्तदाता संघ



कतरास। मां लिलोरी मन्दिर के प्रांगण में सोमवार को युवा रक्तदाता संघ धनबाद द्वारा आयोजित मिलन समारोह आमजनों के लिए प्रेरणादायी रहा। धनबाद एवं बोकारो से आये रक्त वीरों ने कहा कि रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। दान करने में जो आनंद की अनुभूति होती है, वह धन सम्पत्ति में कहां मिलेगा। वर्तमान समय में इस संघ से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की जरूरत है, ताकि जिंदगी बचाने की जंग में उनका योग दान अहम साबित हो सके। मुखिया निरंजन गोप ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है, जिससे वे रक्तदान की महत्व को समझें। धनबाद, बोकारो, बलियापुर, बाघमारा आदि जगहों से आये रक्तवीरों ने संगठन के विस्तार पर अपनी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में जमुआटांड पंचायत के मुखिया निरंजन गोप, युवा रक्त संघ के अध्यक्ष नागेंद्र रवानी, कोषाध्यक्ष मदन रवानी बलियापुर के राजीव गोप मुकेश सिंह, ज्योति कुमारी, अमृत रवानी, बैजनाथ रवानी, नवीक मंडल, अशोक मंडल, साजन कुमार मंडल, गंगाधर गोप आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन सुशील कुमार सिंह ने किया। सभी ने एक स्वर में एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

### भाजपाइयों ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा



राजगंज। भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल के सदस्यता अभियान के निमित्त समीक्षा बैठक राजगंज शिव मंदिर के प्रंगण में हुई । अध्यक्षता राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की और संचालन गौतम साव एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोज महतो ने किया। अभियान के तहत सभी पंचायत के बूथ में लोगों को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाना है। जिले के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, एवं सम्मानित कार्यकर्ता सभी लोग मिलकर सदस्यता अभियान में सहयोग प्रदान करें। सभी को 50 सदस्य बनाना है। धनबाद ग्रामीण जिला के उपाध्यक्ष एवं जिले के सदस्यता प्रभारी मोहन कुंभकार, रमेश महतो, आर.के. चौधरी, अजय राम, बसंत कुमार सिंह, सिंकू पाण्डेय, सुनील साव, डब्लू कुमार, कामेश्वर महतो, कृपा शंकर महतो, शुभम तिवारी, देवानंद महतो, संजय चौधरी, आदि उपस्थित थे।

### गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार ने देर रात सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



गिरिडीह। गिरिडीह में अपराध पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी डॉ बिमल कुमार ने देर रात बॉडीगार्ड के साथ अचानक शहर का दौरा किया। उन्होंने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण किया और उसके बाद चेकपोस्ट पहुंचे, जहां वाहनों की जांच की जाती है। एसपी ने जांच कर रहे जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शहर में प्रवेश करने वाले और शहर से बाहर जाने वाले वाहनों की सख्त जांच की जाए। एसपी ने देर रात खुली दुकानों का भी दौरा किया और जहां अवैध कारोबार हो रहा था, उनके संचालकों से पूछताछ की। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रात 10 बजे के बाद कोई दुकान खुली नहीं रहनी चाहिए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नारायणपुर डीलर संघ ने विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर की बैठक



जामताड़ा। नारायणपुर प्रखंड परिसर में सोमवार को डीलर संघ की बैठक हुई। बैठक में जन वितरण प्रणाली के डीलर शामिल हुए। बैठक में डीलर संघ ने अपनी मांगों और समस्याओं पर विचार विमर्श किया। कहा गया कि ग्रीन कार्ड का कमीशन विगत 1 वर्ष से लंबित है, जबकि नमक और दाल का कमीशन अब तक का नहीं मिला है। सर्वर की समस्या से ई-केवाईसी में बहुत दिक्कत होती है। मशीन सही नहीं चलने और अलग-अलग सामग्रियों के लिए लाभुक से अलग-अलग अंगूठा लगवाने से कई परेशानी होती है। मौके पर सुनीता देवी, पूर्णिमा देवी, पूर्णिमा पंडित, सरफुद्दीन अंसारी बाबू मणि सिंह, तरणी पोद्दार, कार्तिक दत्ता, रिजवान अंसारी, मुबारक अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, रहमान अंसारी आदि मौजूद थे।

## वृद्ध-विधवाओं का रुका हुआ पेंशन तत्काल जारी करे सरकार : राजेश



**गिरिडीह।** सरकार ने मंईयां सम्मान राशि देना शुरू कर बड़ा सराहनीय कदम उठाया है, लेकिन दूसरी तरफ सरकार वृद्ध-विधवाओं का पेंशन कई माह से रोककर सीधा अन्याय भी कर रही है। ऐसे लाभुकों को पेंशन रूपी सहारे की और भी ज्यादा जरूरत है। इसलिए सरकार तत्काल रुका हुआ पेंशन एकमुश्त भुगतान करने की व्यवस्था करे। उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के ओझाडीह में आज दर्जनाधिक लाभुकों से मुलाकात कर उनकी दयनीय अवस्था पर बात करने के बाद कही। श्री यादव ने कहा कि 16 जनवरी को शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की बरसी पर उन्हें याद करते हुए बेंगाबाद प्रखंड में जनता के मुद्दों पर संघर्ष की शुरुआत की जाएगी। मौके पर फॉरवर्ड ब्लॉक नेता शिवनंदन यादव, फोदार सिंह, शंभू तुरी, झगरू पंडित, विजय विश्वकर्मा, नुनुलाल पंडित, भीम सिंह, परमेश्वर सिंह, कपिलदेव सिंह, जागेश्वर सिंह, दशरथ सिंह, मोसेमत मालती, मोसेमत गुजरी, सरस्वती देवी, मोसेमत तारा, मोसेमत सुदामा, मोसेमत लीलावती, सरस्वती देवी 2, कलावती देवी, चंपा देवी, सरस्वती देवी 2, कलावती देवी, मोसोमात शांति आदि मौजूद थे।

### जेल मे बंदियों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**धनबाद।** वजिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में सोमवार को धनबाद जेल में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया । यह जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधिश राकेश रोशन ने बताया कि जेल अदालत में डॉ राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें विभिन्न तरह की दवाएं भी प्रदान की गइ। जिन बंदियों को बेहतर इलाज की आवश्यकता महसूस की गई, उनके लिए प्रशासन को लिखा गया। इस मौके पर एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदू, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक सुमन पाठक, कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झाकारा अधीक्षक, डालसा सहायक, अरुण कुमार, राजेश सिंह मौजूद थे।



## कार खाई में गिरी, महिला की मौत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग के गोलकडीह पुलिया पर सोमवार को लगभग 6,30 बजे सुबह गाड़ी संख्या जेएच 10 भी 7175 नंबर की तेज रफ्तार ऑल्टो कार अनियत्रित होकर लगभग बीस फीट नीचे खाई में गिर गई। गाड़ी में कुल नौ लोग सवार थे, जिसमें एक महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार दलबल सहित पहुंचे और घायलों को तत्काल इलाज के लिए भेज दिया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। गाड़ी में सवार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य बताए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो गाड़ी पर गोलकडीह निवासी मुख्तार शेख व उनके परिवार के सदस्य सवार थे। सभी झरिया ऊपर कुली वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। लौटते समय यह घटना हुई है। गोल्डन शेख की 24 वर्षीय पत्नी सलमा शेख की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। गंभीर रूप से घायलों को झरिया हॉस्पिटल भेज दिया गया है। घायलों में मुख्तार शेख, शाहनवाज शेख, मलका शेख, अफसरा शेख, तानिवा (3 वर्ष), अल्फी शेख (3 वर्ष) तथा एक एक माह के दो बच्चे भी शामिल हैं। गाड़ी शहनावज शेख चला रहा था।

## मिलन समारोह सह वनभोज में खूब थिरके अधिवक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शहीद बिरसा मुंडा पार्क में वर्ष के पहले रविवार को अधिवक्ता मिलन समारोह सह वनभोज में धनबाद बार एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ता जमकर थिरके तथा वनभोज का लुत्फ उठाया। समारोह का आयोजन झारखंड स्टेट बर काउंसिल स्टैरिंग कमेटी के चेयरमैन वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने किया। समारोह में बार एसोसिएशन के करीब 1500 से अधिक अधिवक्ताओं ने शिरकत की। महिला अधिवक्ताओं की भी अच्छी खासी तादाद रही।



कार्यक्रम की शुरुआत में वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने धनबाद सिविल कोर्ट के रजिस्टर इश्हाक जिया खान को शॉल तथा पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। साथ ही वरीय अधिवक्ता बृजेंद्र प्रसाद सिंह, मुख्तार अहमद खान, हरिहर प्रसाद, सुमिरन पाल, विजय मंडल, उदय कुमार भट्ट, सोमनाथ चौधरी, शाहनवाज अब्दुल मलिक समेत दर्जनों अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान केक काटकर कई अधिवक्ताओं का जन्मदिन मनाया गया। अधिवक्ताओं के मनोरंजन के लिए अंकित म्यूजिकल ग्रुप द्वारा हिंदी, भोजपुरी, खोरठा तथा नागपुरी गाना प्रस्तुत किया गया, जिस पर अधिवक्ता जमकर थिरके और वन भोज का आनंद उठाया। वन भोज में पुराने मॉडल की कार आकर्षण का केंद्र थी। अधिवक्ताओं ने कार पर सवार होकर सेल्फी तथा फोटो शूट कराया।

झारखंड स्टेट बर काउंसिल स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि यह कार्यक्रम धनबाद बार एसोसिएशन के आम अधिवक्ताओं का था। उसमें वह सिर्फ एक गार्जियन की हैसियत से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की मांग थी कि सार्वजनिक वन भोज नए साल में होना चाहिए। उस मांग को देखते हुए उन्होंने कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तमाम अधिवक्ताओं को बधाई दी है।

## गिरिडीह में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली गई भव्य प्रभात फेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्रद्धा और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिला। रविवार को पंजाबी मोहल्ला गुरुद्वारा से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जो मकतपुर, कालीबाड़ी चौक, मुस्लिम बाजार और बड़ा चौक होते हुए मुख्य गुरुद्वारा, स्टेशन रोड पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भक्ति और सिख संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हुए श्रद्धालु भजन- कीर्तन करते रहे, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। भीषण ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। मुख्य गुरुद्वारा पहुंचने पर पुष्पवर्षा और निशान साहिब पर माल्यार्पण कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। श्री गुरु सिंह सभा गिरिडीह के प्रधान डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया ने जानकारी दी कि अखंड पाठ लगातार जारी है। उन्होंने समस्त गिरिडीहवासियों से गुरुद्वारा आकर गुरुवाणी सुनने की अपील की। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## स्पीड न्यूज

### क्षेत्र भ्रमण में विधायक ने सुनी समस्या



**तरहसी पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने तरहसी प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। क्षेत्र भ्रमण में प्रखंड के परसावां में बुजुर्गों ने विधायक से शिकायत की है कि पिछले छः महीनों से इन्हें वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान नहीं किया है। ये राज्य सरकार की कुव्यवस्था से अत्यंत दुखी हैं। जरूरतमंदों का हक छीन कर अपनी पीठ थपथपाना कहीं से उचित नहीं है। मौके पर दीप नारायण महतो, कुलवंती कुंवर, प्रमिला देवी, सुशीला देवी, नंदलाल महतो, रामवृक्ष विश्वकर्मा, नंनदेव महतो मौजूद थे।

### वृद्धापेंशन भुगतान करे सरकार : विधायक



**पांकी पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विस क्षेत्र के प्रखंड नीलांबर-पीतांबरपुर के ग्राम कोइरीपतरा में ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने वृद्धा पेंशन की 6-7 महीनों से लंबित समस्या के बारे में जानकारी ली। तत्काल विधायक ने संबंधित विभाग से इसके तुरंत समाधान का आग्रह किया, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को उनका हक समय पर मिल सके। डॉ मेहता ने सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन से उक्त समस्या का शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया है।

### लोइंगा में आंगनबाड़ी सहायिका चयन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के लोईंगा पंचायत भवन में आंगनबाड़ी केंद्र लोइंगा सहायिका पद का चयन किया गया। सहायिका के लिए पांच लोगों ने अपना दस्तावेज मिले। सभी की जांच की गयी। सभी की योग्यता बीए पास थी। जिसमें संगीता देवी पति नारद यादव का अंक प्रतिशत ज्यादा होने पर उसे चुना गया। पाटन बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अमित झा एवं लोइंगा मुखिया रंजीत यादव ने प्रमाणपत्र दिया।

### पांकी में कांग्रेस पार्टी का जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान मार्च शुरू



**पांकी (शिवशंकर पासवान)।** पलामू जिला कांग्रेस ने जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान मार्च की सोमवार से शुरुआत मनातू से हुई। जिसका नेतृत्व पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। मार्च में पांकी से कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज भी थे। कार्यक्रम हाई स्कूल मोड़ से नाका मोड तक हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज देश के जो हालात है उसे हालत को जिम्मेवार भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। लाल सूरज ने कहा कि देश डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान से चल सकता है और देश में संविधान और डॉ अंबेडकर का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अजय साहू, विक्की तिवारी, निरंजन यादव, अकमल अंसारी, रामप्रवेश यादव, भीम शुक्ला, सुरेंद्र भुइया, बलम उरांव थे।

### बस-हाइवा की टक्कर में किशोरी की मौत



**हरिहरगंज पलामू।** सीमावर्ती बिहार के अंबा थाना क्षेत्र के डिहरी टोला रजवार बिगहा गांव के समीप एनएच 139 पर सड़क किनारे खड़ी यात्री बस में पीछे से हाईवा ट्रेलर ने टक्कर मार दी। जिसमें बस पर धान का बोरा लाद रही रजवार बिगहा के सुरेश रजवार की पुत्री सुमन (15) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि सुरेश की दूसरी पुत्री रेनू तथा दामाद झारखंड के पलामू हुसैनाबाद सिमरसोत के प्रदीप रजवार गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। इन्हें अस्पताल भेजा गया है। बस पर सवार अन्य लोगों को भी हल्की-फुलकी चोट आयी है। घना कोहरा के कारण दृश्यता बेहद कम थी। जानकारी मिलने पर अंबा, कुटुंबा व रिसियप पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया।

### अधिवक्ता संघ कार्यालय में शोक सभा



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शोक सभा की गयी। इसमें सेवानिवृत्त वरीय अधिवक्ता रामप्रवेश सिंह के निधन पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने शोक जताते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। रामदेव यादव ने कहा कि रामप्रवेश कुशल प्रतिभा के धनी थे। वे सभी के साथ मधुर संबंध रखते थे। मौके पर उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, महासचिव अजय पांडेय, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, संयुक्त सचिव प्रशासन नीतिन पांडेय, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी संतोष तिवारी, सह कोषाध्यक्ष देव शुक्ला थे।

### पंचायतों में महिला-बाल सभा आयोजित



**विश्रामपुर (पलामू)।** सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर पंचायतों में इन दिनों महिला व बाल सभा आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को बाघमनवा पंचायत सचिवालय व घासीदाग पंचायत सचिवालय में बाल सभा व महिला सभा का आयोजन किया गया। उद्घाटन घासीदाग मुखिया मंजू देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कहा कि महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। मौके पर मनीष कुमार, रेखा कुमारी, सुनीता देवी,मानो देवी, गीता देवी आदि मौजूद थे।

### मजदूर मनोज की दुर्घटना में मौत : संग्राम सिंह



**पाटन पलामू।** कल रात करीब 6 बजे एकतंगवा निवासी मनोज राम (राज मिस्त्री) काम कर पड़वा से अपने घर लौट रहे थे। बइदा चौक पार करते करीब 400 मीटर की दूरी पर कुंदरी की ओर से आ रही ट्रक उसे रौंदते हुए पार कर गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पाटन थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचकर मामले का जायजा लिया। उसके बाद लोग सड़क पर बैठ गये। जामकर्ताओं ने इसकी जानकारी जिला परिषद संग्राम सिंह को दी। वे भी मौके पर पहुंचे।

# महिला हुनर हार्ट 2025 की तैयारी पूरी : प्रियंका सिंघानिया

## झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर करेंगे मेले का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की बैठक होटल निर्वाणा में चेंबर अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 12 जनवरी को गांधी उद्यान में लगने वाले महिला हुनर हार्ट 2025 की तैयारी की समीक्षा की गयी। प्रियंका ने बताया कि मेले की पूरी तैयारी हो गयी है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के हुनर को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं का यह पहला हुनर हार्ट मेला है जिसके लिए महिलाओं में उत्साह है। बताया कि स्टॉल लगभग फुल हो जा चुका है बचे स्टॉल का 9 जनवरी तक लास्ट बुकिंग लिया जायेगा, जिसका प्रति स्टॉल मात्र 500 एवं बड़ा स्टॉल 1000 रुपये की दर निर्धारित है।



**खास बातें :** मेले की रौनक को बढ़ावा देने एवं बच्चों के हुनर को निखारने के लिए स्केटिंग कंपटीशन जिसका एंट्री फीस मात्र 50 रुपये, डांस कंपटीशन (सोलो एवं ग्रुप), बेबी रैंप वॉक शो, बेस्ट बॉडीबिल्डर शो, डॉग शो, भारतीय परिधान को बढ़ावा देने हेतु मिस्टर मेदिनीनगर, मिस मेदिनी नगर सभी का एंट्री फीस मात्र 200 रुपये रखा गया और रोज शो को निशुल्क किया गया है। संस्था की सचिव शिखा अग्रवाल ने बताया कि सभी तरह के प्रतियोगिता के लिए एंट्री फॉर्म गांधी उद्यान में भी 10 जनवरी तक उपलब्ध हैं जो हम सबों द्वारा निर्धारित संख्या तक ही उपलब्ध होगी। इस मेले में एंट्री लक्की ड्रा कूपन के मार्फत होगी जिसका मूल्य मात्र 50 रूपये रखा गया है और हर 2 घंटे में बंपर प्राइज जैसे टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन जैसे कई उपहार निकाले जायेंगे। मेले का मुख्य आकर्षण कालबेलिया डांस होगा जो राजस्थान के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाता रहेगा। महिला विंग की एक्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल ने बताया कि काफी संख्या में चेंबर महिला विंग की सदस्यता हेतु महिला उद्यमी एवं बहने सामने आई है जिन्हें 9 जनवरी तक सदस्यता दे दी जाएगी और भी जो बहने 9 जनवरी तक सदस्यता हेतु इच्छुक होंगी हमारी संस्था स्क्रूटनी के बाद सदस्यता देंगी। महिला हुनर हार्ट 2025 का टाइमिंग सुबह 11:00 से लास्ट एंट्री शाम 5 बजे तक रखा गया है और मेले का समापन 7:00 बजे तक कर दिया जायेगा।

# ग्रामीणों ने विधायक से लगायी श्मशान घाट की जमीन को भू माफियाओं से बचाने की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता को जमीन का कागजात एवं मांग पत्र देते ढेला गांव के ग्रामीण।

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** प्रखंड स्थित ढेला गांव के श्मशान घाट की जमीन को भूमाफियाओं से बचाने को लेकर ग्रामीण गोलबंद हो चुके हैं। ग्रामीणों ने श्मशान घाट की जमीन सुरक्षित करने को लेकर सोमवार को पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता से गुहार लगायी। विधायक को जमीन से जुड़े कागजात एवं मांग पत्र सौंपी है। इसके पूर्व ग्रामीणों ने लेस्लीगंज थाना प्रभारी एवं सीओ को जमीन से जुड़े मामले से अवगत कराया था। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि सीओ की एक रिपोर्ट के अनुसार ढेला के खाता संख्या 164 प्लॉट संख्या 366 में श्मशान घाट के नाम पर 77 डिसमिल जमीन है। जिसे गांव के कयूम अंसारी उक्त भूमि को फर्जी तरीके से बेचने एवं एवं अवैध कब्जा का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक ने तत्काल दूरभाष पर ही सीओ सुनील सिंह से बात की। उन्होंने ढेला के श्मशान घाट की जमीन का सीमांकन कराने को कहा। वहीं फर्जी कागज बनाकर श्मशान घाट की जमीन से जालसाजी करनेवालों पर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा। विधायक ने सीओ को पत्राचार भी कया है। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि वे श्मशान घाट की जमीन को लूटने नहीं देंगे। ढेला गांव के श्मशान घाट का जमीन आम लोगों का था, है और रहेंगे।

# एग्री स्मार्ट प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए लाभदायक है : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम कोइरीपतरा में एग्री स्मार्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

**किसानों के लिए वरदान साबित होगा एग्री मार्ट :** प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि एग्री स्मार्ट प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए लाभदायक व वरदान साबित होगा। प्रशिक्षण में बताये बातों को किसान अपने घर जाकर खेतों में अमल में लायें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से किसानों में खेती करने के लिए दक्षता आयेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा 10 दिवसीय आयोजित की गई है। प्रशिक्षण 16 जनवरी तक संचालित होगा। इसमें कृषि व कृषि से संबंधित विषय पर किसानों को प्रशिक्षण देकर बेहतर खेती करने के लायक बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसान प्रशिक्षण में बताये गये बातों को ध्यान से सुनें और पहल करें। मौके पर प्रखंड निलामबर पीतांबरपुर के मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, राजकमल वर्मा, प्रकाश मेहता, सुनील कुशवाहा, रौशन मेहता, पायनियर पांडे समेत काफी संख्या में किसान व अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किसानों के बीच किया हेल्थ कार्ड का वितरण



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम कोइरीपतरा में एग्री स्मार्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने किसानों को मृदा सॉइल हेल्थ कार्ड का भी बांटा गया। आज किसानों को आत्म, कृषि और उन्नत कृषि के बारे चर्चा किया गया। मौके पर नौडीहा मुखिया मनदीप महतो, राजकमल महतो, प्रकाश मेहता, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन सिंह, सीआरपी रौशन कुमार मेहता, प्रशिक्षक मोंटेक कुमार, किसान मित्र, अरविंद मेहता, आजेंद्र मेहता, समिति के सदस्य और महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

# विधायक आलोक ने किया एग्री स्मार्ट प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**प्रेमरंजन तिवारी**



दीप्र प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंझीगावां पंचायत एग्री स्मार्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन बिधायक आलोक कुमार चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह प्रशिक्षण किसानों के लिए लाभकारी होगा। साथ ही उनका आय भी दोगुना होगा। यह प्रशिक्षण शिविर दस दिनों तक चलेगा।

**क्षेत्र के 125 किसान किये जायेंगे प्रशिक्षित :** किसानों को बेहतर खेती करने के गुर भी सिखाये जायेंगे। इसमें कुल 125 किसानों को प्रशिक्षित किया जायेगा जो किसानों के हित में लाभकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे प्रशिक्षण आवश्यक है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य बिकास चौरसिया (संटू चौरसिया), उप परियोजना पदाधिकारी आत्मा पलामू, मुखिया अनिता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रभा देवी, कृषि मित्र महेंद्र प्रसाद चौरसिया व किसान उपस्थित थे। प्रशिक्षकों ने किसानों को अपने खेतों की मिट्टी जांच कराकर मौसम के अनुकूल फसल लगाने की बात कही। कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करके किसान अपनी आय को बढ़ायें। साथ ही देश के विकास में सहभागी बनें।

# पांकी विधायक ने अभियंता प्रमुख से की थी उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने की मांग

- पांकी विधायक की पहल पर भवन में अनियमितता की जांच के लिए भवन निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख ने बनायी उच्चास्तरीय जांच समिति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता के पहल पर रांची भवन निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख ने निर्माणाधीन विद्यालय भवन में अनियमितता की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। जिसमें भवन निर्माण विभाग झारखंड केंद्रीय निरूपण संगठन के मुख्य अभियंता पंकज कुमार को अध्यक्ष, भवन निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता बिहारी प्रसाद व रांची भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, अधीक्षण अभियंता निरूपण कार्यालय के अजय कुमार हेंब्रम को सदस्य बनाया है। अभियंता प्रमुख ने कहा है कि पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता के पत्र में वर्णित सभी तथ्यों की विस्तृत रूप से जांच करते हुए मंतव्य के साथ जांच प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से विभाग को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

# सांसद कालीचरण सिंह से मिले कंबलों का वितरण क्षेत्र में प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा उपलब्ध कराये गये कंबलों को कड़ाके की ठंड तथा गिरते तापमान को देखते हुए सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के छः पंचायतों में वितरण शुरू कर दिया गया है। चतरा संसदीय क्षेत्र के रबदा गांव में कंबल वितरण करते हुए पूर्व पंसस धीरज कुमार ने बताया कि सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के छः पंचायत के गरीब असहाय लोगों के बीच माननीय सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा वितरण करने हेतु कंबल उपलब्ध कराया गया है जिसे भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जरूरतमंदों तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते एक सप्ताह के दौरान तापमान में काफी गिरावट आई है जिसके कारण गरीबों को ठंड से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धीरज कुमार ने सांसद कालीचरण सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस कड़ाके के ठंड में उपलब्ध कराये गये कंबल से जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी।

### अगलगी में नगद समेत लाखों के सामान खाक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम पाल्हे कला में एक घर में आग लग गयी। आग लगने से घर में रखे 43 हजार नगद व लाखों का सामान खाक हो गया। भुक्तभोगी शोभी साव पिता नारायण साव ने बताया कि रविवार की सुबह 11 बजे आग की चिनगारी से अचानक आग लग गयी। उस समय घर में सिर्फ एक महिला थी। एक कमरे में रखे सामान जलकर खाक हो गया। भुक्तभोगी व्यापारी का काम करहा है। धान बेचकर ग्राहक को देने के लिए 43 हजार रुपये रखा था, वह भी जल गया। मौके पर पहुंचे पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हितनारायण सिंह ने जले हुए सामान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि भुक्तभोगी को सरकार से उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

### रेलवे ट्रैक से संदिग्ध हालत में शव बरामद



**मोहम्मदगंज पलामू।** थानान्तर्गत कोसियारा व मोहम्मदगंज स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक से सोमवार की सुबह मोहम्मदगंज पुलिस ने संदिग्ध हालत में एक शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेज दिया है। घटना कोसियारा-मोहम्मदगंज स्टेशन के बीच डाली गांव के पास रेलवे खंभा संख्या 352/25 एस ओ 4/ओवीक्यू के पास अप ट्रैक में ट्रेन की चपेट में आने से घटी है। सूचना पाते ही थाना प्रभारी मुकेश सिंह के निर्देशानुसार ए एस आई शेख अमानुल्लाह पुलिस बल के साथ पहुंचे। मृतक गढ़वा कांडी के बलियारी गांव निवासी जानसु दुबे का पुत्र सुजीत (18) है। मृतक करीब छह माह से घर पर ही रह रहा था, जो कोटा राजस्थान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगा हुआ था। वह इन दिनों मानसिक परेशान भी था। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेज मामले की छानबीन में है।

### अभिभावकों-शिक्षकों के सकारात्मक संबंध से ही बच्चों के सपनों को मिलेगी नयी उड़ान : अविनाश



**मेदिनीनगर।** मौजूदा दौर में मात्र परीक्षाओं में अर्जित अंक ही बच्चों के विकास और चरित्र का दर्पण माना जाता है। प्राप्तांक किसी विषय विशेष में मात्र ज्ञान के सूचक भर है, चरित्र की गुणवत्ता का मापक तो बिल्कुल भी नहीं। एक आदर्श नागरिक बनने में अच्छे अंकों के साथ अच्छे नैतिक मूल्य एवं आचरण का मिश्रण भी आवश्यक है, जिसे विकसित करने के लिए रविवार को कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय परिसर में शिक्षक-अभिभावक संवाद का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, किड्स स्कूल निदेशक आनंद कुमार, उप प्राचार्य, समन्वयक व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## छात्रों की समझ बढ़ाने को शिक्षकों का द्विभाषी होना जरूरी : प्राचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- एमके डीएवी में चल रहे संकुल स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आज दूसरा दिन
- छात्र की पारिवारिक परिस्थिति व उसकी सकुचाहट दूर कैसे करें, खिलखिलाते कक्षा-कक्ष का निर्माण, ईई डीपी पर विचार मंथन



**मेदिनीनगर।** सेंट्रल मैनेजिंग कमेटी दिल्ली के अकादमी उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दूसरे दिन कई लोाग शामिल हुए। आज प्रातः 9 बजे अल्पाहार के पश्चात सभी प्रशिक्षु तीन अलग-अलग वर्गों में विभक्त होकर अपने-अपने कक्षाओं में पहुंच गये। प्रथम सत्र में क्रिएटिव माइंड एट प्ले, इनकरेजिंग आर्ट क्रिएटिविटी एंड प्ले इन अर्ली चाइल्डहुड - कुमारी हर्षिता डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला द्वारा। सब्सटांस एब्यूज- सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन रवीना श्रीवास्तव तथा एजुकेटिंग पैरेंट्स अबाउट एजुकेशन कमलेश कुमार प्राचार्य डीएवी खलारी ने प्रस्तुत किया।

## युवक की गला काट कर हत्या,जांच में जुटी पुलिस

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर के रानीताल डैम से सटे द्वारपार पहाड़ी के शिवस्थान के पास झाड़ी से पुलिस ने शनिवार की रात एक युवक का शव बरामद किया है। शव को देखकर यह लगता है कि तेज धार हथियार से उसकी गला काटकर हत्या की गयी है। इसके अलावे उसके गुप्तांग को भी काटा गया है। शव के अन्य स्थानों पर भी जख्म के निशान हैं, जिसे देखकर कहा जा रहा है कि युवक की हत्या दर्दनाक रूप से की गयी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## धर्म-राष्ट्र का कार्य ही सच्ची श्रद्धा वे सम्मान के पात्रः डॉ एमके रॉय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- डॉ एमके रॉय ने मां की प्रथम पुण्यतिथि श्री रामायण पुस्तक से लोगों को किया पुरस्कृत



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर में चांदसी दवा खाना के नाम से मशहूर डॉ मलय कुमार रॉय ने अपनी माता स्वर्गीय लालमती देवी के प्रथम पुण्यतिथि पर सनातन धर्म ग्रन्थ के पुस्तक श्री राम चरित्रमानस से सम्मानित किया और उन्होंने इस पुनीत कार्य कर समाज मे एक नई उदाहरण पेश किया,जिससे शहर के प्रबुद्ध लोगों उन्हें यह सराहनीय करने का उदाहरण दिया है, जो सभी के अनुकरणीय हैं, कार्यक्रम रविवार की रात्रि आठ बजे शहर के महावीर जी भवन जपला में एक समारोह के रूप में शहर के प्रबुद्ध व धर्म कार्यो में लगे लोगों के बीच किया। कार्यक्रम का संचालन सचिन कुमार आनंद ने किया। अध्यक्षता आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप ने किया।

# सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा स्थित टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के छात्रावास में सोमवार को भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि किसी भी संगठन या राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता ही रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व के सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो जाति धर्म से ऊपर उठकर देश हित में विकास की बातें करती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान विश्व में बढा है तथा देश का विकास तेजी गति से हो रहा है। वही मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में भाजपा का सदस्य बनाया जा रहा है। इस दौरान सतबरवा मां काली मंदिर के समीप स्टॉल लगाकर कई लोगों भाजपा का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर महेश्वर सिंह, रवि प्रसाद, आशीष सिन्हा, महेश यादव, अनुज चंद्रवंशी, मनीष कुमार, चंचल यादव, ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, विकास तिवारी, अजीत सोनी, सुधीर साव, मुधीर साव, किशुन साव व कई लोग मौजूद थे।

# डॉ तेशाम व लीला बने अध्यक्ष



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- बिहार की तर्ज पर मानदेय और विकास फंड की मांग को लेकर वार्ड सदस्य संघ का गठन

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में रविवार को आयोजित बैठक में वार्ड सदस्य संघ का गठन किया गया। इसमें डॉ तेशाम अली और लीला देवी को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि निलेश कुमार सिंह, शशि देवी सचिव, खुशबू कुमारी, रविरंजन सिंह उपाध्यक्ष, आफरिन खातून, लक्ष्मण सिंह कोषाध्यक्ष के अलावा शमसुल हक अंसारी और रामजी राम को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। बैठक में बिहार की तर्ज पर मानदेय और विकास फंड की मांग को लेकर संघर्ष करने का भी निर्णय लिया गया। प्रखंड स्तरीय इस संघ का गठन और पदधारियों का चुनाव सर्वसम्मति से पलामू जिला वार्ड सदस्य संघ के प्रतिनिधि अनिल कुमार राम और सोनू कुमार की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बिहार की तर्ज पर मानदेय और विकास फंड की मांगों को लेकर एकजुट हो संघर्ष करने के लिए तैयार होने का आह्वान किया।

# विधायक ने किया बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते विधायक

**मझिआंव।** मझिआंव गढ़ प्रांगण में नया सवेरा नया उजाला सीजन 3 के तत्वावधान में आयोजित बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव एवं राधा कृष्ण मंदिर के बाल पुजारी श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। उसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच के मझिआंव एवं विश्रामपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें मझिआंव की टीम ने दो सेटों में लगातार दो जीरो का स्कोर कर विजेता रही। वहीं दूसरी सेट में मैच मेदिनीनगर एवं विश्रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें मेदिनीनगर की टीम ने भी दो सेटों में लगातार दो जीरो से जीत हासिल की।

मौके पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने नया सवेरा नया उजाला के सभी मेंबरों सहित आम अवाम को नए साल की शुभकामनाये दी। साथ ही उन्होंने बैडमिंटन टूनार्मेंट के आयोजन कर्ता मारुति नंदन सोनी को भी धन्यवाद दिया। कहा कि आप लोग क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल या बैडमिंटन आदि जब भी किसी प्रतियोगिता का आयोजन करें, लोकल बच्चों (खिलाड़ियों) को जरूर प्राथमिकता दें। ताकि लोकल खिलाड़ी अपने प्रतिभा को निखार सके। उन्होंने कहा कि मैं आप सबों के बीच एक से डेढ़ माह का विधायक हूं। और मैं बिना जाने समझे खजूरी जलाशय योजना को पूरा करूंगा। चाहे जिस रूप में बने सरकारी व्यवस्था से या अपनी व्यवस्था से मैं इसको जरूर पूरा करूंगा। भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि महागठबंधन के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव से पूर्व मईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा किया था। वादा पूरा करने का समय आ चुका है।

मईयां सम्मान योजना का पहला किस्त 6 जनवरी को 2500 तथा दूसरा किस्त 15 जनवरी को 2500 रुपए यानी जनवरी में सभी महिलाओं के खाते में 5000 रुपए भेजने की शुरूआत हो चुकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि मझिआंव का सबसे महत्वपूर्ण काम कोयल नदी पर तटबंध का निर्माण करना है। अगर समय रहते तटबंध का निर्माण नहीं कराया गया तो मझिआंव नगर पंचायत का पूरा इलाका नदी में समाहित हो जाएगा। इस दौरान विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव एवं भाई दीपक प्रताप देव ने भी अपना उद्गार व्यक्त किया।

मुख्य अंपायर की भूमिका में विनोदानंद त्रिपाठी उर्फ रिंकू पंडा, चंदन कमलापुरी एवं पप्पू खलीफा तथा कमेंटेटर की भूमिका पप्पू जायसवाल ने निभाई। मौके पर नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन टूनार्मेंट के तमाम मेंबरों के अलावा शहर के गणमान्य लोग शामिल थे।

## पंचायत सचिवालय में कंबल वितरण


कंबल वितरण करते मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** पंचायत सचिवालय में लगभग डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया बेबी देवी, प्रमुख शोभा देवी, जिला पार्षद रंजनी शर्मा और उपमुखिया समलेश राउत ने संयुक्त रूप से पंचायत के विभिन्न वार्डों में निवास करने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर वर्ग के महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरित किया। मौके पर मुखिया बेबी देवी ने बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त कंबल का वितरण कड़ाके की ठंड और शीतलहर से गरीब और असहाय लोगों को बचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मौके पर झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, वार्ड सदस्य सुंदर देवी, रानी देवी, रीना बारी सहित पंचायत के कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# प्रखंड प्रमुख ने विधायक पर बीडीसी को बरगलाने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते प्रखंड प्रमुख

**कांडी।** प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधायक नरेश प्रसाद सिंह पर षडयंत्र के तहत सभी पंचायत समिति सदस्य को बरगलाने का आरोप लगाया है। श्री पांडेय ने कहा कि विधायक विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास पर नहीं बल्कि प्रमुख और मुखिया को हटाने की साजिश रचने में व्यस्त हैं। विधायक अपने आवास पर पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी गाड़ी से कांडी लाए। कांडी पुलिस को उनके सुरक्षा में तैनात किया। विधायक को जीते हुए अभी दो माह भी नहीं हुआ है कि वे सभी जगहों से वसूली के लिए नए नए हथकंडे अपनाने लगे। उन्हे मनरेगा व जमीन के दाखिल खारिज में कमीशन चाहिए। उन्हे मुखिया फंड में कमीशन चाहिए। उन्हे लगा कि कांडी प्रखंड प्रमुख इतनी आसानी से उनकी मुट्ठी में नहीं आ पाएंगे इसलिए प्रखंड व पंचायत का सारा सिस्टम अपनी मुट्ठी में करने के उद्देश्य से विधायक द्वारा इतना बड़ा षडयंत्र किया जा रहा है। पिंकू पांडेय ने कहा कि अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए विधायक द्वारा लगातार मुखिया या अन्य जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाया जा रहा है। विधायक के इस कृत्य से सरकार की बदनामी होगी। प्रमुख ने कहा कि वे इसकी शिकायत पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के साथ साथ सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से करेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि मैं विधायक से डरने वाला नहीं हूं।

इस संबंध में पूछे जाने पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मुझे प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया व वार्ड पार्षद के विवाद से कोई लेना देना नहीं है। यह पंचायत समिति सदस्यों का अपना समस्या है। मुझे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बहुत काम है। प्रखंड प्रमुख के विभिन्न विभागों से कमीशन वसूलने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए विधायक ने कहा कि प्रमुख का आरोप बेबुनियाद है। वे अपने पांच वर्षो के कार्यकाल में किसी से अवैध रूप से एक रुपया भी नहीं लेंगे।

## रेलवे लाइन से युवक का शव बरामद

**कांडी।** थाना क्षेत्र के बलियारी गांव निवासी 18 वर्षीय युवक का शव पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत गढ़वा रोड-सोन नगर रेल खंड पर रेलवे ट्रैक से सोमवार की सुबह मोहम्मदगंज पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेजा है। घटना कोसियारा-मोहम्मदगंज स्टेशन के बीच डाली गांव के पास रेलवे में ट्रेन के चपेट में आने से घटी हुई बताई जा रही है।

घटना की सूचना पाते ही मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार एएसआई शेख अमानुल्लाह पुलिस बल के साथ पहुचें ,घटनास्थल के पास एक बाइक भी ट्रैक किनारे लगाया हुआ था। जानकारी मिलते ही परिजन भी खोजते हुए घटनास्थल पहुंचे। मृत युवक की पहचान प्रकाश दुबे उर्फ जानसू दुबे उम्र करीब 18 वर्ष गढ़वा जिला के कांडी थाना अंतर्गत बलियारी गांव निवासी सुरजीत दुबे के पुत्र के रूप में की गई।

# पीसीसी पथ बनाकर बंद किया गया घर के पानी का निकास

खबर मन्त्र संवाददाता


घर के पास बना पीसीसी पथ

**मझिआंव।** नगर पंचायत के संवेदक द्वारा चन्द्री के सोरहबिगहवा टोले पर मुख्य पथ सुरेश मेहता के घर से प्रेम शंकर शर्मा के घर तक बिना नाली बनाये ही पीसीसी पथ बनाकर घर का पानी निकासी बंद किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में राम परीखा मेहता उर्फ रामसरेस मेहता द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर मामले की जानकारी दी। दिए गए पत्र में कहा गया है कि उन्होंने 29 नवंबर 2024 को लिखित आवेदन देकर पीसीसी पथ से पहले नाली बनवाने की मांग की थी। लेकिन आवेदन देने के 10 दिन बाद ही ठेकेदार द्वारा जबरन पीसीसी पथ बना दिया गया। जबकि आवेदन देते समय कार्यपालक पदाधिकारी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया था कि नाली बनाने के बाद ही पीसीसी पथ बनेगा। श्री मेहता ने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे घर के पानी का निकास पच्छिम सड़क पर था और पीसीसी पथ बनने के बाद घर का पानी निकासी तरह से निकासी बंद हो गया है। वर्तमान में मुख्य पथ घर से लगभग दो फिट ऊंचा हो गया है जिससे वर्षा होने पर मुख्य पथ का पानी अब नाली के माध्यम से मेरे घर में प्रवेश कर सकता है। पत्र में लिखा गया है कि मुख्य पथ में नाली नहीं होने के कारण वह अपने घर का पानी मुख्य पथ में भी नहीं निकाल सकते अगर मुख्य पथ पर नाली बनाया गया होता तो घर के पानी का निकास उसमें हो सकता था। लेकिन अब उनके घर के नाली का पानी निकासी पूरी तरह से बंद हो गया है। जिससे हमारे पूरे परिवार के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में पूछने पर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पथ निर्माण विभाग को पत्र भेजकर मुख्य पथ पर नाली निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर विकास विभाग द्वारा नाली मद की राशि नही भेजी गई है। राशि आते ही नाली निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

## गुरू गोविंद सिंह की जयंती मनी



दीप जलाते निदेषक

**गढ़वा।** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल सह जय हिंद कोचिंग सेंटर में सिक्खों के दसवें और अंतिम गुरु गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। निदेशक सुशील केषरी ने दीप प्रज्वलन कर सेमिनार की शुरूआत की। तत्पश्चात बच्चों को गुरु गोविंद सिंह की जीवनी के बारे में अवगत कराया गया। मौके पर अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह का जन्म 6 जनवरी 1966 को पटना में हुआ था। उनकी माता का नाम गुजरी तथा पिता का नाम गुरु तेग बहादुर था। बचपन से ही वे काफी कुशाग्र और वीर थे। 7 अक्टूबर 1708 को 42 वर्ष की उम्र में नांदेड़ में उनकी मृत्यु हुई। वह धैर्य साहस एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। मिथिलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उनके जन्म दिवस को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने पुत्रों तक को बलिदान कर दिया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर ओम प्रकाश शर्मा, मदन मोहन द्विवेदी, सचिव पूनम देवी सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# रामासाहू और बीपी डीएवी सेमीफाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता


पुरस्कार देते प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुधीर पाठक व अन्य

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 21वें दिन रामासाहू की टीम ने आरके पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से बीपी डीएवी ने जवाहर नवोदय को 17 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आरके पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रामा साहू के गेंदबाज कार्तिक और अभिनव ने घातक गेंदबाजी करते हुए आरके पब्लिक को 61 रन पर ही समेट दिया। कार्तिक और अभिनव ने चार चार विकेट झटके। जबाबी पारी खेलने उतरी रामासाहू अजीत के 21 के सहयोग से छह ओवर शेष रहते दो विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। दूसरे मैच में बीपी डीएवी पहले बल्लेबाजी करने उतरी सलामी बल्लेबाज ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के सात ओवर में 72 रन की साझेदारी करते होए निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 149 रन बनाए। जिसमे प्रतुष के 34, ऋषभ के 33 और सत्यम के 32 रन शामिल हैं। जबाबी पारी खेलने उतरी जवाहर नवोदय की टीम हिमांशु 63, रोशन के 32 रन के सहारे 132 रन ही बना पाई। बीपी डीएवी की और से प्रत्यूष ने तीन विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामासाहू के कार्तिक और बीपीडीएवी के प्रत्युष को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुधीर पाठक, पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, चंदन कश्यप, विनय पांडेय, आशुतोष रंजन, रजनीश ठाकुर, सोनू ने प्रदान किया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आकाश, धीरज, प्रवीण मिश्रा, प्रिंस खान, मनोज तिवारी, नमन आकाश कुमार, नैतिक, हेमंत आदि लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### जन सुराज नेता प्रशांत किशोर को बिना शर्त मिली जमानत

**पटना।** जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर को आज दिनभर चले उठापटक के बाद शाम में सिविल कोर्ट से बिना शर्त जमानत मिल गयी है। इसके पहले कोर्ट में प्रशांत किशोर ने सशर्त जमानत लेने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में बेउर जेल ले जाया गया था। इसके बाद प्रशांत किशोर ने जेल में ही आमरण अनशन करने का ऐलान किया था। इस मामले में प्रशांत किशोर के अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पुलिस प्रशांत किशोर को गिरफ्तार कर सिविल कोर्ट लाई। तब तक उन्होंने बेल पिटीशन तैयार कर लिया था। कोर्ट में पेशी के बाद इस मामले में सुनवाई हुई। बहस के बाद कोर्ट ने पीके को 25 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी। कोर्ट ने पीके के सामने शर्त रखा कि वो एक पीआर बॉन्ड भर कर देंगे। इसमें लिखा है कि भविष्य में पीके ये ऑफेन्स दोबारा नहीं करेंगे। वकील ने कहा कि उन्होंने इस बात पर अपत्ति जताई। बॉन्ड को भरने मतलब ये मानना है कि उन्होंने ऑफेन्स किया है। ऐसे में पीके भविष्य में किसी भी तरह का आंदोलन नहीं कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर 2 जनवरी से पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे थे। इसके बाद 6 जनवरी को भोर चार बजे बिहार पुलिस प्रशांत किशोर को आमरण अनशन स्थल गांधी मूर्ति से गिरफ्तार कर 5 घंटे तक एंबुलेंस में घुमाती रही। फिर उन्हें फतुआ के सामुदायिक अस्पताल ले गई और उसके बाद पीरबहोर सिविल कोर्ट पटना लेकर आई। प्रशांत किशोर को सिविल कोर्ट से 25 हजार के मुचलके पर सशर्त जमानत मिल गई थी लेकिन उन्होंने बेल बॉन्ड भरने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

### मुख्यमंत्री ने तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में मत्था टेका



**पटना।** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के 358वें प्रकाश पर्व बिहार में हर्ष और उल्लास से मनाया गया। प्रकाश पर्व पर पटना साहिब गुरुद्वारा में महालंगर प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु प्रसाद के रूप में लंगर चखा। लंगर में 24 घंटे महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं को निस्वार्थ भाव से लंगर चखाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सहयोगी मंत्रियों विजय कुमार सिन्हा और विजय चौधरी के साथ तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब में मत्था टेका। इस मौके पर गुरुद्वारा में सेवादारों ने निस्वार्थ भाव से सेवाएं दीं। कोई खाना बनाने में लगा था तो कोई श्रद्धालुओं को खिलाने में लगा था। महिलाएं रोटियां बनाने में जुटी थी। कोई सब्जी काटने में लगी थी। सेवादारों की श्रद्धाभक्ति देखते ही बनी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर शुभकामना संदेश में कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मैं सिख समुदाय के सभी भाईयों एवं बहनों के साथ सभी बिहारवासियों के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही इस अवसर पर बिहार की पवित्र धरती पर पधारे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन संघर्ष, त्याग एवं बलिदान की अनुपम गाथा है। सत्यनिष्ठा, स्वाभिमान, राष्ट्र-प्रेम तथा सामाजिक समरसता से परिपूर्ण उनका जीवन सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है। प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए पंजाब के बटाला से 1505 किलोमीटर की साइकिल यात्रा तय करके सिख श्रद्धालु मनिंदर सिंह पटना साहिब पहुंचे। 22 दिसंबर को मनिंदर ने पंजाब से अपनी यात्रा शुरू की थी। गुरु गोविंद सिंह की जयंती में शामिल होने के लिए वो 6 जनवरी को पटना साहिब पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य देश में शांति का संदेश फैलाना है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के दिशा निर्देश पर 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को जिले के सहिजना में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी ने विधवा अंजलि कुंवर जो किसी तरह अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं उन्हें स्पॉन्सरशिप के तहत चार हजार रुपए प्रति माह दिलाने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की। इनकी पुत्री निशा कुमारी एवं पुत्र शैलेश राम पैसे के अभाव में पढ़ाई बंद कर दिये हैं। जिसके बाद पुत्री को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की भी प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। इस दौरान एक अन्य विधवा फूलमती कुंवर पति स्व. प्यारी राम उन्हें अब तक वृद्धा पेंशन नहीं मिला उन्हें भी वृद्धा पेंशन का लाभ के लिए पीएलवी ने प्रयास शुरू कर दिया है। इस कार्य को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की काफी सराहना की है। साथ ही पीएलवी ने अन्य कई योजनाओं के बारे में भी जानकारी ग्रामीणों की दी गई। मौके पर पीएलवी रामाशंकर चौबे, कृष्णानंद दुबे, अरविंद तिवारी, संगीता सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक ने लगाया देव बृक्ष पीपल

**मझिआंव।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक बृजबिहारी पांडेय सोमवार को अपने पैतृक आवास दलको पहुंचे। गांव के उत्तर में स्थित ध्वस्त हो चुके प्राचीन देवबृक्ष पीपल के स्थान पर नया पीपल का पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह देवबृक्ष जैसे जैसे बढ़ेगा वैसे वैसे मेरे गांव का भी विकास होगा। उन्होंने ग्राम वासियों से गांव के विकास के लिए कदम कदम पर साथ चलने एवं भरपूर सहयोग करने का आस्वासन दिया। श्री पांडेय ने कहा कि वे भले ही राज्य की राजधानी रांची में रहते हों लेकिन उनका दिल गांव में ही बसता है। यहां की मिट्टी में वे खेलकर पले बढ़े हैं। इसलिये यहां के बच्चे बूढ़े सभी अति प्रिय हैं। उन्होंने कहा कि गांव का ऐतिहासिक देवबृक्ष गिर गया था इसलिए एक नया पीपल का पौधा लगाया गया है और निजी खर्च से ब्रह्म बाबा के चबूतरे का निर्माण कराया। उन्होंने गांव के ऐतिहासिक ठाकुर बाड़ी मंदिर(राम सीता व लखनलाल) के संबंध में बताया कि मंदिर का लगभग 25 एकड़ भूमि है, जिसकी ग्रीष्म ऋतु में मापी कराई जाएगी। इस बारे में उन्होंने धार्मिक न्यासबोर्ड के झारखंड प्रदेश सदस्य हृदयानंद मिश्रा से भी बात कर चुके हैं। मौके पर द्वारिका नाथ पांडेय, योगेश्वर पांडेय, ललित शर्मा, कामाख्या नारायण पांडेय, नंदन कुमार पासवान, सुभाष पांडेय, चेतन पांडेय, उज्जवल दुबे, शिवम शर्मा आदि उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**नालंदा।** हरनौत थाना क्षेत्र के रुपसपुर गांव के पास सोमवार को खेत से काम करके घर लौट रहे एक किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या बीस पर हुई। मालूम हो कि रुपसपुर से मुसहरी गांव तक एलिवेटेड रोड बना है।जिसपर गाड़ियां सरपट दौड़ती है।इस रोड पर खासकर चढ़ने एवं उतरने वक्त गाड़ियों की रफ्तार काफी तेज रहती है। इसी क्रम में रूपसपुर गांव के मुकेश चौधरी(52) घर से खेत के लिए निकले थे।

# सदर अस्पताल में मलेरिया बचाव एवं नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल के सभागार में सोमवार को कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरो के साथ मलेरिया बचाव एवं नियंत्रण से संबंधित उन्मुखीकरण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएस डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मझिआंव, रंका और भंडरिया के सीएचओ को मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, डेंगू, जेई जैसी बीमारियों के बचाव और नियंत्रण पर चर्चा किया गया। इस दौरान सीएस ने फाइलेरिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की बचाव और नियंत्रण पर जोर दिया और सही तरीके से ब्लड टेस्टिंग करने की महत्वता के बारे में बताया।

प्रशिक्षक जिला वीबीडी (वेक्टर-जनित रोग) पदाधिकारी डॉ पुष्पा सहगल और जिला वीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी ने कम्युनिकेबल और नॉन कम्युनिकेबल डिजीज को ओरिएंट किया और टीम एमडीए राउंड को लेकर टीम को प्रोत्साहित करने और 10 से 25 फरवरी के बीच हो रहे इस राउंड में रोल और रिस्पांसिबिलिटी पर विस्तार से चर्चा की गई। पिरामल के प्रोग्राम मैनेजर कमल मिश्रा और सीनियर प्रोग्राम लीड ने सीएचओ को पंचायत के साथ मिलकर काम करने और जागरूकता अभियान को सही तरीके से करने पर जोर दिया जिससे प्रोग्राम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मलेरिया, फाइलेरिया जैसी गंभीर समस्याओं को जागरूकता अभियान द्वारा इसका समाधान किया जा सकता है। मौके पर सीएचओ सुग्रीव धाकड़, असित राज पटेल, शशि तिर्की, अनिमा टोप्पो, असुल चौधरी, खुशबु राय आदि उपस्थित थे।


जानकारी देते सीएस

# कम होती बचत

देश में आर्थिक विकास की बात बहुत जोरशोर से हो रहा है लेकिन घरेलू बचत के घटने पर चिंता भी है। घरेलू बचत, जो किसी व्यक्ति की आय का शेष हिस्सा होती है, जो 2006-07 में जीडीपी का 18 प्रतिशत थी, लेकिन 2022-23 में यह घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई है। इसका मुख्य कारण छोटी बचत योजनाओं जैसे राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना पर कम ब्याज दर है, जिससे छोटे निवेशक शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और सोने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। साथ ही, बढ़ते कर्ज, जैसे आवास और शिक्षा के लिए ऋण, भी घरेलू बचत में कमी का कारण बन रहे हैं। इस स्थिति पर अगर चर्चा नहीं हुई तो यह समस्या इतनी बड़ी जो जायेगी जिसके कारण देश के विकास गति पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर चल रहे देश को एक समान और न्यूनतम सुविधा वाले बड़ी जनसंख्या की आवश्यकता है। आज देश में सात करोड़ जिनकी संख्या लगभग 35 करोड़ होगी। वे देश की अधिकतम सुविधाओं का उपभोग कर रहें हैं। जबकि लगभग 25 करोड़ परिवार जिनकी आबादी लगभग 100 करोड़ है उनके पास रोजगार-शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुलभूत सुविधा भी नहीं है। देश की आर्थिक दशा कुछ सीमित लोगों की बढ़ते धन से बढ़ना अर्थव्यवस्था के लिये खतरे की घंटी है। किसी भी देश के लिये उसकी अधिकतम आबादी की आय और जीवन स्तर का बेहतर होना देश के विकसित होने का संकेत है लेकिन देश से मिल रहे संकेत बेहतर नहीं है। देश के धन का वितरण लाभ की हिस्सेदारी इस प्रकार से हो जिससे यह निचले तबकों तक पहुंचे अन्यथा स्थिति 1990-91की आर्थिक बदहाली से भी अधिक खराब होगी। सामाजिक संतुलन और शांति के साथ विधि व्यवस्था भी इससे सीधे प्रभावित होती है।

## कार्टून वर्ल्ड







**मेष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यो में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5**

**मिथुन : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5**

**कर्क : शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7**

**सिंह : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**कन्या: शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें। शुभांक-2-5-7**

**तुला : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7**

**वृश्चिक : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6**

**धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8**

**मकर : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9**

**कुंभ : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यो का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7**

**मीन : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6**

# तहिं प्रकाश हमरा भयो पटना शहर विखे भव लयो

**(श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के 35प्रकाश उत्सव पर विशेष आलेख)**

**पीड़ित** मानवता के त्राता और महान राष्ट्रीय योद्धा श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का जन्म आज से लगङ्गाग 358 वर्ष पूर्व पटना शहर में हुआ था । वहां पर उनकी स्मृति में आज विशाल गुरूद्वारा कायम है। देश के पांच प्रमुख तख्तों में इस गुरूद्वारा का शीर्ष स्थान है जिसे दुनिया के लोग तख्त श्री हरिमंदिर जी या पटना साहेब के नाम से जानते हैं । करोड़ों रुपए की लागत से बना लगभग एक सौ आठ फीट ऊँचा यह सतमंजिला मंदिर आज सारी दुनियां के आकर्षण और आशाओं-आकांक्षाओं का केन्द्र है । फलतः संसार के विभिन्न भागों से प्रति वर्ष लाखों व्यक्ति तख्त श्री हरिमंदिर जी के दर्शनार्थ पटना साहिब पधारते हैं और यहां श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के हस्ताक्षर वाली श्री गुरू ग्रन्थ साहेब की मूल प्रति तथा गुरूजी के जीवन से सम्बद्ध अन्य ऐतिहासिक सामग्रियों के दर्शन कर अपना जीवन धन्य मानते हैं ।

गंगा के निकट, नगर के प्राचीन ऐतिहासिक स्थल पर यह गुरूद्वारा विभिन्न सम्प्रदायों के प्राचीन तीर्थों के बीच खड़ा विभिन्न धर्मों के बीच जैसे एकता की लड़ी पिरो रहा है। तख्त श्री हरिमंदिर जी जिस स्थान पर स्थित है उसे यदि हम ह्यआध्यात्मिक प्रांगणह्न (स्प्रिचुअल कम्पलेक्स) की संज्ञा दें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी । श्री हरिमंदिर जी के आसपास सैंकड़ो-हजारों वर्ष प्राचीन ऐसे आधे दर्जन हिन्दू, मुस्लिम और जैन तीर्थ है जिनका अखिल भारतीय महत्व है। वे है नगर रक्षिका पटनदेवी, कालीजी, पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर, दिगम्बर जैन मंदिर, काली बीबी का कटरा, साइस्ता खां की मस्जिद, मीर अशरफ की मस्जिद और अम्बर की मस्जिद । अम्बर की मस्जिद और जैन श्वेताम्बर मंदिर की दीवारें तो हरिमंदिर जी से बिलकुल सटी है।

पटनदेवी को देश की बावन शक्ति पीठों में एक पीठ माना जाता है जहाँ पार्वती जी का पटल गिरा था, जिसकी वजह से इस शहर का नाम पटला पड़ा जो बाद में पटना हो गया । साइस्ता खां की मस्जिद इस्लामी अदब और अदीब का महत्वपूर्ण केन्द्र था जहाँ अरबी और फारसी की शिक्षा प्राप्त करने के लिए राजा राम मोहन राय भी आकर महीनों तक रहे थे । हरिमंदिर जी से सटा जैन श्वेताम्बर मंदिर करीब पच्चीस सौ वर्ष प्राचीन है जहां पालकालीन दुर्लभ प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं । काली जी का मंदिर भी बड़ा



प्राचीन है जहां शाह आलम ने भी आकर सिजदा किया था । कहते हैं श्मशान मुद्रा में चंडी की ऐसी मूर्ति अन्यत्र देखने को नहीं मिलती ।

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गुरू

**। भांति-भांति के तीरथ नाना ।**
**अभी जात त्रिवेणी भये**
**तहिं प्रकाश हमारा भयो**
**पटना शहर विखै भव लयो ।**
साहिब श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज



**- ज्ञानवर्द्धन मिश्र**

> बहुतों को यह जानकारी नहीं होगी कि बिहार में एक ऐसी भी जगह है जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई के बीच आपसी सद्भाव की गंगा जमुनी की वर्षों से अविरल धारा प्रवाहित हो रही है । राजधानी पटना में अंतर्राष्ट्रीय महत्व का तख्त श्रीहरिमंदिर के इर्द-गिर्द एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का यह आध्यात्मिक केन्द्र (स्प्रिचुअल कम्पलेक्स) इसका अप्रतिम उदाहरण है ।

गोबिन्द सिंह जी महाराज का जन्म सन् 1666 में हिन्दी तिथि के अनुसार पौष मुदी सप्तमी को उसी स्थान पर हुआ था जहां आज तख्त श्री हरिमंदिर जी कायम है। श्री गुरू नानक देव जी भी अपनी यात्रा के क्रम में यहां आये थे और इस स्थान पर ठहरे थे जो बाद में गुरूद्वारा बन गया था । बाद में श्री गुरू तेग बहादुर जी अपनी आसाम यात्रा के क्रम में पटना शहर में आने पर उसी स्थान पर ठहरे । सालिस राय जौहरी तथा गुरूजी के पटनावासी अन्य श्रद्धालुओं ने गुरूदेव के निवास के लिए इस स्थान पर सुन्दर महल बनवाया था जो पटने की प्राचीन स्थापत्य कला के अनुसार मुख्यतः लकड़ियों का बना हुआ था। श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज ने अपनी आत्म कथा ह्यविचित्र नाटकह्न में स्वयं लिखा है -मुरपित पूरब कियसि पयाना

का बचपन का नाम गोबिन्द राय था। माता गुजरी बाई तथा गोबिन्द राय जी के मामा श्री कृपाल चन्द्र जी को श्री गुरू तेग बहादुर जी पटने की संगत के अनुरोध पर यहीं छोड़ दिया और स्वयं अपने अन्य अनुयायियों के साथ आसाम यात्रा के लिए चल पड़े थे । कुछ ही मास बाद यहां गोबिन्द राय का जन्म हुआ । गोबिन्द राय लगभग नौ-दस वर्ष की अवस्था तक पटना में रहे । उनके जीवन से सम्बद्ध यहां जो भी स्थान थे व सब तीर्थ बन गये । जहां आज दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है।

पटना में सिखों के कई महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल हैं जिनमें मुख्य है तख्त श्री हरिमंदिर जी, मैनी संगत बाललीला, बड़ा गुरूद्वारा गायघाट, गुरू का बाग, गोबिन्द घाट या कंगन घाट और गुरूद्वारा हांडी साहेब (दानापुर) ।

बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने पटना आने पर लकड़ी के स्थान पर पत्थर का मजबूत और नयानाभिराम गुरूद्वारा बनवायाा। देश विभाजन के बाद पंजाब से काफी संख्या में सिखों के यहां आने पर श्री हरिमंदिर जी का पुनः जीर्णोद्धार किया गया । पत्थर की जगह संगमरमर बिछाया गया और प्रकाश स्थान पर सोने की पत्तियां मढ़ी गयीं । गुरूद्वारा भवन तथा उसके द्वारा संचालित सेवा संस्थाओं के भवन निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए गये । गुरू नानक देव जी के मिशन का बिहार पर बड़ा असर रहा है और पटना इसका मुख्य केन्द्र रहा है। बिहार में गुरू नानक देव जी के लाखों अनुयायी थे । राज्य में लगभग पांच सौ गुरूद्वारे थे जिनके साथ काफी जमीन जायदाद जुड़ी हुई थी । स्वयं पटने में पचासों गुरूद्वारे थे जिनमें अधिकांश लुप्त प्रायः हो गये । उस समय सिख गैर सिख का कोई भेद नहीं था । हिन्दु और सिख अपने को एक दूसरे का अविच्छेद अंग समझते थे, हर हिन्दु परिवार में चार भाईयों में एक भाई सिख होना अपना पुनीत कर्तव्य समझता था ।

**बहती है साम्प्रदायिक सद्भाव की गंगा जमुनी**

बहुतों को यह जानकारी नहीं होगी कि बिहार में एक ऐसी भी जगह है जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई के बीच आपसी सद्भाव की गंगा जमुनी की वर्षों से अविरल धारा प्रवाहित हो रही है । राजधानी पटना में अंतर्राष्ट्रीय महत्व का तख्त श्रीहरिमंदिर के इर्द-गिर्द एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का यह आध्यात्मिक केन्द्र (स्प्रिचुअल कम्पलेक्स) इसका अप्रतिम उदाहरण है । एक ओर जहां गुरूद्वारा के दैनन्दिन की शुरूआत तड़के ह्यबोले सो निहाल सतश्री अकालह्न से शुरू होती है तो इसकी उतरी दीवार से सटे प्राचीन अम्बर की मस्जिद में अल्ला हो अकबर के फजिरे नमाज से । पूर्व दीवार से सटा श्री पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर की कार्यवाही सुबह-सुबह णमोकार महामंत्र की ध्वनि से शुरू होती है तो निकटस्थ हजारो वर्ष प्राचीन छोटी पटनदेवी मंदिर से दुर्गासप्तशांति के पाठ गूंजने लगते हैं । क्षेत्र एक ऐसे आध्यात्मिक प्रांगण के रूप में जाना जाता है। जहां हरिमंदिरजी के अलावा आधे दर्जन हिन्दू, मुस्लिम और जैन तीर्थ हैं जिनका अखिल भारतीय महत्व है । नगर रक्षिका पटनदेवी, हजारों वर्ष प्राचीन काली मंदिर, पार्श्वनाथ जैन मंदिर, काली बीबी का कटरा, साइस्ता खां की मस्जिद, मीर अशरफ की मस्जिद और अम्बर की मस्जिद इसकी परिधि में है ।

जारी...

## लेटर टू एडिटर

### साइबर अपराध

**देश** में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए एक सक्षम और प्रशिक्षित साइबर विशेषज्ञ कार्यबल की कमी है। साइबर अपराधी शिक्षित हैं और विभिन्न तरीकों से अधिकारियों को शिकार बना रहे हैं। हाल में वीआईपी और विमान सेवाओं को धमकी देने के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इस स्थिति में, अत्याधुनिक तकनीक से लैस युवा साइबर टीमों का गठन आवश्यक है, जिसमें पर्याप्त संख्या में अधिकारी भी शामिल हों।

**-बीएल शर्मा, हजारीबाग**

### प्रदूषण की समस्या

**अफसोस** है कि कारगर समाधान की तलाश नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, हमें कुछ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सामूहिक प्रयास प्रदूषण को कम कर सकते हैं। इस दिशा में हम सभी को जागरुक होना होगा।

**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

## ट्वीट

**जम्मू**-कश्मीर के बांदीपोरा में आर्मी वैन के एक्सीडेंट होने से हमारे कई जवानों के शहादत की खबर बेहद दुखद है।शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

शोकाकुल परिजनों के ?प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद**

यह सत्य है कि सुख-दुःख जीवन में क्षणिक होते हैं और समय के साथ समाप्त हो जाते हैं, लेकिन सद्गुण और अच्छे कर्मों का प्रभाव स्थायी होता है। निःस्वार्थ सेवा, दान, सत्याचरण और यज्ञ जैसे शुभ कर्मों से न केवल हमारा आत्मिक विकास होता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।

**- स्वामी अवधेशानंदगिरी**

# डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती

**स्वास्थ्य**

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

**डायबिटीज** वैश्विक स्तर पर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत अब इसकी बढ़ती संख्या और निदान न किए गए मामले, दोनों में सबसे आगे है। भारत में 212 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोग उपचार के बिना रह रहे हैं। जीवनशैली में बदलाव, आहार पैटर्न और तंबाकू के उपयोग कारण भारत में डायबिटीज के मामलों में वृद्धि, विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण बाधाएँ खड़ी करती है, यह सुनिश्चित करना कि डायबिटीज से पीड़ित 80% लोगों का निदान हो और उनमें से 80% ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्राप्त करें।

डायबिटीज ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। डायबिटीज सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं और इसके सभी रूपों को दवाओं और जीवनशैली में बदलाव के साथ नियंत्रित किया जा सकता है। ग्लूकोज (चीनी) मुख्य रूप से आपके भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद कार्बोहाइड्रेट से आता है। यह आपके शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। आपका रक्त ऊर्जा के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लूकोज को आपके शरीर की सभी कोशिकाओं तक पहुँचाता है।

जब ग्लूकोज आपके रक्त प्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है-यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्त प्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे हृदय रोग, तंत्रिका क्षति और आंखों की समस्याएँ। डायबिटीज का तकनीकी नाम डायबिटीज मेलिटस है। एक अन्य डायबिटीज है-डायबिटीज इन्सिपिडस-लेकिन वे अलग-अलग हैं। वे डायबिटीज नाम साझा करते हैं क्योंकि वे दोनों अधिक प्यास और बार-बार पेशाब का कारण बनते हैं। डायबिटीज इन्सिपिडस डायबिटीज मेलिटस की तुलना में बहुत दुर्लभ है।

कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहल का उद्देश्य निःशुल्क जांच और प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करना है। निदान तक पहुँच का विस्तार करने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का उपयोग किया जा रहा है। टेली मेडिसिन सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ कम सेवा वाले क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए तेजी से तैनात की जा रही हैं। डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म का एकीकरण रोगी ट्रैकिंग और फॉलो-अप का समर्थन करता है। राष्ट्रीय अभियान डायबिटीज के जोखिम कारकों को कम करने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि जैसे जीवनशैली में बदलावों को उजागर करते हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोगों में निदान नहीं होने के कारण, प्रारंभिक पहचान में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है।

कई व्यक्ति अपनी स्थिति के बारे में लक्षणहीन या अनजान रहते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में। कार्बोहाइड्रेट और संतृप्त वसा से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, गतिहीन जीवन शैली और डायबिटीज के जोखिम कारक के रूप में तम्बाकू के उपयोग पर अपर्याप्त सार्वजनिक ध्यान समस्या को बढ़ाता है। तम्बाकू के उपयोग से डायबिटीज का खतरा 30-40% बढ़ जाता है, फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में डायबिटीज से इसके सम्बंध को कम महत्त्व दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नैदानिक सुविधाओं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की महत्त्वपूर्ण कमी है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भावधि डायबिटीज प्रबंधन का खराब एकीकरण माताओं और बच्चों के लिए दीर्घकालिक जोखिम को बढ़ाता है। डायबिटीज देखभाल के लिए उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च कई व्यक्तियों को समय पर निदान और उपचार लेने से रोकता है। समन्वित कार्यवाही का अभावः निदान सेवाओं, उपचार सुविधाओं और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के बीच कमजोर सम्बंध व्यापक डायबिटीज प्रबंधन में बाधा डालते हैं।

डायबिटीज का निदान जीवन बदलने वाली घटना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन नहीं जी सकते।

# संविधान को संकीर्ण राजनीतिक लड़ाई का उपकरण न बनाएं

**सामयिक**

**हृदयनारायण दीक्षित**

**संविधान** के खात्मे को लेकर खासी बहस चली है। भारत का संविधान अनूठा है, अद्वितीय है। यह देश का राजधर्म है। इस संविधान में अनेक लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। सबकी अपनी सीमा है। यह सीमा भी संविधान निर्देशित है। सभी संवैधानिक संस्थाओं का स्रोत संविधान है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां भी संविधान प्रदत्त हैं। संविधान निमार्ता भविष्य के भारत के प्रति सजग थे। उन्होंने गहन विमर्श के बाद संविधान बनाया। परस्पर विचार विमर्श अच्छी बात है, लेकिन संविधान को समाप्त करने का दुष्प्रचार करने का विपक्षी दलों का निर्णय अनुचित है। लोकसभा चुनाव के समय संविधान को खत्म करने और बदलने का शोर मचाया गया। विपक्षी दल लगातार आरोप लगाते रहे कि केन्द्रीय सत्ता संविधान के खात्मे पर उतारू है। संविधान समाप्ति जैसी कोई योजना कभी प्रकाश में नहीं आई। न विचार में, न कर्म में और न ही लेखन सहित अन्य अभिव्यक्तियों में भी। संविधान को खत्म करने की अफवाह देश के कोने कोने तक पहुंची। शिक्षित लोग सन्न थे कि संविधान के खात्मे की बात कहां से आई? संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर फोटो खिंचवा रहे थे।

मजेदार बात है कि संविधान खत्म किए जाने की सूचना संभवतः सबसे पहले उनको ही प्राप्त हुई। यह झूठ देश के मानस में बार-बार आ रहा है। संविधान के खात्मे का दुष्प्रचार करने वाले व्यक्ति/दल/समूह नितांत झूठ का सहारा ले रहे हैं। संविधान बदलने का सबसे बड़ा दुस्साहस 1976 में अधिनियमित 42वें संविधान संशोधन में कांग्रेस ने किया था। दुर्भाग्य से इस संविधान के खात्मे का विषय ठीक से जानने वाले लोगों की संख्या कम है।

संसद और विधान मण्डल और न्यायालयों की बहसों में संविधान की सर्वोपरिता है। संविधान की उद्देशिका में राष्ट्रजीवन के लक्ष्य हैं। उद्देशिका में उल्लिखित भारत को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास और धर्म उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समता प्राप्त कराना मुख्य उद्देश्य है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने तमाम निर्णयों में उद्देशिका के महत्व और उपयोगिता की चर्चा की है। बेशक संविधान के अन्य प्रावधानों की तरह उद्देशिका को न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता। लेकिन न्यायालयों के कई निर्णयों में यह शासन का मुख्य घटक है।

कुछ राजनीतिक दल जाति और मजहब के आधार पर राजनीतिक समूह या संगठन चलाते हैं। इस प्रकार के दलों द्वारा समाज तोड़ने वाले शब्द चलाए जाते हैं। इनकी बात माने तो संविधान की उद्देशिका में लिखा जाता कि भारत जाति पाति आदि कई संकीर्णताओं में लिप्त है। इसे ह्यभारत के लोगह्य कहना बेकार है। वे कहते हैं कि यहां की जनता केवल कुछ समूहों का गठजोड़ है। जबकि संविधान रचना का उद्देश्य और कारण सुस्पष्ट हैं। प्रत्येक भारतवासी उद्देशिका के अनुरूप ह्यहम भारत के लोगह्य का हिस्सा है। भारत हजारों वर्ष पहले भी एक राष्ट्र था। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक भारत की एक संस्कृति है। इस संस्कृति के कारण ही हम भारत के लोग एक सशक्त राष्ट्र हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि, ह्लयह बात ठीक है कि भारतवासी परस्पर लड़ते झगड़ते रहते हैं। किन्तु संस्कृति के कारण भारत एक राष्ट्र है। संकल्प के अनुसार भारत की जनता को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की तथा विधि के समक्ष समता, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और संगठन बनाने आदि कार्यों की विधि के अधीन स्वतंत्रता होगी। आगे कहा है कि, ह्लराज्य क्षेत्र की अखण्डता, भूमि, समुद्र और आकाश पर उसके प्रभुत्वसंपन्न अधिकार, न्याय और अन्य राष्ट्रों की विधि के अनुसार बनाए रखे जाएंगे।ह्ल संकल्प के अंतिम आठवें प्रावधान में लिखा है, ह्लयह प्राचीन भूमि विश्व में अपना समुचित और गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी, और विश्व शांति तथा मानव कल्याण के लिए स्वेच्छा से अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।ह्ल संकल्प में उल्लिखित प्राचीन भूमि का अर्थ क्या हो सकता है?

स्वाधीनता मिलने तक भारत राष्ट्रकुल का सदस्य था। इंग्लैंड के सम्राट के अधीन राष्ट्रमण्डल में भारत के बने रहने पर आलोचना हुई। प्रत्यक्ष रूप में यह निर्णय उचित नहीं था। सभा में प्रधानमंत्री नेहरू को स्पष्टीकरण देना पड़ा। आखिरकार एक संप्रभु राष्ट्र इंग्लैंड के राजा रानी के प्रति निष्ठा कैसे रख सकता है? आयरलैंड ने रिपब्लिक आफ आयरलैंड एक्ट बनाकर अपने आप को इंग्लैंड से पृथक कर लिया। आलोचनाओं के बाद कहा गया कि भारत में सम्राट के प्रति निष्ठा स्वीकार्य नहीं है। यह निर्णय प्रधानमंत्रियों के सम्मेलन में लिया गया। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि, प्रभुत्व संपन्न गणराज्य बन जाने के पश्चात भी भारत राष्ट्रकुल का पूर्ण सदस्य बना रहेगा।

लोकमंगल भारत के राष्ट्रजीवन का लक्ष्य रहा है। अनेक महत्वपूर्ण विषय ऐसे भी थे जो संविधान सभा में अंतिम निर्णय तक पारित नहीं किए जा सके। संविधान सभा ने उन महत्वपूर्ण विषयों को भी संविधान में जगह दी। उन्हें राज्य का नीति निदेशक तत्व कहा है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों (भाग चार-अनुच्छेद 36 से 51) में ऐसे उपयोगी उद्देश्य रखे गए हैं। संविधान में कहा गया है कि प्रशासन और विधि के निर्माण में इन सिद्धांतों का अनुसरण किया जाए।

गोवंश का संरक्षण भी ऐसा ही नीति निदेशक तत्व है। बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त कराने का लक्ष्य भी नीति निदेशक तत्वों में है। शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत भी सम्मिलित हैं। संविधान निमार्ताओं की क्षमता भी अद्भुत थी। नीति निदेशक तत्व किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं हैं।

स्पीड न्यूज़

## रामगढ़ पुलिस केंद्र में परेड आयोजित



रामगढ़। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने सोमवार को पुलिस केन्द्र रामगढ़ में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण। उन्होंने परेड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक पुलिस पदाधिकारियों को सुसेवांक से पुरस्कृत किया। परेड का निरीक्षण पुलिस उपाधीक्षक, (परिक्ष्यमान) फौजान अहमद रामगढ़ द्वारा किया गया तथा पुलिस कर्मियों को अगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के मद्देनजर उत्कृष्ट परेड के प्रदर्शन को लेकर परेड पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

## राधा गोविंद विवि में व्याख्यान



रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में सोमवार को व्याख्यान हुआ। व्याख्यान में मुख्य वक्ता रेडबॉड यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स के पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ किरमुक मुखुती ने व्याख्यान दिया और उन्होंने छात्रों को विभिन्न शोध गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और क्वांटम मैकेनिक्स और क्लासिकल मैकेनिक्स के बारे कई दिलचस्प तथ्य भी साझा किया और व्याख्यान से सभी छात्र प्रेरित हुए।कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल चंद्र मंडल का भी सहयोग रहा।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के पटेलनगर में सोमवार को भाजपाईयों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान के भुरकुंडा मंडल प्रभारी एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर करमाली मुख्य रूप से उपस्थित थे। शंकर करमाली ने कहा कि सदस्यता अभियान के प्रति विशेष गति देना ही हमसबों का उद्देश्य होना चाहिए। बैठक में रामगढ़ जिला मंत्री सह सदस्यता अभियान के सहसंयोजक संजीव कुमार बावला, जिला कोषाध्यक्ष सह भुरकुंडा मंडल के संयोजक अशोक सोनी आदि मौजूद थे।

## लापता सीसीएल कर्मी बरामद



भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी परियोजना के सौदा साइडिंग में कार्यरत सीसीएल कर्मी लापता बुधाई साव के सकुशल घर वापस लौटने पर कोल फील्ड मजदूर यूनियन ने हर्ष जताया है। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सह यूनियन के भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने बताया कि मंगलवार को यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल बुधाई साव के घर जाकर उनसे और परिजनों मुलाकात करेगी।

## सीपीएम जिला कमेटी की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा शाखा कार्यालय में सोमवार को सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कॉ. देवनाथ महली ने की। सर्वप्रथम दिवंगत साथियों के प्रति एक मिनट का मौन धारण शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्टी के हजारीबाग जिला के पूर्व सदस्य विपिन कुमार सिन्हा, कर्नाटक राज्य माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य जीसी रेड्डी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर, झारखंड प्रदेश एवं रामगढ़ जिला में ठंड से मरने वालों, रेल दुर्घटना, सड़क दुर्घटना, खान दुर्घटना में मारे जाने वाले व्यक्तियों के प्रति एक मिनट का मौन रख शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## हक के लिए लड़ने को तैयार हूं: महेश सिंह



कुजू। शुरू से ही आरसीएमयू नेताओं एवं मजदूरों के बहुत सा कर्ज मेरे ऊपर है, ना चाहते हुए भी यूनियन के उच्च पदाधिकारी के दबाव में मुझे या जिम्मेवारी आप लोगों के हित के लिए लेना पड़ा। उक्त बातें आरसीएमयू के नव मनोनीत रिजनल सेक्रेटरी (सीसीएल) कुमार महेश ने सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, तोपा शाखा समिति द्वारा सामुदायिक भवन तोपा में आयोजित स्वागत सह अभिवादन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मौजूद सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी सदस्य हमारे परिवार हैं। इस परिवार को सहेज कर रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। निश्चित ही मैं आपके हक और अधिकार के लिए किसी से भी लड़ने को तैयार हैं। समारोह को सीपी संतन, देवनारायण यादव, राजेश्वर गंझू, आशिष चक्रवर्ती, बूटी तिवारी, सुधीर सिंह, राजकुमार ठाकुर, मो यासीन, हाजी मो अफजल समेत कई वक्ताओं ने संबोधित कर एक दूसरे को सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व आरसीएमयू के सदस्यों ने कुमार महेश सिंह का भव्य स्वागत फूल माला पहनाकर एवं बुके भेंटकर कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीसीएल कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार व संचालन संतोष कुमार ने की। मौके पर तोपा शाखा अध्यक्ष कोलेश्वर राम, सचिव राजकुमार, सुख सागर महतो, कुँवर महतो, जुगल किशोर महतो, कामेश्वर गंझु, ईश्वर गंझु, जतरू बैठा, शनिचरवा मांझी, ललन यादव, रोहन महतो, ललित राम, मंसूर अली, शंकर राम, लक्ष्मी पांडेय, लोरी कुमारी, विजय कुमार रवि, भगवान चौहान, अली मोहम्मद, मनोहर आजाद, प्रभु बेदिया, राजेन्द्र महतो, राजेश यादव, सत्येंद्र कुमार, जलेश्वर करमाली, संतोष कुमार संजय सिंह, हेमन्त सिंह, अनिल सिंह व अन्य मौजूद थे।

# कोयला कारोबारियों को मिलेगी सुरक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ ट्रांसपोर्ट नगर कुजू में गोलीबारी के बाद रामगढ़ एसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण



कुजू। कुजू ओपी के ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी अनिल केशरी को गोली मारने के बाद सोमवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार पहुंचे। घटना स्थल का जायजा लेते हुए मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने गोलीकांड घटना स्थल पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। साथ ही धमकी से जुड़े हुए बिंदुओं पर संतोष केसरी से पूछताछ की। वही ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कोयला कारोबारियों पर हुए हमले को लेकर सुरक्षा की मांग की। जिसपर एसपी ने कोयला कारोबारियों को हर संभव सुरक्षा देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अपराधियों द्वारा किसी भी प्रकार की धमकी भरे कॉल या सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस देने की बात कही। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में लाइट व कैमरा लगाने की भी बात कही।

घटना को अंजाम देने वाले अपराधी राहुल दुबे के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आवास को किराएदार से खाली कराकर कुर्की जब्ती कराने, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पिता के ठिकाना ध्वस्त करने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह घटना को अंजाम देकर अपराधी राहुल दुबे ने अपने ऊपर सामत बुला लिया है। हमारे द्वारा कार्रवाई सभी अपराधियों के लिए एक सबक होगा। इधर मामले को लेकर कुजू ओपी में अपराधी पर मामला दर्ज किया गया।

इधर गोली लगने के बाद घायल अनिल केशरी का इलाज रांची मेडिका में चल रहा है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मोहम्मद नौशाद, पुअनि दिगंबर पांडेय, घाटो थाना प्रभारी दीपक कुमार सहित सदलबल के जवान शामिल थे।

### राहुल दुबे के पिता का ढाबा को पुलिस ने कराया बंद

रामगढ़ एसपी अजय कुमार के निर्देश के बाद ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू स्थित गैंगस्टर राहुल दुबे के पिता परमहंस दुबे के ठिकाने पर संचालित तूफानी भोजपुर ढाबा को कुजू पुलिस ने बंद करा दिया। ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि जांच पड़ताल के लिए संचालक को ढाबा बंद करने का निर्देश दिया गया है। वही जल्द ही उसके मकान को कुर्की किया जायेगा।

# पीवीयूएनएल के लिए स्वर्णिम होगा 2025

## इसी महीने में होगा कमर्शियल डिक्लेरेशन: आरके सिंह

**इस साल अंत तक पहला फेज पूरा होगा और 2400 मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन**

खबर मन्त्र संवाददाता




भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू विद्युत ऊर्जा निगम लिमिटेड के लिए वर्ष 2025 स्वर्णिम होने वाला है। इस वर्ष पीवीयूएनएल अपने पहले फेज के 2400 मेगावाट यूनिट की परियोजना का पहला यूनिट शुरू कर लेगी। 800 मेगावाट के इस पहली यूनिट से उत्पन्न होने वाली बिजली से पूरा झारखंड रोशन होने वाला है। पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि दो फेज में पीवीयूएनएल 4000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य रख चुकी थी। पहले फेज का कार्य लगभग पूरा होने जा रहा है। पहले फेज में 800 मेगावाट के तीन यूनिट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। पहली यूनिट के लिए कमर्शियल डिक्लेरेशन जनवरी महीने में ही करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सारी अड़चनें भी दूर कर ली गई है। आर के सिंह ने बताया कि कुल उत्पादन का 85 फीसदी बिजली झारखंड सरकार को देने का एग्रीमेंट बना हुआ है। शेष 15 प्रतिशत बिजली कहां जाएगी इसके लिए केंद्र सरकार निर्णय लेगी। पीवीयूएनएल को संचालित करने के लिए लातेहार जिले में आवंटित बनाडीह कोल माइंस से कोयला आएगा। यह कोल माइंस 250 मेट्रिक टन क्षमता वाला कोल माइंस है। हालांकि इस कॉल माइंस को शुरू होने में अभी डेढ़ वर्ष लगेंगे। उससे पहले सीसीएल और बीसीसीएल से एनटीपीसी को कोयला उपलब्ध होगा। जिसके लिए भी एग्रीमेंट पहले से ही बनाया जा चुका है। वर्ष 2025 के अंत तक पहला फेज पूरा हो जाएगा और 2400 मेगावाट की बिजली का उत्पादन पतरातू से होने लगेगा। जीएम प्रोजेक्ट अनुपम मुखर्जी, जीएम ओ एंड एम देवदीप बोस, जीम मेंटेनेंस मनीष खेड़ापाल, एजीएम टीएस आलोक कुमार, सीएमओ संजय कुमार, सीएफओ नागेंद्र मिश्रा, डीजीएम माइनिंग जीवनेंदु महापात्र, जियाउर रहमान एचओएचआर ने भी बैठक में भाग लिया।

### मुर्गीपालन सिखने के लिए 25 किसान रवाना हुये बरेली

बरही। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड गौरियाकरमा के तत्वधान में मुर्गीपालन पालन सीखने के लिए सोमवार को 25 किसानों का पहला दल केन्द्रीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान, बरेली के लिए रवाना किया गया। संस्थान द्वारा संचलित आदिवासी उप परियोजना के अंतर्गत यह कार्यक्रम अयोजित किया जा रहा है जो 5 दिनों तक 06-12 जनवरी तक चलेगा।

इस दल में हजारीबाग के दो प्रखंडो चुरचू, बरही और रांची के किसानों को चयनित किया गया है। इस दल में 4 महिला और 21 पुरुष किसानों को शामिल किया गया है। संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी का कहना है कि ऐसे 4-5 दल भविष्य में प्रशिक्षण के लिए भेजे जायेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त किसानो को उन्नत नस्ल के चूजो को भी मार्च में जब तापमान बढ़ जायेगा, देने का प्रावधान परियोजना में किया गया है। डॉ विशाल नाथ ने बताया कि आदिवासी किसानो से उनके इच्छा के अनुरूप उपक्रय जैसे खेती, बागवानी, मुर्गीपालन, सुवर पालन, मशरूम आदि का विकल्प मांगा गया था, जिसमें हर क्षेत्र के लिए किसानो का चयन किया गया है और धीरे- धीरे सभी किसानो को उनके मन मुताबिक विकास में मदद की जायेगी।

## बरही में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

▸▸ संगठन को जमीनी स्तर पर करें मजबूत : योगेंद्र प्रताप

▸▸ पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचायें कार्यकर्ता : विजय यादव



**बरही।** भाजपा पूर्वी मंडल के अंतर्गत सत्संग भवन में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने की। बैठक में योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी के साथ जुड़ सकें और संगठन को सशक्त किया जा सके। मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। बैठक में मंडल और प्रखंड स्तर के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, इंद्रदेव यादव, कांति देवी, रवि यादव, केदार राणा, पंकज कुमार राणा, विनोद यादव, केदार यादव, संजय यादव, मनोज कुमार केसरी, ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, जितेंद्र पंडित, दिनेश कुमार, विजय राणा, संतोष यादव, अभिषेक केसरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।सभी ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की और अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## टिकरीटांड़ में विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया ट्रांसफार्मर उदघाटन



**बड़कागांव।** विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा तलसवार पंचायत अंतर्गत टिकरीटांड़ गांव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया।ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा विधायक तक पहुंचाई गई, जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाई गई।इसके पुर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार के संचालन में तलसवार पंचायत भवन में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक किया गया।मौके पर विधायक ने कार्यकताओं से अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का आग्रह किया ताकि संगठन मजबूत हो सके।वही विधायक द्वारा ऑफलाइन सदस्य बनाने का भी शुभारंभ किया गया। मौके पर सुरेश महतो,ज्ञानचंद कुमार,मनोज प्रभाकर, केदार महतो,मंगल तुरी, संजय मिर्धा,नागेश्वर तुरी,रामदास तुरी,राथो गंझू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पत्नी के अंतिम संस्कार के लिए पति रिमांड पर छूटा

**रामगढ़।** बीएनएस एक्ट 2023 में प्राथमिक अभियुक्त प्रवीण कुमार पांडे, रानी बगीचा, जारा टोली रामगढ़ को न्यायालय द्वारा उपस्थापन करवाया गया । न्यायाधीश द्वारा मुखाग्नि देने हेतु स्वतः पुलिस रिमांड में छोड़ा गया है तथा 08 बजे रात्रि तक फिर से पुनः उपस्थापन करवाने का आदेश दिया गया है ।

उनकी पत्नी 5 जनवरी को अपने ही रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

परंतु मृतका के मायके वालों द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है । जिसके बाद हत्या का कांड दर्ज किया गया है।

# रामगढ़ में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव मना

खबर मन्त्र संवाददाता

## ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने किया पाठ



**रामगढ़ ।** सिक्खों के 10वें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर सर्व प्रथम गुरुद्वारा साहिब में हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने पाठ किया। दो दिन पूर्व गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ का आरम्भ किया गया था। सुबह अखंड पाठ की समाप्ति हुई। दिल्ली से आए प्रसिद्ध रागी इंद्रजीत सिंह ने शबद कीर्तन किया।

वहीं, प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से झंडा चौक, वैष्णो देवी गली होते हुए गुरुद्वारा साहिब आई प्रभात फेरी खालसा क्रिकेट क्लब द्वारा की गई। गुरुद्वारा साहिब में निशान साहब का चोला बदला गया जिसकी सेवा स्वर्गीय करनैल सिंह सैनी के परिवार द्वारा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित हुए। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरुगोविंद सिंह ने किस तरह से अपने कॉम के लिए संघर्ष किए। गुरुगोविंद सिंह का जन्म स्थान पटना साहिब में है, जहां हर साल देश विदेश से श्रद्धालु शामिल होते है। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम के पश्चात गुरु का लंगर बांटा गया। कार्यकतम में प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी,हैप्पी छाबड़ा,डॉ नरेंद्र सिंह सोनी जोगेंद्र सिंह जग्गी नरेंद्र सिंह चमन, रघुवीर सिंह छाबड़ा रमिंदर सिंह गांधी मनदीप सिंह गुरदीप सिंह सैनी,कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा इकबाल सिंह, बबल छाबड़ा दलजीत सिंह किंगरा यश छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक, कमल जैसल,रणजीत सिंह,हरजीत सिंह,जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा,गुरप्रीत कालरा उर्फ प्रीत, गुरबक्श कौर, सुमी जौली,सतविंदर कौर, रविंदर कौर पवार, कुदरत छाबड़ा, निक्की लांबा, मनप्रीत कौर सैनी लवली लांबा,बलविंदर कौर छाबड़ा,बबली सोनी, सोमा जस्सल शामिल हुए।

एक नजर में

## सब स्टेशन में सुरक्षा प्रहरी की ठंड से मौत



टाटीझरिया। झरपो पंचायत स्थित कारी झरना परिसर समीप बिजली वितरण निगम लिमिटेड 33/11 के.वी. विद्युत शक्ति उपकेंद्र में ठंड से धनेश्वर सिंह की हुई मौत। मृतक के पुत्र भोला सिंह ने दी जानकारी। धनेश्वर सिंह मृदुल भाषी प्रवृति के थे। बुजुर्ग की मौत की खबर ने क्षेत्र में मचा हड़कंप। मृतक लगभग 4 वर्ष से झरपो सब स्टेशन में कार्यरत थे। ग्रामीणों और उनके परिजनों के मुताबीत सुरक्षा प्रहरी को 10 महीने से वेतन नहीं मिला था। मृतक घर के इकलौता कमाऊ सदस्य थे। वे अपने पीछे पत्नी, चार बेटे व भरा पूरा परिवार को छोड़ गए है। इनकी मौत की सुचना पाकर झरपो मुखिया सह कांग्रेस 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष टाटीझरिया शिबू प्रसाद सोनी,समाज सेवी कोलेश्वर मिश्र,स्थानीय निवासी सह समाज सेवी संदीप पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग से 5 लाख रुपए नकद और सब स्टेशन झरपो में एक सदस्य की नौकरी की मांग की है।

## टाटीझरिया में प्रजापति समाज का सम्मेलन

टाटीझरिया। बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में रविवार को झारखंड प्रजापति ( कुम्हार ) महासंघ टाटीझरिया प्रखंड स्तरीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता सेवा प्रजापति एवं संचालन प्रखंड सचिव बबलु प्रजापति व छोटन प्रजापति ने किया।समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड प्रजापति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चंद्र प्रजापति विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव, मांडु विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, एवं जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार प्रजापति उपस्थित हुए। इस दौरान प्रजापति समाज के उत्थान के बारे में चर्चा कर समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। ईश्वर चंद्र प्रजापति ने कहा कि विकास का मूल मंत्र शिक्षित समाज का निर्माण है। उन्होंने अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने और शैक्षणिक व सामाजिक रूप से जागरूक बनने की अपील की। समारोह में डुमर, धरमपुर, बांडीह, भराजो, डहरभंगा, अमनारी सहित अन्य जगहों से हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। समाज के द्वारा बांडीह की वार्ड सदस्य हेवंती देवी एवं उर्मिला देवी को मंच पर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमेश्वर प्रजापति, उपाध्यक्ष मीना देवी, चोलो प्रजापति, सचिव बबलु प्रजापति, उपसचिव दिनेश प्रजापति, रीतलाल प्रजापति, पप्पु प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, छोटी प्रजापति, दशरथ प्रजापति, शिवदयाल प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, विशुन प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति, मंगर प्रजापति, नागेश्वर, मिथुन, महेश प्रजापति, रेणु, सुशीला, गीता देवी, दौलत प्रजापति, रंजित, भत्तु प्रजापति सहित कई मौजुद रहे।

## अडाणी फाउंडेशन ने बच्चों को बांटे स्टडी किट



**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के बीच स्टडी किट का वितरण किया। ये बच्चे प्रखंड के हरली स्थित अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में पढ़ाई कर रहे हैं। नए सत्र में गाली, बलोदर, गोंदुलपारा और बाबूपारा समेत आसपास के अन्य गांवों के 75 बच्चों ने यहां नामांकन किया है, जिनके बीच यह स्टडी किट का वितरण किया गया। इस स्टडी किट में स्कूल बैग, कॉपी, कलम और अन्य सामग्री शामिल हैं। अदाणी फाउंडेशन की ओर से संचालित इस स्किल सेंटर में डिजिटल साक्षरता मिशन के तहत तीन महीने का नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण और डेटा इंट्री ऑपरेटर का कोर्स संचालित किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में बड़कागांव प्रखंड के बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले मनोज यादव



**बरही।** विधायक मनोज यादव ने नववर्ष के अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात की। यह मुलाकात कांके रोड स्थित विधानसभा अध्यक्ष के सरकारी आवास पर हुई।विधायक मनोज यादव ने इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मुलाकात को लेकर विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने कहा कि नववर्ष की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ करनी चाहिए और यह मुलाकात उसी दिशा में एक प्रयास थी। अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने भी मनोज यादव को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं ।

## एनटीपीसी सीएमपी का पतरातू में पिकनिक



बड़कागांव।केऔसुब इकाई एनटीपीसी–सीएमपी हजारीबाग के इकाई संरक्षिका द्वारा सीआईएसएफ बल कमीर्यों के परिवार एवं उनके बच्चों के लिए पतरातु में पिकनिक का आयोजन संरक्षिका की अध्यक्षा एवं इकाई प्रमुख सुरेश उप कमांडेंट के उपस्थिति में किया गया इकाई से लगभग 100 की संख्या में बस द्वारा बल सदस्यों के परिजनों एवं बच्चो को पतरातू पिकनिक के लिए ले जाया गया था जहॉ बच्चो को मौज मस्ती एवं सामुदायिक बंधन के लिए एक साथ लाया गया था। पिकनिक में कई तरह की गतिविधियॉ शामिल थी जिनमें (नौकाविहार, बच्चों के खेल, लाईव संगीत) का जलपान एंव भोजन का आयोजन का सभी उपस्थित लोगों ने आनंद लिया।

## बिजली विभाग की जांच की अफवाह, चूल्हे छुपाये

दारू। विजली विभाग द्वारा लोगों के घरों मे घुसकर बिजली चोरी की अफवाह दारु प्रखंड मे भी बहुत तेजी से फैल रही है। प्रखंड के दारु, इरगा, झुमरा, कबलासी और पुनाई आदि क्षेत्रों मे इस अफवाह को लेकर सोमवार को अफरा तफरी का माहौल रहा। दारु और इरगा मे बिजली विभाग के द्वारा जांच कर पचास हजार से एक लाख रुपैये तक जुमार्ना लगाने की कोरी अफवाह फैली। इस कारण लोगों ने अपने इंडक्शन चूल्हा और विद्युत चालित अन्य उपकरणों को छुपा दिये। अफवाह को सुनकर कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान का शटर बंद कर घर चले गये। इस बारे मे कुछ महिलाओ से बात करने पर उन्होंनें कहा कि उनके पास कुछ महिलाओ का फोन आया था कि बिजली विभाग द्वारा जांच कर भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है, इस कारण उन्होंने रूम हीटर, इंडक्शन चूल्हा आदि छुपा दिये। एक महिला ने बताया कि उन्हे जानकारी मिली है कि जांच करने वालो के पास एक ऐसी मशीन है जिसे घर कि दीवार मे सटाने पर विद्युत उपकरण कहाँ लगाए गये है इसकी जानकारी मिल जाती है।

## झुमरा बसरिया पथ के पुनर्निर्माण की मांग

दारु। झुमरा बाजार से बसरिया भाया देवरिया, कबलासी पुनाई पथ का का 14.550 किलोमीटर सड़क पुरी तरह से जर्जर है।सड़क से होकर गुजरने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों को सामना करना पड़ता। प्रखंड के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका सिंह पाण्डेय ग्रामीण विकाश विभाग से भेंट कर उन्हे एक आग्रह पत्र सौपा। मंत्री से मिलकर झुमरा पुनाई के जर्जर सडक की जल्द पुनर्निर्माण करने की मांग किया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशे महतो कमलेश और धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने भी मंत्री से बात कर इस जर्जर सडक की जल्द निर्माण कराने का आग्रह किया।

# मदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

● वक्ताओं ने कहा- हमारी मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मदनगुंडी स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा पर संघर्ष समिति के तत्वावधान में स्थानीय वाहनों से टोल वसूली के खिलाफ स्थानीय लोगों ने सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। कार्यक्रम की शुरुआत में मदनगुंडी स्थित पेट्रोल पंप से पैदल मार्च करते हुए लोग अपनी मांगों को लेकर नारे लगाते हुए टोल प्लाजा पहुंचे। बाद में भीड़ सभा में तब्दील हो गई। जहां स्थानीय लोगों के साथ-साथ, जनप्रतिनिधियों ने सभा को संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिप सदस्य महादेव राम व संचालन युवा नेता अरविंद यादव ने किया। वहीं विभिन्न वक्ताओं ने जेएच 12 एवं जेएच 02 के स्थानीय लोगों के व्यवसायिक, स्कूल बस, कैम्पर, ट्रक एवं निजी कार जैसे विभिन्न वाहनों को टोल फ्री करने की मांग की है। वहीं वक्ताओं ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक मदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष समिति के लोगों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। वहीं बताया गया कि केन्द्र सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा दो टोल प्लाजा की दूरी 60 किमी मापदंड है। मगर हजारीबाग के नगवां स्थित टोल प्लाजा की दूरी 45-50 किमी से कम है। जो टोल प्लाजा मापदंड के विरुद्ध है, बावजूद टोल वसूली की जा रही है।

वहीं धरना पर बैठे बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने अपने अंगरक्षक को टोल प्लाजा के प्रबंधक को वार्तालाप के लिए बुलाना चाहा, मगर टोल प्रबंधक ने विधायक से वार्तालाप करने तथा मिलने से साफ इनकार कर दिया। इससे विधायक ने अपने संबोधन में कड़ी शब्दों में निंदा की। इससे पूर्व भी स्थानीय लोगों ने पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव के साथ जिले के वरीय पदाधिकारी, एसडीओ रिया सिंह ने टोल वसूली के खिलाफ बात नहीं की। जिससे स्थानीय लोगों व पूर्व विधायक में रोष है। मौके पर जानकी यादव, महेन्द्र यादव, अशोक सिंह, अरुण साव, महादेव राम, श्यामदेव यादव, मंजू देवी, अरविंद यादव, मनोज सहाय पिंकू, रविशंकर यादव, राजकुमार यादव, धीरज कुमार, कृष्णा यादव, अज्जू सिंह, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र भाई मोदी, रोहित यादव, प्रेम प्रकाश पासवान, राजू पासवान सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### दो पक्षों की आपसी लड़ाई में एक युवती का फटा सर, रिम्स रेफर, दो हिरासत में



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विशेष समुदाय के दो पक्षों की आपसी लड़ाई में एक युवती बुरी तरह घायल हो गई। वहीं घायल युवती को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। वहीं पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो युवकों को हिरासत में लिया है। उल्लेखनीय हो कि पुराने किसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई बहस के बाद अरमान मलिक सहित अन्य भाइयों ने मोबाइल छिनतई के बाद उनके साथ मारपीट की। मामला इतना तूल पकड़ा कि दोनों परिजनों के लोग आमने-सामने हो गए। जिसमें 19 वर्षीय रूमी खातून पिता शमसुद्दीन खान उर्फ पहलवान का सर फट गया। बताते चलें कि घटना तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह में रविवार देर रात 10:30 बजे की बताई गई है। वहीं काफी रक्तस्राव होता देख पिता शमसुद्दीन ने इसकी जानकारी तिलैया पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया, जिसमें फिरोज वारसी और मो. लड्डन शामिल हैं। बाकी अन्य लोग फरार बताए गए हैं। सभी की धड़-पकड़ के लिए पुलिस बल लगा दिए गए हैं। वहीं इस संबंध में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जाएगी, छापेमारी जारी है।

### बाइक हादसे में दो युवक घायल, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझेडीह पावर प्लांट गेट के समीप दो बाइकों के बीच टक्कर हो गयी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायलों में घंघरी निवासी 30 वर्षीय राजेश कुमार पंडित व चंदन वर्णवाल के नाम शामिल हैं। जिसे सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बंद पड़े कई घरों से नकदी, जेवरात व सामान की चोरी

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरगंज पंचायत के रजौर तथा माधोपुर के सरबहना व सेलारी गांव में शनिवार रात एक साथ आधा दर्जन से अधिक बंद पड़े घरों में चोरी की वारदात हुई। इस दौरान चोर उक्त घरों से 35 हजार नकद सहित लाखों रुपये के जेवरात व सामान ले गये। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने सबसे पहले मीरगंज पंचायत के रजौर गांव निवासी भंगिया देवी व उनकी पड़ोसी देवकी देवी के बंद घर को निशाना बनाया। घर का दरवाजा तोड़ 15-20 हजार रुपये के जेवरात, अनाज, बर्तन, जरूरी कागजात सहित अन्य सामान ले गये। वहीं चोरी की दूसरी घटना सेलारी गांव में हुई, यहां से चोर तीतु मुसहर के पीडीएस दुकान से नौ बोरा चावल और चार बोरा गेहूं, जयमंती देवी के बंद पड़े घर में रखे जेवरात, नकदी, अनाज, कागजात व कपड़े की चोरी कर फरार हो गये। वहीं सरवाहना गांव निवासी सिकंदर यादव व नागमणि यादव के घर से लाखों रुपये के जेवरात, कागजात समेत अन्य सामान की चोरी कर ली।

### बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन जारी

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में प्रशासन की उदासीनता के कारण अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं परिवहन जारी है। बता दें कि प्रखंड के तेलकोरी, सरमाटांड़, परसाबाद, बदुलिया, दुमदुमा, दशारो सहित प्रखंड के विभिन्न इलाकों में प्रत्येक दिन सैकड़ों ट्रैक्टरों से अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं परिवहन जारी है। वहीं लोगों ने बताया कि प्रखंड प्रशासन की उदासीनता के कारण प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बालू माफिया के द्वारा प्रत्येक दिन अवैध रूप से बालू का उत्खनन किया जा रहा है, फिर भी प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण बालू माफिया खुलेआम अवैध रूप से बालू का उत्खनन में परिवहन कर रहे हैं।

राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ की मासिक बैठक का आयोजन

# नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि को किया गया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चन्दवारा (कोडरमा)।** दुर्गा मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार बर्णवाल व संचालन गौतम कुमार ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी उपस्थित थे। वहीं मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल ने मुख्य अतिथि को बुके, शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं अध्यक्ष ने इसे समाज के लिए गर्व का विषय बताते हुए सांसद मनीष जायसवाल का आभार जताया, जिन्होंने समाज के सदस्य को सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया। मौके पर संतोष बर्णवाल, ओम शरण बर्णवाल, पप्पू मोदी, विजय कुमार मोदी, राजकुमार मोदी, पंकज बर्णवाल, ओम प्रकाश, रोहित कुमार मोदी, गोविंद प्रसाद मोदी, सुरेंद्र कुमार, टुन्नु मोदी, अनिल कुमार बर्णवाल, संजय कुमार मोदी, आनंद मोदी, भरत मोदी, शंकर मोदी, बबलू बर्णवाल, सुमित कुमार, बीरेंद्र मोदी, भुनेश्वर मोदी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# गुरु गोविंद सिंह को किया गया श्रद्धा सुमन अर्पित

● कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया की वंदना सभा में भैया-बहनों के समक्ष सिख पंथ के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार सिंह द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया, पश्चात् श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भैया-बहनों ने गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।

वहीं आचार्य प्रदीप कुमार ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन से संबंधित घटनाओं को भैया-बहनों के समक्ष रखा। वहीं मंच संचालन आचार्य प्रभात सौरव के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन नीरज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर सभी आचार्य और दीदी मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में 15वां क्रॉस कन्ट्री रेस संपन्न



कोडरमा। तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में 15वां क्रॉस कन्ट्री रेस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। वहीं प्रसिद्ध उद्योगपति स्व. रतन टाटा को समर्पित इस दौड़ में जूनियर छात्रों के लिए तीन किलोमीटर की रेस को कांटी पंचायत के मुखिया लखन यादव एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं छात्राओं एवं महिला प्रतिभागियों को विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ एवं मनीष कपसीमे ने रवाना किया। सेकेण्डरी एवं सीनियर सेकेण्डरी के छात्रों के लिए सात किलोमीटर रेस का निदेशिका शुभा कपसीमे एवं ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं अतिथि प्रतिभागियों के लिए आयोजित सात किलोमीटर की रेस को विद्यालय के निदेशक मनीष कपसीमे ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम के 491, ग्रिजली पब्लिक स्कूल तिलैया के 38, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन तिलैया के 40 छात्र-छात्राएं एवं 31 अभिभावक तथा 32 अतिथियों ने सम्मिलित रूप के भाग लिए। वहीं निदेशक अविनाश सेठ ने स्व. रतन टाटा के आदर्शों पर चलने का संदेश देते हुए नयी शिक्षा नीति में खेल-कूद की महत्ता से छात्रों को रूबरू कराया। मौके पर डॉ. संजीता कुमारी, नीरजा, डॉ. उपेन्द्र भदानी, डॉ. मनोज भदानी, संजय अग्रवाल, संजय लोहानी, जगदीश यादव, उमेश महतो, उमेश लोहानी, ज्ञान कपसिमे, कुन्ज बिहारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जनता के ज्वलंत मुद्दों पर पूरे राज्य में आंदोलन होगा तेज : संजय पासवान

● सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन नामकुम में 9 जनवरी से

**कोडरमा।** सांप्रदायिक-कॉरपोरेट गठजोड़ की लूट और नफरती मुहिम के खिलाफ और एक बेहतर झारखंड के लिए समर्पित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक एटीसी नामकुम रांची में होगा। सम्मेलन में पूरे राज्य के 24 जिलों से निर्वाचित 75 महिला सहित 350 प्रतिनिधि और दर्शक शामिल होंगे। कोडरमा जिला से माकपा के जिला सचिव असीम सरकार के नेतृत्व में 10 प्रतिनिधि व दर्शक शामिल होंगे। उक्त जानकारी सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने दी।

# 50 वर्ष पूरे होने पर आदर्श विद्यालय का स्वर्ण जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

● आदर्श विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे प्रेरणादायक हैं : डॉ. नीरा यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गांधी स्कूल रोड स्थित आदर्श विद्यालय में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। यह समारोह विद्यालय के 50 वर्षों की यात्रा का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यालय ने शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव, विद्यालय के कोफाउंडर धनेश्वर शर्मा, डायरेक्टर शीतल शर्मा एवं सचिव राकेश भोजानवाला ने सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने विद्यालय की स्वर्णिम यात्रा की सराहना की और कहा कि आदर्श विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे प्रेरणादायक हैं। विद्यालय के को-फाउंडर धनेश्वर शर्मा ने विद्यालय की 50 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों का मंदिर भी है। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और विद्यालय कि संस्थापक स्व. चंद्र मोहिनी शर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। समारोह के अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और विद्यालय की शिक्षिका नीलम कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर डॉ. नीरज साह, डॉ. विशाल, अरूण, अशोक बर्णवाल, विजय शुक्ला, प्रदीप सुमन, नितेश चंद्रवंशी, खुशी कुमारी, नीलम कुमारी, संध्या आंचल, मनु पांडेय, आरती कुमारी, जया मिश्रा, स्वीटी कुमारी, अंजलि प्रिया, वैष्णवी भारती, समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पूर्व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## मरकच्चो में मीना बाजार में बच्चे उठा रहे आनन्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** स्थानीय दुर्गा मंदिर मैदान में लगे मीना बाजार का बच्चे आनन्द उठा रहे हैं। बताते चलें कि यह मीना बाजार 8 जनवरी तक चलेगा। वहीं मीना बाजार में मुख्य आकर्षण का केन्द्र डिस्को झूला, नाव झूला, बच्चों का झूला, मिक्की माउस, कपड़े की दुकान, बंगाल की मशहूर चप्पल, स्टील की दुकान, लोहे की दुकान, आचार की दुकान, बच्चों के लिए खिलौने की दुकान, बिजली झूला, कॉसमेटिक, ज्वैलरी, बैग व दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकान लगी है। वहीं शिशिर कुमार पांडे ने कहा कि मरकच्चो में मनोरंजन का कोई साधन नहीं है, मीना बाजार लग जाने से यहां के लोगों को लगभग एक माह मनोरंजन का साधन मिल जाता है। मेले में शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोग आकर मेले का लुत्फ उठाते हैं। मौके पर शिशिर कुमार पांडेय, रंजन कुमार, गोलू कुमार, सोनु कुमार, मो. ताहीर, भोला कुमार, नरसिंह साव रमेश साव, पिंटू साव समेत सभी ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में इटखोरी में निकाला कैंडल मार्च



**इटखोरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में इटखोरी में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च चतरा प्रेस क्लब के नेतृत्व में निकाला गया। इस दौरान पत्रकारों और स्थानीय नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च इटखोरी मिडिल स्कूल से शुरू होकर बजरंगबली मंदिर तक संपन्न हुआ। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और पत्रकार सुरक्षा की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। चतरा प्रेस क्लब के सदस्यों ने इस दौरान कहा कि मुकेश चंद्राकर की हत्या लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आयोजन के दौरान शांति और समर्पण का माहौल रहा, जिसमें सभी ने दिवंगत पत्रकार के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रंधीर सिंह, अनूज पांडेय, संतोष केशरी, पंकज सिंह, अजय चौरसिया, रवि भूषण सिन्हा, महेश प्रजापति, बिजेश सिन्हा, रवि दांगी, कुबेर सिंह, अमित सिंह, भाजपा नेता मृत्युंजय सिंह, टुन्नी सिंह, रत्न शर्मा, सतीश सिंह, जगदीश यादव, कृष्णा साव, रंजय भारती, भरत साव, सुधीर राय, जयकुमार दास, अंकित सिंह, संजय सिंह, अंजू सिंह, अनिल सिंह सहित कई स्थानीय पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

### रामपुर पंचायत में मनरेगा में अनियमितता का आरोप की जांच की मांग

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत में मनरेगा योजनाओं में अनियमितता का मामला सामने आया है। पंचायत समिति सदस्य लवली देवी ने उपायुक्त को आवेदन देकर इस संबंध में जांच की मांग की है। लवली देवी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि रामपुर पंचायत में डोभा निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। उन्होंने कहा कि डोभा का निर्माण ऐसी जगह पर कराया गया है, जहां इसका कोई उपयोग नहीं है। इसके अलावा, रोजगार सेवक की सहमति के बिना जेसीबी मशीन का उपयोग कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। लवली देवी ने इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन की प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त चतरा, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी चतरा, मुख्य सचिव झारखंड, आयुक्त मनरेगा, और मुख्यमंत्री झारखंड को भी भेजी है। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा जैसी योजनाओं का उद्देश्य रोजगार उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना है। लेकिन इस तरह की अनियमितताएं न केवल योजना की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि सरकारी धन का दुरुपयोग भी करती हैं। पंचायत समिति सदस्य ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, इस मामले पर जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

### निवर्तमान विधायक किशुन दास ने सिमरिया मंडल में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान चलाया



सिमरिया। सिमरिया मंडल अंतर्गत एदला, पुंडरा और डाडी पंचायत में सिमरिया विधानसभा के निवर्तमान विधायक सह भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभियान चलाया एवं गांव के लोगों को मोबाइल से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रसीद काट कर साथ ही साथ 880002024 में मिस कॉल कराकर भाजपा का सदस्य बनाया। लगभग 500 लोगों ने सदस्यता ली है। सदस्यता अभियान में सिमरिया मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित साहू, उपप्रमुख दामोदर गोप, मंडल महामंत्री कृष्णा पांडे, आनंद यादव, भाजपा नेता सह मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, मृत्युंजय सिंह, अखिलेश साहू, राजू साहू, लीलाधर महतो, मीनू महतो, शकुंतला देवी सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

### तमासीन जलप्रपात में पूर्व विधायक के पुत्र और युवकों के बीच मारपीट

**चतरा।** जिले के कन्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर थाना क्षेत्र के तुलबुल स्थित तमासीन जलप्रपात पर रविवार देर शाम बरही विधानसभा के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव के पुत्र और उनके सहयोगियों की स्थानीय युवकों के साथ झड़प हो गई। घटना में दोनों गुट शराब के नशे में बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक के पुत्र अपने कुछ सहयोगियों के साथ जलप्रपात घूमने आए थे। इस दौरान स्थानीय युवकों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। घटना की जानकारी मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान मारपीट हुई, लेकिन अब तक किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि पर्यटक स्थल पर ऐसी घटनाएं असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं। राजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की तहकीकात की जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दोनों पक्षों से शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संस्कृत संरक्षण के लिए कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज देगा ज्ञापन

**गिद्धौर।** प्रखंड के कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान पर आयोजित हुई। बैठक में समाज के सदस्यों ने 7 जनवरी को प्रखंड विकास पदाधिकारी को संस्कृत विषय को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। इस दौरान समाज के सभी सदस्यों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने और उसके संरक्षण के लिए समाज को एकजुट होना जरूरी है। 13 जनवरी को जिला मुख्यालय में उपायुक्त को भी सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर सभी विप्र बंधुओं से तिलक, चंदन और पारंपरिक परिधान में आने की अपील की गई है ताकि समाज की पहचान को प्रोत्साहित किया जा सके। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि यह कार्यक्रम संस्कृत भाषा के महत्व और ब्राह्मण समाज की एकता को प्रदर्शित करने का एक अहम अवसर है। सभी सदस्यों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल न होने वाले सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में लंबोदर पांडेय, दुलार पांडेय, श्रीकांत पांडेय, बनवारी पांडेय, नीतीश कुमार पांडेय, पंकज कुमार पांडेय, राजकुमार पांडेय, जमुना पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, सत्यदेव पांडेय, प्रदीप पांडेय (पिंडारकोण), विजय पांडेय, सचिन पांडेय और यदुनंदन पांडेय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गिद्धौर पंचायत भवन परिसर में कंबल वितरित

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित पंचायत भवन परिसर में शिविर लगाकर दो दर्जन गरीब असहाय लोगों के बीच मुखिया निर्मल देवी व पंचायत सचिव प्रियंका प्रिय ने संयुक्त रूप से सोमवार को कंबल का वितरण किया। मुखिया निर्मला देवी ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पंचायत को 153 कंबल मुहैया कराया गया। जिसमें 36 कंबल का वितरण बिरहोर परिवारों के बीच किया गया। दो दर्जन कंबल का वितरण के साथ-साथ पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों को अपने वार्ड में कंबल का वितरण करने को लेकर वार्ड सदस्यों को उपलब्ध करा दिया गया है। मौके पर वार्ड सदस्य अमीर दांगी, कैलाश दांगी, मुसाफिर दांगी, संजय दांगी, सुरेश राणा समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### सुनील कुमार बने वशिष्ठ नगर के थाना प्रभारी



**हंटरगंज/चतरा।** एसपी विकास कुमार पांडे ने वशिष्ठ नगर जोरी थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में सुनील कुमार को थाने की जिम्मेदारी दी है। सुनील कुमार ने 34वें थाना प्रभारी के रूप में सोमवार को प्रभार ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता होगी क्षेत्र में अमन व शांति स्थापित करना। साथ ही गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त लोग गलत कार्यों को छोड़ कर कानून स्थापित करने में सहयोग करें। पुलिस चौबीस घंटे सेवा देने के लिए तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों से अपेक्षा है कि डोडा/अफीम की खेती उन्मूलन में पुलिस का सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए चौबीस घंटे पुलिस तत्पर रहेगी।

# अपनी भव्यता और वैभव के लिए प्रसिद्ध है इटखोरी का मां भद्रकाली मंदिर

**पंकज सिंह**



**चतरा।** जिले के इटखोरी में स्थित मां भद्रकाली मंदिर न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है, बल्कि अपनी भव्यता, ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक महत्व के कारण भी प्रसिद्ध है। यह मंदिर शक्ति की देवी मां भद्रकाली को समर्पित है और झारखंड का एक प्रमुख तीर्थस्थल है। मां भद्रकाली मंदिर का इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। कहा जाता है कि इसका संबंध महाभारत काल से है। इसके अलावा, कई पुरातात्विक साक्ष्य इस क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर करते हैं। मंदिर में मौजूद प्राचीन मूर्तियां, स्तूप और शिलालेख इस बात का प्रमाण हैं कि यह स्थल हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म का संगम रहा है। मान्यता है कि मां भद्रकाली के दर्शन और पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नवरात्रि और अन्य विशेष अवसरों पर यहां हजारों श्रद्धालु इकट्ठा होते हैं। यहां स्थित शिवलिंग और चरण पादुका भी भक्तों के लिए विशेष महत्व रखते हैं। मां भद्रकाली मंदिर की वास्तुकला इसे अन्य धार्मिक स्थलों से अलग बनाती है। मंदिर परिसर में स्थित बौद्ध स्तूप, जैन प्रतिमाएं और हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां अद्वितीय हैं। ये तीनों धर्मों की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैं। मंदिर केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र है। इसके आसपास की हरियाली और शांत वातावरण भक्तों और पर्यटकों को आध्यात्मिक और मानसिक शांति प्रदान करता है। मां भद्रकाली मंदिर को राज्य सरकार ने पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, पर्यटकों के लिए ठहरने की सुविधा और सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा, हर साल भद्रकाली महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जो क्षेत्र के पर्यटन को और बढ़ावा देता है। स्थानीय लोग और प्रशासन इस मंदिर के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मंदिर की भव्यता और इसकी पौराणिक मान्यताओं को देखते हुए इसे विश्व धरोहर के रूप में पहचान दिलाने के प्रयास भी हो रहे हैं। मां भद्रकाली मंदिर न केवल इटखोरी की पहचान है, बल्कि झारखंड की संस्कृति, इतिहास और आस्था का प्रतीक भी है। यह स्थल आने वाले समय में वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशेष जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के केदलीकला में स्थित गुरुद्वारा के श्री गुरु सिंह सभा में दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाशपर्व बड़े हीं धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। गुरुपर्व को लेकर गुरुद्वारे को आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस निमित्त पिछले शनिवार से निकाली जा रही प्रभातफेरी सोमवार को लगभग 3 बजे समाप्त हो गई। सोमवार को अंतिम प्रभातफेरी में कड़ाके की ठंड के वावजूद बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु शामिल होकर गुरुवाणी का गायन करते हुए नगर भ्रमण किये। गुरुद्वारा परिसर में निशान साहिब का चोला (वस्त्र) बदला गया, तत्पश्चात कीर्तन, आनंद साहिब का पाठ और अरदास किया गया। शाम के दीवान में रहिरास साहिब के पाठ के बाद आरती हुई और चल रहे अखंड पाठ का भोग डाला गया। उसके बाद देर रात तक चले विशेष दीवान में सामूहिक रूप से गुरुवाणी गायन तथा विभिन्न वक्ताओं द्वारा गुरु जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस खुशी के मौके पर जमकर आतिशबाजी की गई।

बारह जनवरी तक जारी रहने वाले इस कार्यक्रम में ग्यारह तारीख को नगर कीर्तन (शोभायात्रा) तथा अंतिम दिन बारह तारीख को मुख्य दीवान तथा अटूट लंगर प्रस्तावित है।

## स्पीड न्यूज

### आग तापने से झुलस कर महिला घायल, रिम्स रेफर

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के डाढा ग्राम अंतर्गत नावाटोला निवासी ललारी देवी (62) पति ढुपा राम ठंड से बचने के लिए आग तापने के क्रम में आग में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में ललारी देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर संजय सिदार्थ द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनो ने बताया कि ललारी देवी घर के बाहर सुबह में ठंड के कारण आग जलाकर ताप रही थी एवं इसी बीच उसका साड़ी आंग की लपेटे में आ गया और देखते ही देखते वह गंभीर उससे झुलस गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई

### विद्यालय मे लगे सोलर प्लेट की चोरी

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटईटोला परिसर के जलमिनार मे लगे एक सोलर प्लेट चोरी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बिते रात अज्ञात चोरो ने विद्यालय परिसर के जलमिनार मे लगे एक सोलर प्लेट की चोरी कर ली जिसकी सुचना संबन्धित विभाग को दे दी गई है।

### जंगली हाथी ने विद्यालय का खिड़की तोड़कर चावल खाया

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटईटोला मे जंगली हाथि ने विद्यालय का खिड़की तोडकर मद्याहन भोजन का चावल खाकर तीतर बितर कर दिया। और भगाने पर कटईटोला के जंगल में जमा हुआ है वहीं दसरी ओर डाढा पंचायत के ग्राम रुद डुमरा में सुबह लगभग पांच बजे बिगन गंझु पिता बबुनी गंझु के बथान मे बांधा हुआ बछड़ा को पटक कर मार डाला। मिली जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद रुद के जंगल मे चला गया है ,यह लोगो के भगाने पर भी भागता नही है। अपने समुह से बिछडा हुआ है। इसे लेकर सभी ग्रामीणों मे भय का माहौल है वहीं क्षति को वन विभाग से मुआवजा की मांग की है।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन आठ को

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे 8 जनवरी बुधवार को शिविर लगाकर नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जायेगा। जानकारी देते हुए डॉ प्रमोद ने बताया की डिबीसीएस लातेहार एंव जन विकास मार्ग के संयुक्त तत्वाधान मे नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाकर लेंस प्रत्यारोपण (आईओएल)विधि द्वारा जाँच एंव ऑपरेशन किया जायेगा। साथ ही बताया की ऑपरेशन प्रत्येक सोमवार एंव बुधवार को किया जाता है जिसके लिए रामेश्वर नेत्रालय मुरपा मोड़ बालूमाथ मे प्रतिदिन जाँच और रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। मोतियाबिंद रोगी शिविर मे लाभ लेने के लिए अपना आधार कार्ड राशन कार्ड दो फोटो एंव मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल न 8252737568-9708553710-9835236379 मे संपर्क कर सकते हैं।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर 15 को

**चंदवा।** लायंस क्लब चंदवा रोरिंग के तत्वाधान में आगामी 15 जनवरी दिन बुधवार को चंदवा-रांची रोड मार्ग पर स्थित साईं नर्सिंग होम नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी लायंस क्लब के निर्मल भारती ने दी है। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाने के लिए मरीजों को केवल आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। शिविर में जांच के उपरांत चिन्हित मरीजों को लायंस क्लब के द्वारा निरामया अस्पताल कोकर रांची में सफल लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा, मरीज को लाने-लाने व भोजन की व्यवस्था क्लब की ओर से की जाएगी। श्री भारती के इक्छुक मरीजों से मोबाइल नंबर 7970695688 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करने की बात कही है।

## पीसीसी पथ निर्माण में ग्रामीणो ने संवेदक पर लगाया अनियमितता का आरोप

# जैसे-तैसै खानापूर्ति कर किया जा रहा है काम

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत अंतर्गत उरांव टोला के तीन मुहान चौक से पहाड़ टोला बड़का बांध तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने अनियमितता बताया है। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। पीसीसी पथ निर्माण स्थल पर सूचना पट्ट भी नहीं लगाया गया है। इस पथ का निर्माण किस मद से और कितनी राशि से किया जा रहा है। यह भी हम ग्रामीणों को पता नहीं चल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अनियमितता छुपाने के लिए ऐसा ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिससे हम ग्रामीणों को सड़क निर्माण कार्य के बारे में कोई जानकारी ना मिले। निर्माण कार्य स्थल पर जैसे-तैसे कार्य किया जा रहा है। पीसीसी की ढलाई से पहले जमीन पर पानी का भी नहीं छिड़काव हो रहा है। यूं ही उसपर ढाल दिया जा रहा है। सीमेंट बालू गिट्टी की मिलावट में भी अनियमितता बरती जा रही है।


अनियमितता का भेंट चढ़ा पीसीसी सड़क।

### बालू और गिट्टी का ही मिश्रण बन रहा है पीसीसी: ग्रामीण

वही सिर्फ बालू और गिट्टी का ही मिश्रण देखने को मिल रहा है सीमेंट का तो पता ही नहीं की सीमेंट डाला गया है या नहीं। क्योंकि कंक्रीट युक्त सीमेंट का प्रयोग नहीं किया गया है। कोणार्क कंपनी का प्लेन सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे सड़क की मजबूती व गुणवत्ता खत्म हो गई है। प्राक्कलन के अनुसार कोणार्क सीमेंट का प्रयोग सड़क निर्माण कार्य में नहीं किया जाना है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा अपनी थैली भरने के चक्कर में सड़क निर्माण कार्य में प्रयोग कर घोर अनियमितता बरती जा रही है। वहीं सड़क निर्माण कार्य में वाइब्रेटर का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जिससे सड़क की मजबूती और गुणवत्ता खराब हो जाएगी। पीसीसी ढलाई के लिए ब्लैक स्टोन पत्थर लगाया जाता है लेकिन यहां पर वाइट स्टोन लगाया जा रहा है। ढलाई से पहले सतह को समतल व साफ नहीं किया जा रहा है। कंक्रीट मिश्रण की उच्च गुणवत्ता नहीं है।

## कल लातेहार एसपी से मुलाकात करेगा स्वर्णकार संघ का प्रतिनिधिमंडल

# शिव शंकर सोनी को बनाया गया बरवाडीह स्वर्णकार संघ का अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरवाडीह। बीते माह चार दिसंबर की मध्य रात्रि बरवाडीह बाजार के प्रमुख ज्वैलरी प्रतिष्ठान मां मनसा अलंकार और मुन्नी लाल अलंकार में हुई चोरी की भीषण घटना के एक माह बीत जाने के बाद भी चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिससे बरवाडीह के स्वर्णकार संघ समेत अन्य सभी व्यवसायियों में भी नाराजगी व्याप्त है। इसे लेकर रविवार को स्टार सीटी मॉल में स्वर्णकार संघ की बैठक वरिष्ठ व्यवसाई अनिल प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज के अलावा सभी प्रमुख ज्वैलरी दुकानदार मौजूद रहे। बैठक में चोरी की घटना को लेकर आपस में विचार- विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि घटना के उद्भेदन और चोरों की गिरफ्तारी के संबंध में बुधवार को बरवाडीह के सभी स्वर्णकार लातेहार पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त से मुलाकात करेंगे। इस दौरान स्वर्णकार अपनी-अपनी प्रतिष्ठानों को बंद रखेंगे। पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त से मुलाकात के दौरान चोरों की अविलंब गिरफ्तारी, व्यवसायिक वर्ग के साथ- साथ प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बरवाडीह में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने सहित अन्य प्रमुख समस्याओं पर वार्ता की जायेगी।


बैठक में उपस्थित स्वर्णकार

### बरवाडीह स्वर्णकार संघ का हुआ गठन

बैठक में बरवाडीह स्वर्णकार संघ की कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिव शंकर सोनी को संघ का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष पंकज कु.सोनी, कोषाध्यक्ष पवन सोनी, उप कोषाध्यक्ष रितेश कु.सोनी, सचिव मनोज कु.सोनी, उप सचिव मनीष सोनी, महासचिव अमित सोनी और मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता दीपक राज को बनाया गया। इसके अलावा विक्रम सोनी, श्रवण सोनी, शशि कांत सोनी, प्रभु सोनी, राजीव सोनी उर्फ सुदामा, सौरभ सोनी और देव सोनी को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।

## वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम आठ से


बैठक करते समिति के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वार्षिकोत्सव धुमधाम से मनाया जायेगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित की गयी। मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी आठ फरवरी से प्रारंभ होगा। आठ फरवरी को कलश यात्रा निकाली जायेगी। नौ फरवरी को दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा। जबकि दस फरवरी को हवन व पूणार्हुति के बाद नौ कुंवारी कन्या का पूजन किया जायेगा। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। भंडारा 12 बजे से चार बजे तक चलेगा। जबकि दस फरवरी को ही रात्रि आठ बजे से माता के दरबार में भगवति जागरण का आयोजन किया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया और पूरी निष्ठा से कार्य कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गयी। बैठक में मंदिर का मासिक दान पात्र खोला गया। इसके अलावा मंदिर विकास निधि एवं वाहन पूजा सहयोग राशि की भी समीक्षा की गयी। देनदारियों का निपटारा किया गया। संरक्षक अभिनंदन प्रसाद ने तन मन व धन से सहयोग करने की अपील नगर वासियों से की। कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी आयोजन सफल नहीं हो पाता है। बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले में कमरों के सुंदरीकरण खर्च में सहयोग करने की सहमति देने वाले दानदाताओं से राशि उपलब्ध कराने आग्रह किया गया।

## एक नजर में

### चंदवा की मुखिया संगीता लकड़ा पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 तक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची दिल्ली

**चंदवा।** सोमवार को एक दिवसीय कार्यक्रम पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 कार्यक्रम में भाग लेने चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा दिल्ली गयी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित अनुसूचित जनजातियों की महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना तथा प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए उन्हें संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासनव्यवस्था के बारे में गहन जानकारी देना है। कार्यक्रम में लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह स्वागत भाषण देंगे। दूसरे सत्र में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यशाला के साथ कई सत्र होंगे। प्रतिभागियों को नए संसद भवन, संविधान सदन, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रपति भवन ले जाया जाएगा, ताकि उन्हें भारत की विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज की गहन जानकारी प्राप्त हो। इस कार्यक्रम में 22 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की अनुसूचित जनजातियों की 502 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित संवैधानिक प्रावधान, जिसमें 73वें संशोधन पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा अधिनियम) पर विशेष रूप से बल दिया जाएगा. पंचायत से संसद 2024 के क्रम में यह दूसरा कार्यक्रम पंचायत से पार्लियामेंट 2.0 है। इसका उद्देश्य, प्रगति को आगे बढ़ाना तथा विशेष रूप से ग्रामीण और जनजातीय समुदायों की महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को और सशक्त करना है।

### विवेकानंद चिल्ड्रेन पार्क के समीप तीन वर्ष से है जलमीनार खराब


खराब पड़ा जलमीनार

**लातेहार।** पांडेपुरा पंचायत अंतर्गत विवेकानंद चिल्ड्रेन पार्क के समीप बिते तीन साल से जलमीनार खराब है। ग्रामीणो ने बताया कि इसकी शिकायत हमलोगों ने संबंधित मुखिया व पंचायत सेवक से की थी लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। जिस कारण हम ग्रीमीणों को पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। यह जलमीनार हम ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति का मुख्य स्रोत था, खराब होने के कारण सैकड़ों परिवार पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। पानी की समस्या के कारण हम ग्रामीण झरिया डैम का पानी पिने को विवश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र इस समस्या का समाधान करने की अपील की है। यदि जल्द ही मीनार की मरम्मत नहीं की गई, तो हम लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ग्रामीणो ने संबंधित विभाग से जल मीनार को जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि मुझे मालूम नहीं है कि जलमीनार किस विभाग से बना है लेकिन मै जल्द ठीक करवा देता हुं।

### कुजरी चेक नाका के पास हाथी का दांत साबित हो रही है नल जल योजना



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में नल जल योजना का हाल किसी से छिपा नहीं। कुछ प्वाइंट को छोड दें तो लगभग नल जल योजना लूट की योजना बन कर रह गई है। चंदवा-बालूमाथ मार्ग किनारे सेरक की ओर जानेवाले पथ के किनारे स्थित नल जल योजना का जलमीनार शोभा की वस्तु बनी है। योजना से जुड़े शांता सिन्हा, ज्योति सिन्हा, आलोक कुमार, गुदून केशरी, रितेश, अनिल समेत अन्य ग्रामीण बताते हे। कि विभाग को कई बार सूचना दी गई। ठीक करने का आशवासन तो मिला मगर किसी तरह की पहल नहीं की गई। इस बाबत जेई सुनील कुमार ने बताया कि जानकारी लेकर जलमीनार को दुरूस्त करा दिया जाएगा।

### 5 साल की बच्ची गुमशुदा, प्रशासन से मदद की गुहार

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत चिरो गांव निवासी बसंती देवी की भतीजी खुशबू कुमारी सोमवार की दोपहर से गुमशुदा हो गयी है। बसंती देवी ने बताया कि खुशबू कुमारी के पिता त्रिदेव उरांव (बुढ़मू रांची) पूरे परिवार के साथ पतरातू में स्थित ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करते हैं। खुशबू चंदवा में मेरे साथ रहती है। बसंती देवी ने आगे बताया कि वह प्रतिदिन की तरह कामकाज के लिए चंदवा आयी थी व बच्ची घर में ही थी, काम के बाद जब दोपहर घर लौटी तो बच्ची घर में नहीं थी, काफी खोजबीन की पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बसंती देवी ने मामले में आवेदन देकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## दामोदर घाटी निगम तीसरे दिन भी 200 जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण


वृद्ध को कंबल देते उप महाप्रबंधक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान द्वारा डीही ग्राम पंचायत में लगभग 200 कम्बल का वितरण किया गया। डीवीसी नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) अंतर्गत जरूरतमंदों व असहायों के बीच लगातार तीसरे दिन भी कम्बल का वितरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ठंड के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करना है। मौके पर उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार, डीही मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया संदीप ओरांव, पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद उमर आलम, मोहमद अली, प्रबंधक (खनन) प्रतीक लामा, चिकित्सक डॉक्टर अरबिंद कुमार, सहायक प्रबंधक (सीएसआर)- संजीव कुमार, सिराज अहमद एवं अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अकीदत के साथ मनाया गया हजरत सैय्यद शाह अनीस अहमद कादरी का 82 वां उर्स

### जायरिनों ने चादरपोशी कर देश की खुशहाली की मांगी दुआयें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** दाउदनगर के पुरानी शहर में खानकाह आलिया कादरिया अब्दालिया सुलेमानिया रशीदिया के तत्वावधान में हजरत सैय्यद शाह अनीस अहमद कादरी का 82 वां उर्स रविवार को बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय समेत पोखरी कला, खुरा, कुचिला आदि पंचायतों से भी जायरीन मजार पर पहुंचे और चादरपोशी की। उर्स को लेकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने बताया कि इसे अनीसे बेकशां के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि सैय्यद शाह अनीस अहमद कादरी मजार पर सलाना उर्स प्रतिवर्ष मनाया जाता है। स्थानीय जायरीनों के अलावा देश भर के अन्य इलाकों से काफी संख्या में जायरीन पहुंचकर बाबा के मजार पर चादर पोशी करते हैं। फातया कर मन्नतें मांगते हैं। उर्स के दौरान सुबह फर्ज के वक्त मजार का गुस्ल किया गया। दोपहर मजार पर चादर व फूल चढ़ाए गए। शाम को दरगाह शरीफ में कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। जिसमें जायरीनों ने कुरान-ए-पाक की तिलावत की।

शाम को फातिहा के बाद तबर्रुक को तकसीम किया गया। दरगाह कमेटी के सदस्यों द्वारा लंगर को भी बांटा गया। जिसके बाद देश भर से आए मेहमानों की सोमवार को रवानगी की गई। इस मौके पर सैयद जया अहमद कादरी गद्दीनशी, जेएमएम नेता सह समाजसेवी डॉक्टर खान उर्फ अमीर, इस्तियाक अंसारी, इदरीश अंसारी, जयसमुद्दीन अंसारी, छोटू मिस्त्री, फायमुद्दीन अंसारी, मजहर अंसारी, इम्तियाज खान, शमीम मुन्ना सदर, आबिद हुसैन, शाहिद हुसैन, सफी अहमद, गुलाम एसके हार्डवेयर, परवेज आलम, फिरोज अहमद टिप टॉप, हामिद हुसैन, मौलाना खुश्तर साहब, मौलाना अब्दुल्ला साहब और मकबूल वैध समेत कई जायरीन पहुंचे थे।


चादरपोशी कर दुआएं मांगते जायरीन

## झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर पलामू किला के अस्तित्व पर छाये संकट के बादल

# आजादी, साहस व बलिदान के साक्ष्य के तौर पर पूरे विश्व में प्रख्यात है यह किला

- **आजाद भारत के नुमाइंदों व हुक्मरानों के रहमों करम का मोहताज होकर रहा गया है राजा मेदिनीराय का किला**

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** राजा रजवाड़ों का राज भले ही चला गया हो पर उनकी धरोहर आज भी अतीत की यादें ताजा की हुई है। सच तो यह है कि इन ऐतिहासिक धरोहरों की यादें आजाद भारत के नुमाइंदों व हुक्मरानों की रहमों करम की मोहताज हो गई है। हम बात कर रहें है बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय से महज 20 किमी की दूरी पर स्थित महाप्रतापी राजा मेदिनिराय के ऐतिहासिक किला की। जिसका इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। सन 1658 से 1674 ईस्वी के बीच चेरो वंश के राजा मेदीनीराय द्वारा यहां दो किला का निर्माण कराया गया था। जिसे नया और पुराना किला के नाम से जाना जाता है। यह किला आजादी, साहस, बलिदान और प्राचीन प्रतिमा के साक्ष्य के तौर पर पूरे विश्व में जाना जाता हैं। हालांकि, वर्तमान समय में इन दोनों किला की हालत काफी खस्ताहाल है, लेकिन आज भी यह क्षेत्र की शान और पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र है। बता दें कि इस किले पर कुल 14 चेरो राजाओं ने राज किया। पलामू पर चेरो राजवंश का 200 वर्ष तक शासन रहा, जिनके सबसे प्रतापी राजा मेदिनीराय हुए। इनके यादों को आज भी यहां के लोग समेटे हुए हैं।

### अबूझ पहेलियों और रहस्यों से भरा है पलामू किला


पलामू किला।

अफसोस है कि इन दोनों शाही किला के अवशेष इमारत के साथ ही खंडहर में तब्दील होने के कगार पर हैं। तमाम ऐतिहासिकताओं को समेटे ये धरोहर समय चक्र की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। यह आलीशान इमारतें काफी रहस्य खोलने का माद्दा रखते हैं जो कई अबूझ पहेलियों के साथ ही रहस्यों को दबाए पड़ी हैं। यह किला न जाने कितनी कहानियों का गवाह है। किले के अंदर अनेकों खंडहर है, जो किले की प्राचीनता को दशार्ते है। चेरो राजा का एक किला पलामू के शाहपुर में भी स्थित है। बताया जाता है कि उक्त किले से सुरंग के रूप में एक गुप्त मार्ग पलामू किला तक जाता था। उस किले में चेरो वंश के अंतिम शासक और उनकी पत्नी चंद्रावती देवी की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां से निकले सुरंग कई किमी के दायरे में होने की बात ग्रामीण बताते हैं।

#### जमींदोज होने के कगार पर है ऐतिहासिक धरोहर

आज पलामू किला के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे है। यह ऐतिहासिक धरोहर अब जमींदोज होने के कगार पर है। किले का 75% से अधिक हिस्सा खंडहर के रूप में तब्दील हो गया है, और इसकी दीवारें लगातार टूट टूट कर गिरती रहती है। झारखण्ड सरकार किले के जीर्णोद्वार की दिशा में अब तक कोई सार्थक पहल नहीं कर सकी है। चेरो विधायक रामचंद्र सिंह ने इस किले के जीर्णोद्वार कराने को लेकर कई बार सदन में आवाज बुलन्द कर चुके है। कई वर्ष पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से किले का जीर्णोद्वार का कार्य शुरू कराया गया था। लेकिन वन विभाग की ओर से एनओसी नहीं मिलने से यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ गया। विधायक किले के जीर्णोद्वार को लेकर तब से आज तक लगातार प्रयासरत है।

### जबरा आंगनबाड़ी केंद्र मे सेविका का चुनाव आठ को

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर मे कल आठ जनवरी बुधवार को सेविका का चुनाव किया जाना है। कार्यालय बाल विकास परियोजना पदाधिकार, बालूमाथ ज्ञापांक 453 27.12.2024 द्वारा बताया गया की अपरिहार्य कारणवश दिनांक 27 दिसंबर 2024 को जबरा आंगनबाड़ी केन्द्र में सेविका चयन से सम्बंधित आयोजित आम सभा रद्द की गई थी। आम सभा की अगली तिथि 8 को पूर्वाहन 11.30 बजे यथावत होगी। जिसमे सम्बंधित महिला पर्यवेक्षिका, सम्बंधित मुखिया, बारियातु को सूचनार्थ एवं आव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बारियातु, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बारियातु को सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अपने स्तर से सम्बंधित एएनएम को प्रतिनियुक्त करने सहित थाना प्रभारी बारियातू को अपने स्तर से सम्बंधित पुलिस बल को प्रतिनियुक्त करने व प्रखंड विकास पदाधिकारी एंव अंचलाधिकारी बारियातू प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लातेहार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, उपविकास आयुक्त लातेहार उपायुक्त लातेहार को सादर सूचनार्थ समर्पित की गई ।

स्पीड न्यूज

## दो ट्रकों में हुई भीषण टक्कर ड्राइवर घायल

**बेरमो।** डुमरी के एन एच 19 रांगामाटी के समीप दो ट्रकों के बीच में हुई भीषण टक्कर। जिसमें एक ट्रक ड्राइवर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने वाहन को जप्त कर थाने ले आई है। जबकि घटना में लगभग आधे घंटे तक हाईवे जाम रहा।

## गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गयी

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल हरप्रीत सिंह प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय एवं विद्यालय के आचार्य बंधु भागने ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की बच्चों ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन के बारे में जानकारी दी।

## सेक्टर 4जी में निशांत कुमार उरांव ने लगा ली फांसी

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 4जी के आवास संख्या 4111 में गुमला जिला निवासी लगभग 42 वर्षीय निशांत कुमार उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लगता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## उत्पाद विभाग ने की छापेमारी

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने जरीडीह थाना क्षेत्र के तुपकाडीह में सुरेंद्र अग्रवाल के मकान में छापामारी किया। मकान से टीम ने 02 जार में भरा हुआ 40 लीटर स्पिरिट एवं मकान के पीछे बने कमरे एवं कमरे के तहखाना से शराब बनाने की सामग्री जैसे विभिन्न ब्रांड के स्टीकर खाली बोतल विभिन्न ब्रांड के ढक्कन एवं झारखंड सरकार के नकली लोगो एवं 20 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त किया।

## छीनतई का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** छीनतई के आरोप में जिले के मुफस्सिल थाना पुलिस एक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी अनुप यादव उर्फ विशाल यादव है। जानकारी के अनुसार पुलिस नगर थाना क्षेत्र के शिवमंदिर, हिजला रोड़ निवासी आलोक कुमार पाल के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। लिखित शिकायत में आवेदक आलोक कुमार पाल ने बताया कि 05 जनवरी को रिंग रोड़ रामपुर में आरोपी रोक मोबाईल और पॉकेट से 7500 रुपए निकाल लिया। उसके बाद धमकी देते हुए पे-फोन के यूपीआई नंबर की जबरन जानकारी लेकर 3500 रुपए ट्रांसफर्र कर लिया। मामले में पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ वारंट भी निर्गत था।

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, गया जेल

**बासुकीनाथ।** जरमुंडी से सटे आस-पास के इलाके में साइबर अपराधियों द्वारा ठगी का काम किया जा रहा है। इन कथित अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल के नेतृत्व में जरमुंडी पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। दो साइबर अपराधी को पुलिस ने जाल बिछाकर गिरफ्तार करने में कामयाब रहे। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस ने दो मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों साइबर ठग थाना क्षेत्र के खरबा गांव निवासी सिंटू मंडल एवं चोरखेदा गांव निवासी अमन कुमार है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दी है।

# डीसी ने चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास आइटीआइ मोड़ स्थित अमृत पार्क में विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों वरीय पदाधिकारियों-प्रभारी पदाधिकारियों तथा कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने कार्यों का निर्वहन पूरी तत्परता से किया है जिसके कारण हम चुनाव को सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने में सफल हुए हैं। उन्होंने निर्वाचन के प्री पोस्ट दायित्वों के निष्पादन में लगे सभी अधिकारी-कर्मियों के परिवारिक सदस्यों को भी धन्यवाद दिया। मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने कहा कि चुनाव को आरामदायक एवं इंफार्मेटिक बनाने में जिला प्रशासन का अहम योगदान रहा है। उन्होंने एक वर्ष में दो महापर्व-लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के दाग रहित आयोजन को लेकर उपायुक्त एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। मौके पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने कहा कि सभी के सहयोग से ही विधानसभा आम चुनाव 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराया जा सका है। मौके पर उपस्थित सिटी डीएसपी आलोक रंजन/बेरमो एसडीपीओ वीएन सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी पुलिस पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया है। मौके पर विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं उनकी टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर कई पदाधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान हुए अपने अनुभव को साझा किया।

### चुनावी ड्यूटी के सफल संपादन हेतु पदाधिकारियों को मिला प्रशस्ति पत्र



चुनाव 2024 के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों हेतु आयोजित सम्मान समारोह में डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी बेरमो के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ मुकेश मछुआ बोकारो विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता एवं सभी विधान सभा क्षेत्रों के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ /सीओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं एमसीएमसी-विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार वाहन एवं पोस्टल बैलेट कोषांग के नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मो शफीक आलम/पीयूष प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा/अतुल कुमार चौबे स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी डा सुमन गुप्ता/शक्ति कुमार मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा/ पंकज दूबे जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार समेत अन्य कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं उनके टीम के सदस्यों के अलावा स्वीप गतिविधि में सहोयग करने के लिए विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संप्रेक्षण गृह निरीक्षण कर प्रधान जज ने दिए कई आवश्यक निर्देश

### केक काट किशोरों का जन्मदिन मना बांटी कलम-कॉपी, किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंद्रयावी ने सोमवार को संप्रेक्षण गृह, हिजला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कर प्रधान जज ने गृह की विधि व्यवस्था, कार्यालय, किशोरों के पुस्तकालय, आवासन कक्ष, व्यावसायिक कक्ष, भोजनालय, शौचालय, क्रीड़ा स्थल, पीने योग्य शुद्ध पेय जल, बिजली आदि का जायया लिया। निरीक्षण कर जिला जज ने जिला



केक काट जन्मदिन मनाते एवं पौधरोपण करते प्रधान जज

समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-अधीक्षक, संप्रेक्षण गृह अंजू कुमारी को निर्देश दिया कि झालसा, रांची के द्वारा उपलब्ध कराए गए मानक संचालन प्रक्रिया एवं मार्गदर्शिका की नियम का अक्षरशः अनुपालन कराया जाये। इस अवसर पर जनवरी माह में जन्म लेने वाले किशोर का केक काटकर जन्मदिवस मनाते हुए किशोरों के बीच कॉपी, कलम, बिस्किट चॉकलेटें उपहार स्वरूप भेंट कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कीचन, गार्डन, शौचालय, भोजन एवं साफ सफाई की प्रशंसा करते हुए पर्यावरण की शुद्धता के लिए गृह परिसर में फलदार पोधरोपण कर परिसर की साफ सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया।

# आजाद सिपाही के बोकारो प्रभारी दीपेंद्र प्रभंजन का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** आजाद सिपाही अखबार के बोकारो प्रभारी दीपेंद्र प्रभंजन अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका आज 4:15 बजे बीजीएच अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। दीपेंद्र प्रभंजन अपने सरल स्वभाव और पत्रकारिता में बेहतरीन योगदान के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। साथी पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है । ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति और परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

# सोशल मीडिया लाइव इलेवन के संपादक पर हमला, बाल बाल बचे



खबर मन्त्र संवाददाता

### संपादक ने थाना में आवेदन देकर लगायी सुरक्षा की गुहार

**बेरमो।** बोकारो जिला के पेटरवार प्रखंड के अंतर्गत खेतको में जिला योजना (डीएमएफटी) मद से कार्य करा रहे सोशल मीडिया लाइव इलेवन के सम्पादक एवं कार्य के संवेदक शमशेर आलम पर 5 जनवरी को असमाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। हमले में वें बाल-बाल बच गये। इस घटना के बाद आलम द्वारा पेटरवार थाना में तहरीर दी गई है। सामाचार प्रेषण तक पुलिस द्वारा जांच के बाद कार्रवाई की बात कही गई है। पुलिस को दिये आवेदन में आलम ने कहा है कि वे अपने गृह गांव खेतको में डीएमएफटी मद से नाली तथा सड़क निर्माण का कार्य करवा रहे थे। इस दौरान खेतको निवासी मनव्वर अंसारी तथा हसन अंसारी अपने पिता के साथ आकर अचानक काम रोकवा दिया तथा 50 हजार बतौर रांदारी की मांग की। नहीं देने पर अंजाम भुगतने व मशीन को जला देने की धमकी दी। उनके द्वारा विरोध करने व पुलिस में शिकायत करने की बात पर वह उल्टा भड़क गए और कहा कि तुमको जहाँ जाना है जाओ, बिना रंगदरी काम नहीं करने देंगे। साथ ही आरोपियों ने शमशेर आलम पर बेलचा से जानलेवा हमला कर दिया। किसी तरह आलम ने अपनी जान बचाई और पेटरवार थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दी है।

### आरसीएमयू का प्रतिनिधि मंडल यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो विधायक से मिला

# श्रमिक समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा, कहा श्रमिक हितों की रक्षा होगी : अनूप

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधि मंडल यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह से रांची स्थित विधायक आवास पर मिलकर नव वर्ष की शुभकामना दी। साथ ही श्रमिक समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल में शामिल यूनियन के पदाधिकारी को विधायक ने भरोसा दिलाया श्रमिक हितों की रक्षा होगी। श्रमिक समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता है। यूनियन के पदाधिकारी मजदूरों के सुख-दुख में सहभागी बने मजदूरों का विश्वास जीतने में निष्ठा के साथ काम करें मैं पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। श्रमिक समस्याओं की सूची तैयार कर हर स्तर पर प्रबंधन को सौंप आवश्यकता अनुसार मैं अपनी उपस्थिति को सुनिश्चित करूंगा मजदूर मेरे लिए सर्वोपरि है और उनकी भावना का ख्याल मुझे रखना है। श्रमिकों के वेलफेयर के साथ कभी कोई समझौता नहीं करूंगा जल्द ही क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक श्रमिकों के समस्याओं के निराकरण को लेकर संगठन अपना कार्य करेगा। लंबित समस्याएं प्रबंधन समय सीमा के अंदर समाधान करें अन्यथा यूनियन आंदोलन से भी पीछे नहीं रहेगा। श्रमिक जहां मेहनत कर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं वहीं प्रबंधन द्वारा उनके मौलिक सुविधाओं से वंचित रखना अन्याय पूर्ण है। अकारण मुख्यालय प्रबंधन दर्जनों मामले को लंबित रखा है इस विषय पर सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक तथा निदेशक कार्मिक से निराकरण हेतु पत्र प्रेषित कर समय सीमा के तहत निपटारा किया जाने का कार्य किया जाएगा। श्रमिकों के मामले को समय सीमा के अंदर निपटारा किया जाना चाहिए प्रबंधन की कथनी और करनी में काफी अंतर है। प्रबंधन द्वारा लिए गए निर्णय पर भी गंभीर नहीं होना चिंता का विषय है। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन मजदूरों का विश्वसनीय संगठन है और उसे बनाए रखना यूनियन के पदाधिकारी का कर्तव्य है। सीसीएल के हर क्षेत्र का दौरा कर संगठन के मजबूती के लिए कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनियन के रीजनल उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह रीजनल संगठन सचिव वेदव्यास चौबे क्षेत्रीय सहायक सचिव विजय यादव सुजीत मिश्रा तुलसी राय अजय यादव आनंद मांझी सहित अन्य शामिल थे।

### समय के साथ झिरकी बनता जा रहा है झरिया, महज 20 मिटर की दुरी पर धधक रहा है जमीन

# बड़ी आशंकाओं से इंकार नही, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के कथारा कोलियरी के तीन नंबर क्वारी से महज चंद मिटर की दुरी पर जमीन आग के गोले मे तब्दील होता जा रहा है और यह आग लगातार पुरी गति से झिरकी गांव की ओर अग्रसर है। लोगों की माने तो खदान की इस आगलगी स्थल से अब झिरकी मात्र 20 मिटर शेष बच गया है। अगर सीसीएल प्रबंधन का रवैया यही रह तो एक ना एक दिन यह पुरे गांव को ही निगल जायेगा। अब सवाल उठता है कि क्या सीसीएल कथारा प्रबंधन झिरकी गांव को झरिया बनाने पर आमादा है। बताता चलूं की यह कोई आज या साल दो साल का मसला नही है बल्कि यह मामला दशको पुराना बताया जाता है। सीसीएल कथारा कोलियरी के तीन नंबर खदान में भूमिगत आग लगे कई दशक हो गये और ग्रामीणों का विरोध भी अनगिनत बार हो गए मगर हर बार सीसीएल वार्ता के दौरान ग्रामीणों को समझा बुझा कर नये तकनीक से आग बुझाने का दावा कर मामले को टालने मे सफल हो जाता है मगर इस आग के धुएं के रुप में जो जहरीला गैस ग्रामीणों को सौगात के रुप में मिल रहा है उससे अधिकांश ग्रामीण प्रभावित नजर आ रहे हैं। ऐसा नहीं कि इस गांव में नेताओं की कोई कमी है एक ढुंढो हजार मिलेगे मगर सभी को सीसीएल प्रबंधन किसी ना किसी तरह का प्रलोभन देकर अपने पक्ष में कर रखा है जिस कारण ग्रामीणों का हर विरोध प्रदर्शन का असर सीसीएल प्रबंधन पर कोई असर नहीं दिखा पाता। यह बात थोड़ी कड़वी है पर सौ फिसदी सत्य है। ज्ञात हो कि यह गांव बोकारो के पुर्व कांग्रेसी विधायक स्व इजराइल अंसारी का गांव है। वे जब सक्रिय थे तो सीसीएल प्रबंधन इस तरह की अत्याचार कभी भी करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई मगर उनके निधन के बाद मानों सीसीएल प्रबंधन बेलगाम हो गया है। हालांकि श्री अंसारी के निधन के बाद उनका पुत्र इसराफिल अंसारी उर्फ बबनी ने उत्तराधिकारी की भूमिका में अभी तक नजर आ रहे हैं मगर उनका सीसीएल पर कोई दबाव नहीं दिखता इसके क्या कारण है कहना मुश्किल है। इस मामले को लेकर गोमिया विधानसभा के पुर्व और वर्तमान विधायक द्वारा भी उठाया गया मगर मामले में कोई सुधार होता आज तक नहीं दिखा है। अब तो झिरकी गांव के ग्रामीण इतने निराश व हताश दिख रहे हैं कि इस मामले पर कोई बात करना भी पसंद नहीं करते। कुल मिलाकर अगर कहा जाए तो सीसीएल कि ऐसी मंशा प्रतित होता है कि इस गांव वासियों को इस आग से इतना अधिक प्रभावित किया जाये कि वे स्वयं विस्थापित होकर अनियंत्र चला जाये और फिर आसानी से कथारा कोलियरी के विस्तारीकरण का काम हो सके। अब देखना बाकि होगा कि झिरकी गांव के तारणहार के रुप में कौन सामने आता है जो ग्रामीणों को इस जानलेवा समस्या से निजात दिलाता है।

## खबर एक नजर में

### बेरमो से युवाओ की जत्था मां वैष्णो देवी और खाटू श्याम के लिए रवाना

**बेरमो।** बेरमो के गांधीनगर दुर्गा मंदिर से सोमवार को मां वैष्णो देवी और खाटू श्याम बाबा के लिए जत्था रवाना हुआ। इस अवसर पर उपस्थित चंदन केसरी,सुनील कुमार महतो, अखिलेश श्रीवास्तव और दीपक कुमार ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी हमलोग माता वैष्णो देवी और खाटू श्याम बाबा का दर्शन करने जाते है।

### कोल फिल्ड मजदूर यूनियन बीएंडके की कमेटी गठित

**बेरमो।** कोल फिल्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री रघुनन्दन राघवन की उपस्थिति मे बीएंडके क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक करगली बाजार स्थित यूनियन कार्यालय में किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से कोल फिल्ड मजदूर यूनियन बीएंडके की कमेटी का पुनर्गठन किया गया।

### एसएस हाई स्कूल कसमार के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह सह वनभोज संपन्न

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड की दुर्गा पहाड़ी में कसमार स्थित एसएस हाई स्कूल के 1992 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों का वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों ने एक दूसरे से मिलकर बचपन की यादें ताजा की। पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने बैच के सात दिवंगत मित्रों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 8 जनवरी को

**बेरमो।** राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई एंव कथारा ओपी के संयुक्त तत्वावधान में 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी के अवसर पर आगामी 8 जनवरी को सुबह 11:30 बजे बुधवार को कथारा चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता चलाया जायेगा। उपरोक्त जानकारी केबी कॉलेज के मिडिया प्रभारी सह एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर प्रभाकर सर द्वारा दिया गया।

### लाइंस क्लब बोकारो थर्मल का 35वां नाइट चार्टर कार्यक्रम नेहा मैरेज हॉल में संपन्न

**बेरमो।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला गवर्नर लायन सीमा बाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर व एक मिनट का मौन धारण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में कैबिनेट सेक्रेटरी लायन शुभम वाजपेई ने दो नए लोगों खिरोधर महतो व रत्नेश शर्मा को लायंस की सदस्यता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लायन सीमा बाजपेई ने कहा कि लायंस क्लब हमेशा से सेवा भावना को आगे रखकर अपनी पहचान विश्व में बनाई है।

### समाजसेवी ने गांव वालों के लिए स्थापित किया आरओ प्लांट

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अन्तर्गत बेरमो प्रखंड के बरवाबेड़ा के निवासी सह समाजसेवी हाजी सिराज अंसारी द्वारा अपने गांव वासियों के लिये (आरओ) वॉटर सर्विस प्लांट की स्थापना किया। इस आरओ वाटर फिल्टर प्लांट का उद्घाटन गांव के मानिंद सकसियत हाजी कुर्बान अंसारी हाजी आबिद हुसैन, तथा गांव के इमाम साहब मौलाना मुस्ताक साहब, मो. जहिर ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया।

### नकली व अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा

**बेरमो।** बोकारो डीसी विजया जाधव के रेस होते ही जिले में अवैध और नकली शराब के कारोबार का भंडाफोड़ होने लगा है। हर दिन अलग-अलग इलाके में छापेमारी की जा रही है। डीसी विजया जाधव के निर्देश पर सोमवार को बोकारो उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त और उत्पाद इंस्पेक्टर की देखरेख में टीम ने रेड मारी। टीम ने जरीडीह थाना क्षेत्र के तुपकीडीह इलाके में सुरेंद्र अग्रवाल के मकान में धावा बोला।उस ठिकाने से टीम ने 02 जार में भरे करीब 40 लीटर स्पिरिट बरामद किया। वहीं, मकान के पीछे बने कमरे में झांका तो टीम दंग रह गयी।

### छठ घाट मार्ग के निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से शिलान्यास

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट पंचायत मुखिया नीलम श्रीवास्तव एवं पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार पांडेय द्वारा छठ घाट सड़क का निर्माण कार्य पूजा अर्चना नारियल फोड़ कर प्रारंभ कराया। लगभग 45 लाख की लागत से सड़क का निर्माण होना है। छठ घाट में आने जाने वाले छठ वर्ती एवं श्रद्धालुओं को जर्जर सड़क होने के कारण काफी कठिनाई होती थी। 25सौ फिट सड़क एवं तीन सौ फिट गार्डवाल का निर्माण होना है। पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो के द्वारा चुनाव के पूर्व सड़क का शिलान्यास किया गया था।

### ई कॉमर्स एजेंसी इंस्टाकार्ट कार्यालय में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**दुमका।** पुलिस की लाख सतर्कता के बाबजूद दुमका शहर में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। एक घटना का उद्भेदन होने से पूर्व ही चोर द्वारा दूसरी घटना को अंजाम दे दिया जाता है। इस बार चोरों ने रविवार की रात दुधानी स्थित महिंद्रा शोरूम के सामने ई कॉमर्स एजेंसी इंस्टाकार्ट कार्यालय को निशाना बनाया। नगर थाना क्षेत्र के दुधानी स्थित इंस्टाकार्ट के गोदाम सह कार्यालय में देर रात अज्ञात चोरों ने लाखों के सामानों के साथ-साथ नगदी रुपए की चोरी कर ली है। अपराधियों ने गोदाम में लगे कैश लॉकर को उखाड़ लिया और उसमें रखे सभी नगदी रुपए की चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह तब लगी,जब गोदाम खोलने के लिए इंस्टाकार्ट के कर्मी पहुंचे। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि सीनियर एजीक्यूटिव अनुजा के बयान पर तीन अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ी एकता मंच और छत्तीसगढ़ी विकास मंच की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**बेरमो /कथारा।** सोमवार को छत्तीसगढ़ी एकता मंच एवं छत्तीसगढ़ी विकास मंच का सामूहिक रूप से जारंगडीह बानसो मंदिर में एक बैठक सह वनभोज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों मंचों का पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### एयर फोर्स में अग्निवीर वायु पदों की भर्ती हेतु अधिसूचना जारी

**बोकारो।** भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायुसेना ने अग्निवीर वायु पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। इच्छुक उम्मीदवार 07 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 की रात 11 बजे तक भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं।

# श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व पर

## लख-लख बधाइयां





**सरदार कमलजीत सिंह**
गुलशन ऑटो
विकास मार्केट
धनबाद



**सरदार सरबजीत सिंह राजपाल**
के एस ऑटो, विकास मार्केट
धनबाद



**सरदार मनोरंजन सिंह**
जनता सायकिल, नियर रे टॉकीज
धनबाद



**सरदार शान सिंह**
सास बहु, पुराना बाजार
धनबाद



**सरदार हरजीत सिंह नंदा**
नंदा इंडस्ट्रीज, धनबाद



**सरदार जोगेंद्र सिंह**
जनता वस्त्रालय, रे टॉकीज, धनबाद



**सरदार हरदीप सिंह दुआ**
डाक्टर लेन, गिरिडीह